CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 9 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 238 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 16 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु शुक्ला पेज 2



अनन्या व दिव्यांशी ने अंडर-15 युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता खेल टाइम्स



रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना! सम्पादकीय



गाजा में इजरायली सेना का हमला 50 लोगों की मौत पेज 12

# नेताओं को मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नेताओं को मोटी चमड़ी का होना चाहिए।

राजनीतिक लड़ाइयों के लिए सुप्रीम कोर्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने ये टिप्पणी भाजपा नेता द्वारा तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के खिलाफ लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान कही। 2024 लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सीएम रेड्डी ने कहा था कि अगर बीजेपी 400 सीट जीती, तो आरक्षण समाप्त कर देगी। तेलंगाना भाजपा के महासचिव वेंकटेश्वरलू ने दावा किया था कि इससे पार्टी को नुकसान हुआ और उसने रेड्डी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की गई थी। तेलंगाना हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन, अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने भी याचिका खारिज कर दी।

■ मुख्यमंत्री रेड्डी के खिलाफ भाजपा की याचिका खारिज

### ऑनलाइन गेमिंग की अगली चाल अब सुप्रीम कोर्ट पर निर्भर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर केंद्र की एक बड़ी मांग मान ली है। जिसके बाद अब ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर देश के अलग-अलग उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी। केंद्र ने इस अधिनियम को लेकर हाईकोर्ट्स में लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



### आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र, नागरिकता के लिए नहीं

**नई दिल्ली।** बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें।

# योगी ने पंजाब समेत 3 राज्यों को राहत सामग्री भेजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाई

**लखनऊ/सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड के आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उप्र सरकार की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को पांच-पांच करोड़ की धनराशि भेजी।

योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के आह्वान के साथ खड़ी है, उत्तर प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों और किसानों को भी तत्काल सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को 12 घंटे के शोर्ट नोटिस पर सहारनपुर पहुंचे और उन्होंने यहां जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री के वाहनों को बाढ़ एवं आपदा -शेष पृष्ठ दो पर

### एएमयू की पहली महिला कुलपति नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखने का सोमवार को फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली प्रोफेसर मुजफ्फर उरुज रब्बानी और प्रोफेसर फैजान मुस्तफा की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि कुलपति पद के लिए नामों चुनाव करने कार्यकारिणी परिषद में तत्कालीन एएमयू कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज़ की अध्यक्षता और भागीदारी अनुचित थी।

### प्रख्यात पत्रकार व संपादक संकर्षण ठाकुर नहीं रहे

**नई दिल्ली।** प्रख्यात पत्रकार और संपादक संकर्षण ठाकुर का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर 'द ब्रदर्स बिहारी' के नाम से पुस्तक लिखने वाले दिवंगत ठाकुर अपनी तीक्ष्ण राजनीतिक अंतर्दृष्टि और विचारोत्तेजक लेखन के लिए जाने जाने जाते थे। उन्होंने 'द टेलीग्राफ' में राष्ट्रीय मामलों के संपादक के रूप में कार्य किया और 2023 में इसके संपादक नियुक्त किए गए।

### एनआईए ने पांच राज्यों के 22 स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर और अन्य पांच राज्यों में आतंकवाद के वित्तपोषण मामले की चल रही जांच के तहत छापेमारी की है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। एनआईए ने कहा कि पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 22 ठिकानों पर तलाशी चल रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में आठ, जम्मू कश्मीर में नौ, उत्तर प्रदेश में दो और कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक ठिकाने पर छापेमारी चल रही है।

### भारत बनाएगा अमेरिका- रूस व इजरायल जैसी स्पेशल फोर्स

**नई दिल्ली।** सैन्य बलों की एलीट कमांडो फोर्स का संयुक्त युद्ध सिद्धांत बनाया गया है। यह साझा दस्तावेज सेना की स्पेशल फोर्स, वायुसेना की गरुड़ कमांडो फोर्स और नौसेना के मार्कोस कमांडो के लिए बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस कवायद में तीनों सेनाओं की एलीट फोर्स की तैयारी का हर पहलू स्पष्ट किया गया है। अगर किसी देश या उसकी शह में पलने वाले आतंकी, भारत विरोधी कार्रवाई करते हैं, तो उनके खिलाफ क्या होगा?

# नेपाल में लोकतंत्र धराशायी

## हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सेना ने की फायरिंग, 20 की मौत

**काठमांडू, पोखरा सहित कई शहरों में कर्फ्यू**

**सोशल मीडिया फिर शुरू, बैन-भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा सुबह संसद में घुसे थे, सेना की फायरिंग में करीब 200 लोग घायल भी हुए**

**संसद, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम आवास के पास के इलाकों में भी कर्फ्यू, तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी**




**काठमांडू।** नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया फिर से शुरू कर दिया गया। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गए। इस प्रदर्शन की अगुआई 18 से 30 साल के युवाओं ने की।

सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं। सोमवार को नेपाल के संसद भवन के बाहर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। नेपाल सरकार ने 3 सितम्बर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितम्बर को खत्म हो गई। युवाओं ने अन्य लोगों से भी आंदोलन में जुड़ने की अपील की है। इसके लिए क्यूआर कोड वाले बैनर भी बनाए गए हैं। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। बढ़ते विरोध प्रदर्शन के बीच नेपाल ने भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गए हैं और प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। नेपाल में जारी विरोध प्रदर्शनों में अब तक मरने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हैं। कई जगह पर प्रदर्शनकारियों ने सेना पर पथराव किया है। नेपाल में सोशल मीडिया फिर से शुरू हो गया है। नेपाल में दोपहर 3:15 बजे के बाद बिना वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया -शेष पृष्ठ दो पर

### उप्र के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ी

पड़ोसी देश नेपाल में शुरू हुए युवाओं के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों की सीमा नेपाल सीमा से लगती है, जहां सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस सुरक्षा निगरानी करती है। बलरामपुर जिले में नेपाल में चल रहे आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उधर से आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

## लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य व राज्यसभा के 239 मौजूदा सदस्य ही डाल सकेंगे वोट



■ किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य हिस्सा लेंगे। मंगलवार को शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है।

आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। इस चुनाव में लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य और राज्य सभा के 239 मौजूदा सदस्य ही वोट कर सकेंगे। इस तरह निर्वाचन मंडल में इस समय 781 सदस्य हैं और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी। मतदान नए संसद भवन में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा और मतों की गिनती शाम छह बजे से होगी।

### बीआरएस व बीजू जनता दल उपराष्ट्रपति चुनाव के मतदान में हिस्सा नहीं लेंगी

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान में हिस्सा नहीं लेगी। बीआरएस सांसद केआर सुरेश रेड्डी ने कहा कि बीआरएस ने मतदान में हिस्सा लेने और नहीं लेने को लेकर सभी विकल्पों पर विचार करने के बाद निर्णय लिया है कि पार्टी के सांसद मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उधर बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान में हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया है। बीजद सांसद सस्मित पात्रा ने यहां पत्रकारों से कहा कि बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

## हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर लैंडस्लाइड, लोहे का ढांचा क्षतिग्रस्त

■ पंजाब में 296.4 एमएम ज्यादा बारिश, हिमाचल में 824 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर सोमवार सुबह काली मंदिर के पास लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर ट्रैक पर बने लोहे के स्ट्रक्चर पर गिरे। इसके कारण स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त हो गया। मलबा ट्रैक पर आ गिरा। अब रूट बाधित है। कई ट्रेनों को रोक गया है। ट्रैक से मलबा हटाया जा रहा है।

इधर, राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। नदी-नाले ओवरफ्लो होने से सोमवार को 8 जिलों, उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में स्कूल बंद हैं। पंजाब के 23 जिलों के करीब 2 हजार गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनकी 3 लाख 84 हजार की आबादी प्रभावित है। 12 जिलों के 46 लोगों की बाढ़-बारिश में जान गई। 12 दिन बाद आज राज्य के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज खुले हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़े हैं।

### कुलगाम में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर एक जवान बलिदान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन अब भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है।

# मेहुल चोकसी को जेल में मिलेंगी सभी जरूरी सुविधाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गृह मंत्रालय ने दिया भारत की ओर से बेल्जियम सरकार को मानवीय व्यवहार का आश्वासन

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में वांछित भगोड़े आरोपी मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण की कवायद के बीच गृह मंत्रालय ने उसके साथ जेल में मानवीय व्यवहार का आश्वासन दिया है और बेल्जियम सरकार को जेल की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस संबंध में व्यक्त की गई सभी चिंताओं का जवाब दिया है।

हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी सात वर्ष पहले देश से फरार हो गया था लेकिन इससे एक वर्ष पहले ही उसने 2017 में ही एंटीगुआ-बारबूडा की नागरिकता ले ली थी। चोकसी खराब सेहत का हवाला देकर भारत में पेशी पर आने से इन्कार करता रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान उसकी कभी-कभार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ही पेशी हो सकी है। इस मामले में सरकार ने उसकी कई संपत्तियां भी जब्त की हैं। चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। चोकसी के साथ उसका भतीजा नीरव मोदी भी इस मामले में आरोपी है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने बेल्जियम के न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि यदि मेहुअल चोकसी का भारत प्रत्यर्पण किया जाता है, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड़ जेल में रखे जाने की योजना है। इस जेल में उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा और वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गृह मंत्रालय की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि चोकसी को कानूनी सहायता भी दी जाएगी। पत्र में बताया गया है कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। इस बैरक में छह लोगों के रहने की क्षमता है और सोने के लिए साफ, कॉटन की मोटी चटाई (गद्दा), तकिया, चादर और कंबल शामिल हैं। उसे पीने का साफ पानी और मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। जरूरत पड़ने पर डाक्टरों की सलाह अथवा न्यायालय के आदेश पर उसे लकड़ी का बेड भी उपलब्ध कराया जा सकता है। चोकसी के वकील ने इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताते हुए और चोकसी के खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनके प्रत्यर्पण का विरोध किया है। चोकसी की पत्नी बेल्जियम की नागरिक हैं और उसने अपनी पत्नी की मदद से 15 नवम्बर 2023 को बेल्जियम का 'एफ रेजिडेंसी कार्ड' ले लिया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि यह कार्ड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिया गया था। उसने अपनी भारतीय और एंटीगुआ की नागरिकता के बारे में भी बेल्जियम के अधिकारियों से जानकारी साझा नहीं की थी। चोकसी मई 2021 में एंटीगुआ से पड़ोसी देश डोमिनिका पहुंच गया था। वहां उसकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही केन्द्रीय जांच ब्यूरो की टीम उसके प्रत्यर्पण के लिए डोमिनिका पहुंच गई, लेकिन इसके पहले ही उसे एक बार फिर एंटीगुआ के हवाले कर दिया गया।

# ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर सोनिया गांधी ने जताया विरोध

■ कहा: आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट के फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा।

श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में एक लेख के जरिये केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है कि इस मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है। श्रीमती गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर गंभीर सवाल उठाए हुए लिखा कि इस प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने लिखा कि पिछले 11 वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किए गए हैं। इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है -ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हजरतबल में राष्ट्रीय प्रतीक के दुरुपयोग पर जांच की मांग की

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां हजरत बल दरगाह की उद्घाटन पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक के इस्तेमाल को कानून का गंभीर उल्लंघन बताते हुए इसके दुरुपयोग की जांच की मांग की है। नेशनल कांफ्रेंस प्रवक्ता एवं विधायक तनवीर सादिक ने पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुला की 43वीं पुण्यतिथि के मौके पर यहां संवाददाताओं से कहा कि हमने पहले ही हजरतबल में हुए हिसा की आलोचना की है। हिंसा किसी भी सवाल का जवाब नहीं हो सकता, मुद्दों को बातचित से सुलझाया जा सकता है। उन्होंने इस विवाद में पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी और लोगों को हिरासत में लिए जाने को गलत कदम बताते हुए अधिकारियों से आग्रह किया कि मामले को बल प्रयोग के बजाय संवे. दनशीलता के साथ संभाला जाना चाहिए।

### भाजपा सांसद की बहन से मारपीट ससुरालीजन गिरफ्तार

**कासगंज।** फर्रुखाबाद के भारतीय जनता पार्टी सांसद मुक. श राजपूत की बहन के साथ कासगंज मे मारपीट करने वाले उसके ससुर लक्ष्मण और देवर राजेश को सहावर थाना पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य देवर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। राजपूत की बहन रीना के साथ उसके ससुर लक्ष्मण व देवर राजेश व गिरीश का लाठी डंडों से पीटते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़ित बहू ने नहाते वक्त ससुर लक्ष्मण और देवर गिरीश पर वीडियो बनाने का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर मारपीट कर गई थी। पीड़ित का विवाह 17 वर्ष पूर्व सहावर के रानीअवन्ती बाई नगर में रविन्द्र से हुआ था।

## निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज नए उप्र की नई तस्वीर: योगी

# पहले एक ही परिवार पैसा लेकर करता था नियुक्तियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज 'नए उप्र' की नई तस्वीर है। पहले एक परिवार के लोग पैसा लेकर भर्ती करते थे।

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएससी) द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरण के लिए आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र की जनता को लूटते थे। जांच की जाएगी, तो बहुत सारे ऐसे 'महाभारत के रिश्ते' बाकी का



**मुख्यमंत्री ने यूपीएसएससी द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरित किए**

जीवन जेल में ही बिताने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि नौजवानों को आज प्रदेश के अंदर नौकरी की गारंटी मिली है। हर योग्य व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि सभी नवचयनित युवाओं को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता का ही परिणाम है कि आज उप्र आगे बढ़ रहा है। अब तक लगभग 80 लाख से अधिक लोगों ने 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' की सुविधा का लाभ लिया है। कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाली श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, लेकिन आज नियुक्ति सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है। सरकारी नौकरी के लिए रिश्वत गुजरे जमाने की बात हो गई। मुख्यमंत्री ने पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति देकर उत्तम प्रदेश का नया मार्ग बनाया है। इस नौकरी के लिए सिफारिश या एक रुपए रिश्वत भी नहीं देनी पड़ी। इसके लिए मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करती हूं। अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री की वजह से हम सभी निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पा रहे हैं।

### योगी ने दिए विवि व महाविद्यालयों के जांच का आदेश

**लखनऊ।** बीते दिनों बाराबंकी में छात्रों के साथ हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालय में संचालित कोर्सों की मान्यता के जांच के आदेश दिए हैं। जांच के दौरान मान्यता व प्रवेश को शामिल किया जाएगा।

इसके लिए प्रत्येक जिले में एक विशेष जांच टीम गठित करने के निर्देश सभी मंडलायुक्तों को दिए गए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री स्तर पर जारी आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की सघन जांच के लिए मण्डलायुक्तों को प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग जांच टीम गठित करनी होगी। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं मंडलायुक्त करेंगे। जांच टीम में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एक पुलिस अधिकारी वह एक शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

## एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु

लखनऊ, वार्ता

डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के मंगलवार को होने वाले दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे।

समारोह के दौरान सुभांशु को डी लिट की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया जाएगा। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। सोमवार को विवि के रज्जू भैया सभागार में दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल शामिल होंगे। इस बार समझ के दौरान कुल 88



पदक दिए जाएंगे। जिसमें 37 स्वर्ण पदक 26 रजत पदक एवं 25 कांस्य पदक मेधावियों को दिए जाएंगे। इसके अलावा 53943 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की जाएगी। जबकि 86 छात्रों को पीएचडी अवार्ड होगी। प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि प्रदेश में उद्यमिता एवं नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह के दौरान इस बार 6 श्रेणियां में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवॉर्ड वूमेन लीड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इंपैक्ट

## आवारा कुत्तों के बेहतर प्रबंधन पर शहरी निकाय पुरस्कृत होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और भोजन कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और एनजीओ को पुरस्कृत करेगी।

अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार ने कुत्तों के जीवन के स्थानीय पहलू को ध्यान में रखते हुए 'उपयुक्त भोजन स्थलों' की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य के व्यापक निर्णय के तहत 4 सितम्बर को जारी इस कदम का उद्देश्य एबीसी कार्यक्रम के प्रभावी और वैज्ञानिक कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है, साथ ही जमीनी

**उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय**

स्तर पर उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना भी है। दरअसल राज्य सरकार के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्एक नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए सुरक्षित और जिम्मेदार भोजन स्थलों का निर्धारण करना है। इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि कुत्तों को उनके क्षेत्र में ही भोजन दिया जाए, ताकि संघर्ष कम हो, सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा हो और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल को बढ़ावा मिले। राज्य सरकार के आदेश में कहा गया है, नसबंदी, टीकाकरण और आहार प्रबंधन में अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और संगठनों को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इस आदेश का उद्देश्य सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना, करुणामयी देखभाल को बढ़ावा देना, जन सुरक्षा सुनिश्चित करना और सामुदायिक भागीदारी को मज़बूत करना है। उप्र पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति की सदस्य गौरी मौलेखी ने कहा कि करुणा और दया की भावना शासन का एक स्तंभ और राष्ट्र की विरासत है। वैज्ञानिक और विच. ारशील नीतियों के माध्यम से लोगों और पशुओं, दोनों की रक्षा करके, उप्र यह दर्शाता है कि प्रगति केवल बुनियादी ढांचे और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उस सम्मान से मापी जाती है, जिसके साथ हम अपने बीच सबसे कमज़ोर लोगों के साथ व्यवहार करते हैं।

### दिल्ली में बच्चों की तस्करी करने वाला गिरोह बेनकाब

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली की विशेष अन्वेषण टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बच्चों के अपहरण और तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में शामिल आगरा के एक डॉक्टर समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सराय काले खां बस अड्डे से अगवा किए गए छह महीने के बच्चे को मात्र 48 घंटे के भीतर आगरा से सकुशल बरामद कर लिया। इसके अलावा गिरोह द्वारा तस्करी किए गए पांच अन्य बच्चों को भी विभिन्न स्थानों से ढूंढकर बचाया गया है। दक्षिण-पूर्व ज़िले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने सोमवार को बताया कि 22 अगस्त को बान्दा, उत्तर प्रदेश निवासी शिकायतकर्ता सुरेश अपने परिवार के साथ आईएसबीटी सराय काले खां पहुंचे थे।

## भवन के निर्माण से पूर्व डिजाइन पर गंभीरता से काम करें: आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि किसी भी भवन के निर्माण से पूर्व उसकी डिजाइन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। भवन की उपयोगिता के अनुसार ही उसकी रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए, ताकि उस भवन का वास्तविक लाभ मिल सके।

श्रीमती पटेल ने सोमवार को राजभवन का सभागार में लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत विभाग द्वारा निर्मित सात निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि डिजाइन बनाते समय दीर्घकालिक उपयोग को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, साथ ही बचत पर जोर देना चाहिए और फिजूलखर्ची से बचना



चाहिए। राज्यपाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि बहुत ही सुंदर निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी भवन की नींव (फाउंडेशन) मजबूत होने पर ही वह लंबे समय तक टिकाऊ बनता है। इसलिए निर्माण कार्यों में उत्तम गुणवत्ता के पदार्थों का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग ने समय और लागत का ध्यान रखते हुए टिकाऊ निर्माण कार्य किए हैं, यह अनुकरणीय है। जब हम कोई अच्छा कार्य करते हैं और वह सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो उससे संतोष की अनुभूति होती है। राज्यपाल ने खुले और हवा में लटकते विद्युत तारों पर चिता व्यक्त करते हुए कहा कि इन्हें अब अंडरग्राउंड करना चाहिए, ताकि लंबे समय तक सुरक्षित उपयोग हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि असामान्य परिस्थितियों में भी टिकाऊ और उपयोगी निर्माण की आदत विकसित करनी चाहिए। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि राजभवन में हुए सभी निर्माण कार्यों के डिजाइन सुरक्षित रखे जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के विस्तार या नए कार्य की आवश्यकता होने पर समय की बचत हो और कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।



सेंसेक्स 80787.30
निफ्टी 24773.15



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



## ऑटो कंपनियों में जबरदस्त लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

जीएसटी सुधारों के बाद ऑटो कंपनियों में जारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 76.54 अंक (0.09 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.15 अंक यानी 0.13 फीसदी की बढ़त में 24,773.15 अंक पर रहा। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से मंजूर बदलावों में वाहनों पर कर और उपकर की दरों में अच्छी खासी कटौती की गई है। इससे सेक्टर को लेकर निवेशकों की धारणा लगातार मजबूत बनी हुई है। शेयर बाजार की तेजी में सबसे ज्यादा योगदान वाहन निर्माता कंपनियों का ही रहा। इसके अलावा, त्योहारी सीजन में वाहन ऋण की मांग बढ़ने की उम्मीद में बैंकों के



शेयरों में भी तेजी देखी गयी। एनएसई में अशोक लेलैंड का शेयर 5.08 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 4.25 प्रतिशत, बजाज ऑटो का 4.08 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 4.01 प्रतिशत बढ़ा।

टीवीएस मोटर के शेयर में 3.12 फीसदी और मारुति सुजुकी में 2.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हीरो मोटोकॉर्प का शेयर भी 1.43 फीसदी चढ़ा। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के दम पर सेंसेक्स 193.64 अंक की तेजी के साथ 80,904.40 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 81,171.38 अंक और निचला स्तर 80,733.07 अंक रहा। इसी प्रकार निफ्टी-50 भी 61.60 अंक चढ़कर 24,802.60 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,885.50 अंक और नीचे 24,751.55 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.16 प्रतिशत मजबूत बंद हुआ। संसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। ऑटो कंपनियों के अलावा अडानी पोर्ट्स का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक और इटरनल के शेयरों में भी तेजी रही। ट्रेंट में सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत की गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर 1.90 फीसदी, एचसीएल टेक का 1.21 और टेक महिंद्रा का 1.13 फीसदी लुढ़क गया। एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड, सनफार्मा, एनटीपीसी और इंफोसिस में भी आधी फीसदी से अधिक की गिरावट रही।

### अगस्त में सुस्त रही वाहनों की खुदरा बिक्री

**नई दिल्ली।** त्योहारी मौसम और जीएसटी में राहत के इंतजार में अगस्त में ग्राहकों ने अपनी खरीद टाल दी जिससे वाहनों की खुदरा बिक्री में सुस्ती देखी गयी। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री अगस्त 2024 के मुकाबले मात्र 0.93 प्रतिशत बढ़ी और कुल बिक्री 3,23,256 इकाई रही। दुपहिया वाहनों में भी 2.18 फीसदी की मामूली तेजी देखी गयी और कुल 13,73,775 वाहन बिके। वाहनों की कुल बिक्री 2.84 फीसदी बढ़कर 19,64,547 इकाई रही। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विघ्नेश्वर बताया कि 15 अगस्त को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी खरीद टाल दी। हालांकि डीलरों के पास पूछताछ काफी आयी, लेकिन वह बिक्री में पूरी तरह से नहीं बदल सकी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि 22 सितम्बर को जीएसटी सुधारों के लागू होने के बाद बड़ी संख्या में ग्राहक खरीद करेंगे।

## चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़, चीनी-दालों में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए, जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखी गयी। दालों और चीनी के भाव में तेजी रही।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवम्बर वायदा 40 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,488 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.92 प्रतिशत चढ़कर 51.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 121 रुपए बढ़कर 3,833.95 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं 10 रुपए सस्ता हुआ और 2,849.18 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए टूटकर 3,306.23 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गया। खाद्य तेलों में सरसों तेल औसतन 45 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 56 रुपए और वनस्पति में 70 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। ग्राहकी उतरने से सोया तेल में 129 रुपए, पाम ऑयल 107 रुपए और सूरजमुखी तेल 34 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में आज तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 224 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 119 रुपए और मसूर दाल 155 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत में 97 रुपए और उड़द दाल में 24 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी का रुख रहा। गुड़ की औसत कीमत 82 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7958.04 रुपए, मसूर काली 8159.19 रुपए, मूंग दाल 10078.94 रुपए, उड़द दाल 10438.93 रुपए, अरहर दाल 10663.43 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी ने...** प्रभावित तीन पड़ोसी राज्यों, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए राहत सामग्री भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यह भी घोषणा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपनी 25 करोड़ जनता की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को राहत कोष में पांच-पांच करोड़ धनराशि भी दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्री बृजेश सिंह उत्तराखंड के लिए और राज्य मंत्री जसवंत सिंह हिमाचल प्रदेश के लिए और सहारनपुर के नगर विधायक राजीव गुंबर पंजाब के लिए राहत सामग्री और पांच-पांच करोड़ की धनराशि का चैक के साथ भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इन तीनों राज्यों की आपदा पीड़ित जनता के साथ खड़ा हुआ है। योगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के आह्वान को साकार करने में जी-जान से संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड में कई स्थानों पर बादल फटने से भयंकर विभीषा आई। हमारी गहरी संवे. दनाएं तीनों राज्यों के पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि हमने बाढ़ और भारी वर्षा से होने वाली आपदाओं से बचाव को व्यापक स्तर पर ऐहतियाती कदम उठाए थे, जिससे प्रदेश के 25 करोड़ लोगों को बड़े पैमाने पर राहत मिली। राज्य सरकार भारी बारिश से खेतों में हुए जलभराव के कारण हुए नुकसान की पड़ताल करा रही है और रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

**नेपाल में....** प्लेटफॉर्म चल रहे हैं। नेपाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 7 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना ये प्लेटफॉर्म्स देश में फेक आई, हेट स्पीच, साइबर क्राइम और गलत सूचनाएं फैलाने के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर सरकार ने 4 सितम्बर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सअप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म थे। टिकटॉक, वाइबर जैसे प्लेटफॉर्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने समय पर रजिस्ट्रेशन करा लिया था। नियमों के मुताबिक हर कंपनी को नेपाल में लोकल ऑफिस रखना, गलत कंटेंट हटाने के लिए लोकल अधिकारी नियुक्त करना और कानूनी नोटिसों का जवाब देना जरूरी कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकार के साथ यूजर डेटा शेयर करने के नियम भी मानना जरूरी कर दिया गया। कंपनियों को डेटा-प्राइवेसी और अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में ये शर्तें बहुत सख्त लग रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत या यूरोप जैसे बड़े देशों में कंपनियां लोकल प्रतिनिधि रख लेती हैं, क्योंकि वहां यूजर बहुत ज्यादा हैं। लेकिन नेपाल का यूजर बेस छोटा है, इसलिए कंपनियों को यह बेहद खर्चीला लगा। अगर कंपनियां नेपाली सरकार की यह शर्त मान लेती हैं, तो उन पर अन्य छोटे देशों में भी इन नियमों को पालन करने का दबाव पड़ता, जो काफी खर्चीला है। यही वजह रही कि पश्चिमी कंपनियों ने नेपाल सरकार की शर्त नहीं मानी और तय समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सरकार से 18 से 30 साल के युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। पूर्व पीएम ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सरकार को जिम्मेदारी से ठोस कदम उठाने चाहिए। संसद में मुख्य विपक्षी दल के नेता प्रचंड ने पुलिस गोलीबारी में मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि भी दी। नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने कहा कि सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडप्रैक्टिस पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा

## देवभूमि उत्तराखण्ड
### सतत् विकास को गति





उत्तराखण्ड में दिसंबर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद निवेश के रूप में हुए, एक लाख करोड़ रुपए की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ करते हुए, केंद्र सरकार से भरपूर सहायता का आश्वासन दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा कुल 1342.84 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें 1263.5 करोड़ की 16 योजनाओं का शिलान्यास और 79.34 करोड़ की 04 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।

**ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान हुए एमओयू और ग्राउंडिंग**

**ऊर्जा** - कुल 1,03,459 करोड़ के 157 एमओयू (रोजगार 8,472) में ग्राउंडिंग 40341 करोड़ रुपए

**उद्योग** - कुल 78,448 करोड़ के 658 एमओयू, (रोजगार 44,663) में ग्राउंडिंग 34086 करोड़ रुपए

**आवास** - कुल 41,947 करोड़ के 125 एमओयू, (रोजगार 5,172) में ग्राउंडिंग 10055 करोड़ रुपए

**पर्यटन** - कुल 47,646 करोड़ के 437 एमओयू, (रोजगार 4694) में ग्राउंडिंग 8635 करोड़ रुपए




## उत्तराखण्ड निवेश उत्सव - 2025
## ₹1 लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग

**उच्च शिक्षा** - कुल 6,675 करोड़ के 28 एमओयू, (रोजगार 4428) में ग्राउंडिंग 5116 करोड़ रुपए

**अन्य**- कुल 79,518 करोड़ के 374 एमओयू, (रोजगार 13898) में ग्राउंडिंग 3292 करोड़ रुपए।

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। यह हमारी सरकार की विकास और रोज़गार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैं सभी निवेशकों और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ। यह निवेश उत्तराखण्ड को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने में मील का पत्थर साबित होगा।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"मैं उत्तराखण्ड सरकार को पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं। यह पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और इस पर ध्यान देने से ही संभव हुआ है। साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो सतत् विकास के लिए नए मानक स्थापित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यटन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि वैश्विक मंच पर राज्य ने अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के लिए राज्य के समर्पण की सराहना करता हूँ और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूँ।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## आयुष नीति 2023 स्वास्थ्य और पर्यटन का समग्र विकास



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन के अनुरूप आयुष नीति 2023 का लक्ष्य उत्तराखण्ड को समग्र स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित करना है।**

उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और हिमालयी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही, यह योग और प्राकृतिक उपचार के केंद्र के रूप में भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका है। आयुष नीति 2023 इस विरासत को आगे बढ़ाती है, ग्रामीण और शहरी दोनों स्थानों पर आयुष वेलनेस सेंटर, रिट्रीट और थेरेपी हब के निर्माण को बढ़ावा देकर राज्य को एक समग्र वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की सुविधा प्रदान करती है।

नीति का एक मूलभूत उद्देश्य आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

इसमें विशेष रूप से पर्यटन स्थलों पर एकीकृत आयुष अस्पताल और पंचकर्म केंद्र स्थापित करना शामिल है। साथ ही, यह नीति स्वास्थ्य पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने और प्रबंधित करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) की सुविधा भी प्रदान करती है, जिससे गुणवत्ता, मापनीयता और स्थिरता सुनिश्चित होती है।

**राज्य सरकार स्थानीय युवाओं को आयुष चिकित्सक, योग प्रशिक्षक और स्वास्थ्य मार्गदर्शक के रूप में प्रशिक्षित करना चाहती है, जिससे नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी और यहां आने वाले यात्रियों के अनुभव में भी सुधार होगा।**

यह नीति आयुष प्रथाओं में अनुसंधान और मानकीकरण का समर्थन करती है, जिससे वैश्विक ग्राहकों में भरोसे को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। राज्य सरकार आयुष पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग कंपेन, यात्रा एजेंसियों, वेलनेस रिसॉर्ट्स व अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनों के साथ सहभागिताओं को प्रोत्साहित करने के संकल्प के साथ बढ़ रही है। आयुष सेवाओं को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ने का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे इन सेवाओं की सुलभता बढ़े और वेलनेस पैकेजों की बुकिंग प्रक्रिया सरल हो सके।

आयुष नीति 2023 उत्तराखण्ड को समग्र उपचार और सतत् पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना पर आधारित है। यह नीति राज्य को न केवल प्राकृतिक स्वास्थ्य साधनाओं के लिए एक शांतिपूर्ण आश्रय स्थल के रूप में स्थापित करती है, बल्कि पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को आधुनिक पर्यटन के साथ जोड़ने की दिशा में एक मानक भी स्थापित करती है। इसके माध्यम से राज्य आर्थिक समृद्धि एवं सतत् विकास की ओर एक महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है।

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
#udyoguttarakhand

## उद्योग एवं निवेश: पारिस्थितिकी विकास को मिल रही गति

**उत्तराखण्ड सरकार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए राज्य को पंसदीदा गंतव्य बनाने के लिए सक्रिय पहल की है। इसके अंतर्गत अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नीतियों और पहलों को लागू किया है।**

उत्तराखण्ड सरकार ने निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया है, जिससे राज्य कारोबार और नवाचार का केंद्र बन गया है।

**वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन:** वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंडिंग हो चुकी है।

**स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप:** केंद्र सरकार ने उधम सिंह नगर के खुरपिया फार्म में एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण को मंजूरी दी।

**एमएसएमई नीति:** सरकार ने नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ उद्यमिता और वित्तीय विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई नीति पेश की।

**हाउस ऑफ हिमालयाज:** राज्य ने जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की स्थापना की, जिसमें 27 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुए।




देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 में उत्तराखण्ड सरकार के ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



इंवेस्टर्स समिट

## उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और इन्वेस्टमेंट नीति 2025
## बड़े निवेश और औद्योगिक विकास को नई दिशा

**इस नीति का उद्देश्य हिमालयी राज्य को निवेशकों की पहली पसंद बनाने के लिए तैयार करना है**

उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और निवेश नीति 2025 का उद्देश्य राज्य को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए पंसदीदा गंतव्य बनाना है। यह नीति सूचना की तारीख से पांच वर्ष तक प्रभावी रहेगी। यह नीति सिंगल-विंडो सिस्टम के माध्यम से आवेदन करने वाली इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

इसमें उद्यमों को चार निवेश श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें बड़े (50 200 करोड़ रुपये), अल्ट्रा लार्ज (200-500 करोड़ रुपये), मेगा (500-1000 करोड़ रुपये) और अल्ट्रा मेगा (1000 करोड़ रुपये से अधिक) को शामिल किया गया है। इसमें से हर एक के लिए रोजगार और निवेश सीमाएं पहले से ही तय की गई हैं। इस नीति में 10% से 20% तक की पूंजीगत सब्सिडी शामिल है, जो संचालन के 8वें से 15वें वर्ष तक किस्तों में वितरित की जाती है। पहाड़ी जिलों (श्रेणी ए और बी) में निवेश के लिए 1-2% की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह स्टाप शुल्क प्रतिपूर्ति में 50 लाख रुपये तक की पेशकश भी करता है।



### उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023
## नवाचार और समावेशी विकास की ओर सकारात्मक पहल

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्यभर में रोजगार सृजन और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाकर एक मजबूत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य हर साल 1,000 नए स्टार्टअप की शुरुआत कर सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। यह नीति नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोज़गार के अवसर बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभा को आगे लाने का सशक्त माध्यम है।

इस नीति के माध्यम से वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन प्रदान की जा रही है। नीति के तहत स्टार्टअप्स को विभिन्न चरणों में यह सहायता दी जाती है। इसमें प्रति माह 15,000 रुपये का भत्ता, विशेष श्रेणियों (SC/ST/ दिव्यांग) के लिए 20,000 रुपये प्रतिमाह प्रदान की जाती है। वहीं 10 लाख रुपये तक का सीड फंड भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे शुरुआती दौर में स्टार्टअप के संचालन को स्थिरता मिलती है।

इसके साथ ही इस पॉलिसी के माध्यम से इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय पेटेंट में आवेदन करने के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता, अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कराने के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता, वहीं ट्रेडमार्क और इंडस्ट्रियल डिज़ाइन के लिए 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।

यह नीति उन्हीं स्टार्टअप्स को कवर करती है, जो 10 वर्ष की अवधि के अंदर स्थापित हुए हों और उत्पाद, सेवा या प्रक्रिया में नवाचार या सुधार ला रहे हों। इसके अलावा रोज़गार और संपत्ति सृजन की मजबूत क्षमता रखते हों। इस नीति के अंतर्गत राज्य सरकार हर ज़िले में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित कर रही है, जिसमें कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसमें मेंटरशिप और नेटवर्किंग के अवसर, बुनियादी ढांचा और तकनीकी सहायता व शिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम शामिल है। यह नीति उत्तराखण्ड को स्टार्टअप इंडिया अभियान में प्रमुख रूप से स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

## उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023: सतत् विकास और निवेश को प्रोत्साहित करता सशक्त रोडमैप

**उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 एक परिवर्तनकारी खाका प्रस्तुत करती है, जिसका उद्देश्य राज्य को एक प्रमुख सतत् और निवेश-अनुकूल पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, बुनियादी ढांचे के विकास और समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने पर आधारित है।**



उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 राज्य को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक व्यापक और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह नीति 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी और पर्यटन आधारित विकास को गति देने के साथ आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और निवेशक अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है। इस नीति के अंतर्गत सभी अनुमोदन और प्रोत्साहन दावों को सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इसमें केवल उन्हीं परियोजनाओं को लाभ मिलेगा, जिनकी वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओसी) नीति की अवधि के अंतर्गत होगी।

### संस्थागत ढांचा और नीति की प्राथमिकताएं

यह नीति पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) को सक्षम बनाने और हॉस्पिटैलिटी, वेलनेस, एडवेंचर, हेरिटेज और ग्रामीण पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश लाने पर केन्द्रित है।

नीति के क्रियान्वयन के लिए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय सशक्त समिति (एसएलईसी) का गठन किया गया है। साथ ही, 50 करोड़ रुपये तक की एमएसएमई परियोजनाओं के लिए जनपद स्तरीय सशक्त समितियां (डीएलईसी) बनाई गई हैं। वहीं, परियोजनाओं की भौतिक जांच और सत्यापन के लिए जनपद स्तरीय पर्यटन समितियां (डीएलसीटी) गठित की गई हैं।

- सिंगल विंडो पोर्टल
- ईज़ ऑफ डूईंग बिजनेस
- हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस
- योग एवं वेलनेस सेंटर
- साहसिक पर्यटन
- रोपवे और ईको-लॉज
- एडवेंचर और हेरिटेज
- ग्रामीण पर्यटन

### योग्य परियोजनाएं और निवेश प्रोत्साहन

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की पर्यटन इकाइयों को योग्य माना गया है। इसमें होटल, रिसॉर्ट, विवाह भवन, रोपवे, ईको-लॉज, योग एवं वेलनेस सेंटर, मनोरंजन पार्क, साहसिक पर्यटन सुविधाएं आदि शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम निवेश और बुनियादी ढांचे की शर्तें तय की गई हैं, जिससे गुणवत्ता और निवेश को बढ़ावा मिले। साथ ही, सभी इकाइयों को राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### पूंजीगत और गैर-पूंजीगत प्रोत्साहन

इस नीति के तहत निवेशकों को दो श्रेणियों में प्रोत्साहन दिए जाएंगे।



इसके अंतर्गत प्रोत्साहनों को पूंजी निवेश सब्सिडी और अतिरिक्त प्रतिपूर्ति में विभाजित किया गया है, जैसे कि

- **एसजीएसटी की वापसी (नेट आउटपुट लायबिलिटी पर)**
- **भूमि पट्टे और मॉर्गेज दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क से छूट**
- **नई इकाइयों के लिए विद्युत शुल्क में छूट**
- **ब्याज अनुदान और विपणन सब्सिडी, व्यय के आधार पर प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रोत्साहन**
- **देशी पर्यटकों, MICE कार्यक्रमों और ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन**

पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को पूंजीगत परिसंपत्तियों की लागत पर 50% तक की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को दूर किया जा सके।

# मेला छड़ियान में महिलाओं और बाउंसर महिला के बीच हाथापाई

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** विगत रात्रि खतौली के प्रसिद्ध मेला छड़ियांन में महिलाओं और एक बाउंसर महिला के बीच झूला झूलने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई तक पहुँच गया। घटना के दौरान चार महिलाओं और बाउंसर महिला के बीच जमकर गाली-गलौच हुई, जिसके बाद आपसी कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया।

मेला परिसर में महिलाओं के बीच हुई हाथापाई से अफरातफरी का माहौल बन गया और उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई। वीडियो में विवाद का ख्रश्य साफ दिखाई दे रहा है।

पुलिस ने वीडियो के आधार पर घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का अवलोकन कर संबंधित लोगों की पहचान की जा रही है।

घटना के बाद मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन ने कहा है कि मेला क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी और विवादों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

यह घटना मेला आयोजन के दौरान अनुशासन बनाए रखने की चुनौती को भी उजागर करती है। पुलिस ने आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की है। जब इस मामले के बारे में पुलिस अधिका. रियों से जानकारी की गई तो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की पुष्टि नही हुई है पु. लिस वीडियो वायरल करने वाले कि भी तलाश कर रही है।

# नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना में नगर पंचायत अधिकारियों ने कई कर्मचारियों को साथ लेकर आज सोमवार के दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान बुढाना तहसील के बाहर किए गये अतिक्रमण को कुछ दुकानदार खुद भी हटाते हुए नजर आए तो कुछ अतिक्रमण नगर पंचायत कर्मचारियों ने हटाया।

इस दौरान नगर पंचायत कर्मचारियों और एक दो दुकानदारों में जमकर नौकझोक भी हुई लेकिन नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कोई रियायत नहीं की और चेतावनी दी कि आगे से जो भी अतिक्रमण करेगा उसका सामान जब्त किया जाएगा। इस अभियान में नगर पंचायत ने सत्ता पक्ष के लोगों और विपक्ष के लोगों के बीच कोई भी भेदभाव नहीं किया। नगर पंचायत ने पिछले दिनों पहले तो अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किये थे। इन नोटिसों में कहा गया था कि वे स्वयं अतिक्रमण हटा लें लेकिन जब दुकानदारों ने कोई अमल नहीं किया तो आज नगर पंचायत ने यह कदम उठाया। अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के नेतृत्व में टीम अतिक्रमण करने वालों के बीच पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था के बीच कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। इस संबंध में ईओ आलोक रंजन ने कहा कि नगर पंचायत ने बिना भेदभाव के कार्रवाई की है। सरकार की मंशा के अनुरूप यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे अभियान चलाकर बुढ़ाना कस्बे को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इस दौरान शाह आलम, सुधीर कुमार और सुमित शर्मा आदि नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय उद्गम पोर्टल व पत्रिका में शिक्षक तरुणभूषण के नवाचारों को मिली मान्यता, जिले का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस पर उद्गम पोर्टल और उससे जुड़ी नवाचार पुस्तिका का लोकार्पण किया इसमें पूरे उत्तर प्रदेश के 30 श्रेष्ठ शैक्षिक नवाचारों को स्थान दिया गया है इनमें से एक नवाचार कुछ प्राथमिक विद्यालय दुलारा शाहपुर मुजफ्फरनगर के शिक्षक तरुणभूषण का चयनित हुआ है... जिसे हमारे जिले का नाम प्रदेश में भी रोशन हुआ है.

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्धैब्स्त्ज ऋ द्वारा तैयार उद्गम पोर्टल (यूनीफाइंग डेवलपमेंट ऑफ़ ग्रेट एकेडमिक माइंड्स) का उद्देश्य प्रदेश भर के शिक्षकों द्वारा किए गए शैक्षिक नवाचारों को मंच प्रदान करना है, पहले चरण में 30 नवाचारों को पुस्तक एवं पोर्टल में स्थान दिया




गया है जबकि इनमें से 10 नवाचारों पर लघु फिल्में बनाकर पोर्टल पर अपलोड की गई है जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय दूल्हेरा के शिक्षक तरुण भूषण के नवाचार की वीडियो भी अपलोड की गई है

शिक्षक के द्वारा यह अनुभव किया गया की कक्षा में बच्चे विज्ञान विषय के प्रति बहुत अधिक सूची नहीं लेते थे फतेह विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अवधारणाओं की स्थाई समाज विकसित करने के उद्देश्य से श्री चरण भूषण द्वारा विज्ञान विषय का या नवाचार किया गया जिससे बच्चों में एक वैज्ञानिक सोच की अवधारणाओं का जन्म हो सका। और यह नवाचार प्रदेश स्तर पर चयनित हो पाया।

तरुण भूषण के इस नवाचार से विद्यालय ही नहीं जिले का नाम भी रोशन हुआ है तरुण भूषण पहले भी विभिन्न प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर अपने वह अपने जिले का नाम रोशन कर चुके हैं।

### महापंचायत 15 सितम्बर को, एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना।** किसान मजदूर संगठन के तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार राणा ने सोमवार के दिन बुढाना एसडीएम अपूर्वा यादव को एक ज्ञापन देते हुए बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संगठन की बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बडौदा में महापंचायत आगामी 15 सितम्बर को होगी। इसलिए महाप. चायत में चकबंदी विभाग, राजस्व विभाग, गन्ना सिंचाई विभाग, यमुना नहर एक्सईएन, विद्युत विभाग एक्सईएन, बीडीओ, पीडब्ल्यूडी विभाग एक्सईएन, नलकूप विभाग सिंचाई एक्सईएन, टंकी विभाग जल निगम एक्सईएन, सीओ पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहें ताकि परेशान किसानों की समस्याओं का निस्तारण हाथों हाथ हो सके। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अंकुर कुमार, गोविंद कुमार, अनिल कुमार, सत्येंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, सुभाष कुमार, ईश्वर सिंह और लोकेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर मस्कट के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवक को दबोचा

## चेकिंग के दौरान पकड़ा गया आरोपी, 12 बोर की मस्कट और कारतूस बरामद

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** चार दिन पहले सोशल मीडिया पर 12 बोर की मस्कट के साथ वीडियो वायरल कर क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले युवक को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राहुल पुत्र जयवीर निवासी ग्राम चांदसमद के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक की निशानदेही पर मस्कट और कारतूस बरामद कर उसका चालान कर दिया।

कुछ दिन पहले राहुल ने अपने साथियों के साथ मिलकर मस्कट हाथ में लेकर वीडियो बनाई थी, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी। सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने ग्राम चांदसमद से सरस्वती इंटर कॉलेज के सामने संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने मस्कट लेकर अपने गांव के एक बाग में वीडियो बनाई थी। मस्कट को उसके साथी राकेश पुत्र रघुवर के खेत में स्थित टड्बवेल के पीछे प्लास्टिक के कटे में छिपा दिया था। पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर मस्कट और कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी से कड़ी पूछताछ करने के बाद उसका चालान कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की हरकतें क्षेत्र में असुरक्षा और भय का माहौल पैदा करती हैं, इसलिए सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ वीडियो साझा करना गंभीर अपराध है। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गन्ने की फसल पर छिड़काव कराए मिल: राठी

**मोरना।** गांव भेडाहेडी स्थित फार्म हाउस के सभागार में सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मोरना की वार्षिक साधारण सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें कई गांव से आए डेलिगेट व किसानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने कहा कि गंगा व सोलानी के खादर क्षेत्र में आई बाढ़ के चलते किसानों का गन्ना रोग ग्रस्त हो गया है, ऐसे में चीनी मिल अपनी ओर से योगदान करते हुए रोग ग्रस्त गन्ने पर दवाई का छिड़काव करवा दे। सभा में उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ, सहारनपुर मंडल के डायरेक्टर देवेंद्र चौधरी ने कहा कि समिति व शुगर मिल कार्यालय पर किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निदान किया जाए। सभा में चौयरमैन अरुण प्रधान ने कहा कि किसानों को बीज व कृषि यंत्रों का अनुदान दिया जाए।

सभा में सचिव ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि 11 से 20 सितंबर तक समिति पर गन्ना सटा मेले का आयोजन होगा, किसान अपनी समस्या का समाधान करा सकते है। उप सभापति ऋषिपाल सिंह ने कहा कि गन्ना अधिकारी किसानों की समस्याएं गंभीरता से सुनकर तुरंत निवारण करें तथा गन्ना विशेषज्ञ खेतों में किसानों के बीच जाकर उन्हें अच्छी प्रकार से जानकारी देंगे तो गन्ने की ओर अधिक पैदावार बढ़ेगी। सभा को




देवबंद शुगर मिल के प्रबंधक शिव कुमार त्यागी, खाइखेडी के प्रबंधक संजीव कुमार, टिकौली के अरविंद शर्मा, खतौली के सीनियर गन्ना मैनेजर हितेश राठी ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए सभापति उर्मिला प्रधान ने की। सभा में जिला सहकारी बैक के पूर्व डायरेक्टर बाबू प्रकाशवीर सिंह, बबलू प्रधान, रेशेंद्र प्रधान, संच. ालक महेश, पिंकू, महेंद्र, नरेंद्र मौजूद रहे।

# एसडीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एसडीएम बुढाना अपूर्वा यादव ने सोमवार के दिन तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में पहुंचकर संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उन सभी शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को दिए।

पीडित विनय कुमार पुत्र मदन लाल निवासी ग्राम काकडा ने बताया कि वह भारतीय सेना में है। उसने वर्ष 2019 में मकान खरीदा था। उक्त मकान वर्तमान में उसके नाम रजिस्टर्ड है। उसके भाई की दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। एक अन्य शिकायत में श्रीमति मुन्नी देवी पत्नी जयप्रकाश निवासी लुहसाना



ने बताया कि चक के संबंध में एक प्रार्थना पत्र दिया। इसके अलावा और भी शिकायतें आईं। जिनका निस्तारण एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए गये। इस दौरान लगभग सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ ब्रह्माकुमारी का बड़ा अभियान शुरू

**मुज़फ्फरनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, बामनहेरी सेवा केंद्र से रविवार को नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नारकोटिक्स ब्यूरो एवं ब्रह्माकुमारीज़ मेडिकल विंग के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम में चरथावल विधायक पंकज मलिक ने आधु. निक प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी नशे के अंधकार में जा रही है। उन्हें बचाने के लिए इस प्रकार के जनजागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। ब्रह्माकुमारीज़ का प्रयास समाज में नई चेतना और सकारात्मक बदलाव लाएगा। अभियान की शुरुआत के मौके पर सेवा केंद्र से एक रैली भी निकाली गई।

सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी जयंती दीदी ने सभी को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा कराई। उन्होंने बताया कि यह रथ आगामी दिनों में मुज़फ्फरनगर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगा और सार्वजनिक स्थानों पर नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करेगा। जयंती दीदी ने कहा कि नशे की वजह से प्रतिवर्ष करीब 13.50 लाख लोग नशे की चपेट में आकर जीवन गंवा देते हैं। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा सिखाया जाने वाला राजयोग नशा मुक्ति का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर बीके पूजा बहन, बीके विधि बहन,बामनहेरी के प्रधानपति एडवोकेट ब्रह्मसिंह




विजय त्यागी, कपिल, मुकेश, भारत, बालेश्वर त्यागी, जितेंद्र, वरुण, कृष्णपाल, यशवंत भाई सहित मीडिया प्रभारी केतन कर्णवाल व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आईएपी द्वारा सपा नेता सत्येंद्र पाल सम्मानित

**बुढ़ाना।** आइएपी द्वारा सपा नेता सत्येंद्र पाल एक समारोह में सम्मानित किए गये। मिली जानक. ारी के अनुसार एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुजफ्फरनगर क्षेत्र के गुप्ता रिसोर्ट में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल को एक समारोह का आयोजन कर सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी मे सम्मानित किया गया। इंडियन एसोसिएशन आफ फिजियोथैरेपिस्ट के द्वारा बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सपा नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक सभा सत्येंद्र पाल को पटका पहनाकर एवं सर्टिफिकेट देकर सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में स्मृति चिन्ह देकर और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

# फ्री वाई-फाई नेटवर्क वाली स्मार्ट नगर पंचायत बुढ़ाना में आपका स्वागत है.....

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के समस्त लोगों के लिए बुढाना नगर पंचायत की और से एक खुशखबरी है। जिसमें नगर पंचायत द्वारा शीघ्र ही कस्बे के कुछ प्रमुख स्थानों पर फी वाईफाई की सुविधा दी जाएगी। इस दिशा में काम भी शुरू हो गया है। फिलहाल कस्बे की कस्साबान पुलिया पर वाई-फाई लगाया जा चुका है और इसका ट्रायल भी सफल रहा। अब जल्दी ही हाइस्पीड इंटरनेट के साथ ही यह सेवा विधिवत रूप से शुरू कर दी जाएगी। वाई-फाई शुरु करने का असली मकसद जरुरतमंद लोगों को आवश्यक कार्यो के लिए मुफ्त इंटरनेट उपलब्ध कराना है। आज के दौर में बच्चों को पढ़ाई के लिए नोट्स और वीडियो आदि डाउनलोड करने की जरूरत होती है। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि एक मोबाइल पर 24 घंटे में से एक घंटे के लिए इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। अगले दिन फिर से उसी मोबाइल पर कनेक्ट किया जा सकता है। एक बार में 50 डिवाइस यानि कि 50 मोबाइल और लैपटॉप पर इंटरनेट का उपयोग किया जा सकता है।

इस संख्या को बढ़ाए जाने का भी प्लान बना लिया गया है। इसके लिए बाकायदा हमने एक वीडियो जारी कर यह बताया है कि कैसे आप अपने मोबाइल फोन को वाई-फाई से कनेक्ट कर फी नेट का मजा ले सकते हैं। बीती 24 जुलाई सन 2021 को योगी सरकार ने घोषणा की थी कि 15 अगस्त सन् 2021 से पूरे यूपी में फी वाई-फाई की सुविधा दी जाएगी लेकिन उस दौरान नगर पंचायत बुढ़ाना में ये सुविधा शुरु नहीं हो पाई। अब चेयरपर्सन उमा त्यागी ने योगी सरकार के इस निर्देश का पालन करते हुए बुढ़ाना कस्बे में फिलहाल ट्रायल के तौर पर यह सुविधा आज से एक स्थान पर शुरु कर दी है और बाकी स्थानों के लिए कार्य शुरु कर दिया गया है। कस्बे के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों





पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हॉटस्पॉट चिह्नित किया जा रहा है। कस्बे के विभिन्न अस्थाई बस स्टेशन, तहसील, ब्लॉक कार्यालय तथा मुख्य बाजारों में लोगों को मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निकाय के अधिकारी इंटरनेट कंपनियों से करार कर चुके हैं। वाईफाई में इंटरनेट की स्पीड पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### जल निगम ने किया कस्बे का सत्यानाश....

**बुढ़ाना।** बीती 26 मई सन 2023 में कस्बा बुढ़ाना के पूर्व चौयरमेन लक्ष्मीचंद्र त्यागी की पुत्रवधू उमा त्यागी पत्नि सुबोध त्यागी ने कस्बा बुढ़ाना की नगर पंचायत की चौयरपर्सन के रूप में शपथ लेते हुए कस्बे का विकास करने की बात कही थी। जिसको वे समय समय पर पूरा भी कर रही हैं। बस जल निगम ने केंद्र सरकार की एक योजना को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से अंडर ग्राऊंड पाइप लाइन के चक्कर में कस्बे की सड़कें जगह जगह से खोदकर डाल दी लेकिन उन क्षतिग्रस्त सड़कों को आज तक भी ठीक नहीं किया। शायद जल निगम चेयरपर्सन की साख को जनता की नजरों में गिराने का मंसूबा पाले हुए हो। अब जनता इस कुचक्र को अच्छे से भी समझ गयी है और वह जल निगम के खिलाफ कुछ दिनों में सड़कों पर उतरकर कोई बड़ा प्रदर्शन करने के चक्कर में हैं। जनता का खतरनाक मूड जल निगम के खिलाफ कब उबाल ले ले ये भी नहीं कहा जा सकता। जल निगम के अधिकारी और कर्मचारी इस प्रोजेक्ट में कितना गोलमाल कर रहे हैं और कर चुके हैं ये भी जांच का विषय है।

### सवा 2 वर्ष में चेयरपर्सन ने कस्बे का किया खूब विकास...

**बुढ़ाना।** पिछले वर्ष कुछ सभासदों का विरोध भी चेयरपर्सन उमा त्यागी की कार्यशैली में कोई फर्क नहीं ला पाया। तभी तो उन्होंने इन सवा 2 वर्षों में कस्बे को एक नये आयाम पर पहुंचाने का काम किया। अब फी वाईफाई इंटरनेट का मजबूत नेटवर्क के अलावा इससे पहले रोशनी में जगमग सड़कें। हर अहम मोड़ की निगरानी में लगे सीसीटीवी कैमरे। तय शेडयूल से निर्बाध जल आपूर्ति। हम किसी महानगर या शहर की बात नहीं कर रहे हैं यह सब सुविधाएं जिला मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना नगर पंचायत में हैं। बेहतर सोच और कुछ कर दिखाने के जज्बे का यह एक अच्छा उदाहरण है। खास बात यह है कि मौहल्लों में सड़कों में लगने वाली टाइल्स में भी विशेष रंगों का इस्तेमाल किया गया है। वजह बुढ़ाना कस्बे की सूरत बेहतर लगे और लोगों को कुछ अलग होने का अहसास हो। ईओ आलोक रंजन का भी इसमें विशेष योगदान हैं जिन्होंने कस्बे को एक नई दिशा दी।

### सीसीटीवी कैमरे अपराध भी रोक रहे...

**बुढ़ाना।** कस्बे के लगभग सब प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इससे अपराध घटा है। कई बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद इन कैमरों में कैद होने के कारण पकड़े गए और कुछ कैमरे लगे होने के कारण अपराध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे।

### पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम भी है बड़ा कारगर

**बुढ़ाना।** नगर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर डिजिटल लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। जिनके माध्यम से नगर पंचायत से लोगों को पूरी जानकारी दी जाती है। मुख्य मार्गों पर जनरेटर से बिजली आपूर्ति कराई जाती है। मुख्य मार्गों व बाजार में सैंकडों एलईडी लाइटें लगवाई गई हैं। अलग से लाइन खिंचवाई गई है। लाइटों को ठीक कराने को स्काई लिफ्टर का प्रयोग होता है।

### विधवा ने एसडीएम से की मुआवजे की मांग

**बुढ़ाना।** एक विधवा महिला ने एसडीएम को सोमवार के दिन एक प्रार्थना पत्र देते हुए मुआवजे की गुहार लगाई है।

महिला का मकान बारिश के चलते करीब 05 दिन पूर्व गिर गया था। मिली जानकारी के अनुसार विधवा महिला जाहिदा पत्नी मरहूम फिमू निवासी ग्राम डूंगर ने बुढ़ाना एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका मकान पांच दिन पूर्व रात्रि के समय भारी बरसात के चलते गिर गया था। जिसमें उसको काफी नुकसान हुआ है। उसका घर का काफी सामान छत के मलबे में दबकर नष्ट हो गया। वह बहुत ही गरीब महिला है। इसलिए उसको सरकार से मुआवजा दिलाया जाए।

# कौमी एकता कमेटी के पदाधिकारियों ने नए कोतवाल का किया स्वागत

## पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह व धार्मिक ग्रंथ भेंट कर दी बधाई

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाली कौमी एकता कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंगलवार को नगर कोतवाली में नए कोतवाल दिनेश बघेल से भेंट कर उन्हें खतौली आगमन पर बधाई दी। कमेटी की ओर से कोतवाल बघेल का स्वागत पुष्प गुच्छ, गायत्री मंत्र का प्रतीक चिन्ह तथा महर्षि दयानंद द्वारा लिखित 'गौ करुणा निधि' और 'गीता उपदेश' नामक धार्मिक ग्रंथ भेंट कर किया गया।

बकौमी एकता कमेटी का गठन नगर के संभ्रांत नागरिकों द्वारा किया गया है। इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन सहित सभी संप्रदायों के सदस्य शामिल हैं। कमेटी के अध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल कोतवाली पहुँचा। उन्होंने कोतवाल दिनेश बघेल से भेंट कर उन्हें नगर में नियुक्ति पर शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर कमेटी ने नगर में सामाजिक कार्यो में सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि आपसी भाईचारा बनाए रखने में हर संभव मदद की जाएगी। कोतवाल श्री बघेल ने सभी का परिचय लेते हुए आभार व्यक्त किया और नगर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में कौमी एकता कमेटी के संरक्षक सत्येंद्र आर्य, डॉ. एस. हसन, अध्यक्ष अशोक शर्मा, हाजी इकबाल अहमद, धर्म मसीह, सरदार वीरेंद्र सिंह मान, काजी अदील अहमद, जईम हसन कादरी और दिलशाद अहमद समेत अनेक संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नगर में सामाजिक समरसता बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा सबसे छोटा पुत्र नीरज व उसकी पत्नी उर्मिला देवी मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है नीरज की पत्नि काफी झगडालू किस्म की है और नीरज भी अपनी पत्नि के बहकावे में आकर मुझे तंग व परेशान करता है। ये दोनों मुझे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करते है। इसलिये मैने तंग आकर अपने पुत्र नीरज व उसकी पत्नि उर्मिला देवी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन या वाद विवाद की मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शशि बाला तायल पत्नि स्व. ओमप्रकाश निवासी- मौहल्ला गाँधीनगर ग्राम कूकडा थाना नई मण्डी जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैने अपना नाम SOFIYA KHAN से बदलकर SOFIA KHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम से जाना जाये।

SOFIA KHAN
D/0 ANWAR KHAN
923/1 RAMPURI,
ROORKEE ROAD,
MUZAFFARNAGAR

**सूचना**

मैने अपना नाम NAHIDA PARVEEN से बदलकर NAHIDA KHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम से जाना जाये।

NAHIDA KHAN
W/0 ANWAR KHAN
923/1 RAMPURI,
ROORKEE ROAD,
MUZAFFARNAGAR

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मौ.आबिद मलिक व उसकी पत्नी शायना मेरे व मेरे परिवार से सम्बन्ध ठीक नही है और हमारा लडका भी उसी का साथ देता है। हमारी कोई बात सुनता नही है इस वजह से मै अपनी चल-अचल सम्पत्ति से उन्हे अलग करती हूँ। अपने किये गये कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे पति व मेरे दो पुत्र आरिफ व साजिद तथा दो पुत्री साजिदा व आबिदा का इन लोगों से कोई मतलब वास्ता नही है और न ही किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नही है और मेरे व मेरे पति का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नही है।

**संजीदा पत्नी मुस्तफा निवासी म.न.181 सरवट थाना सिविल लाईन, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री साहिबा का गलत किस्म के लोगों के साथ उठना बैठना है। साहिबा दिनांक 01.08.2025 को मोहित पुत्र नरेश निवासी अलमासपुर के साथ घर से चली गई है। उसकी गंदी हरकतो के कारण मेरी व मेरे परिवार की काफी बदनामी हो रही है इसलिए मैने व मेरे परिवार ने साहिबा से अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर लिये है तथा मैने साहिबा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मै व मेरा परिवार साहिबा के किसी भी कार्य, कानूनी व गैर कानूनी कार्य, वाद विवाद, लेन-देन हेतु जिम्मेदार नही होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**अंजुम पुत्र कालू निवासी अलमासपुर थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर**

## गंगा बैराज के पास रावली बांध से रिसाव होने से हड़कंप



**मीरापुर।** गंगा बैराज के पास रावली जाने वाला तटबंध रिसना शुरू हो गया है, जिससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। तटबंध का आधा से ज्यादा हिस्सा मिट्टी के कटान से काफी कमजोर हो चुका है और किसी भी समय टूटने की आशंका जताई जा रही है। यदि तटबंध टूटा तो आसपास के कई गांवों और हजारों एकड़ फसल पर बाढ़ का खतरा मंडरा जाएगा।

सूत्रों के अनुसार बांध के नीचे से पानी का तेज रिसाव हो रहा है। प्रभावित होने वाले गांवों में नवलपुर बंगाली कॉलोनी, हेमराज बंगाली कॉलोनी, घासीपुर, धर्मनगरी, चांदपुर बंगाली कॉलोनी, नवलपुर बैराज, जीवनपुरी और रामपुर ठाकरा शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने दो दिन पहले ही तटबंध की खराब स्थिति की जानकारी प्रशासन को दी थी, लेकिन समय रहते कदम न उठाए जाने के कारण अब हालात गंभीर हो गए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। बांध की मरम्मत और कटान रोकने के लिए मौके पर जेसीबी व अन्य संसाधन लगाए गए हैं। वहीं एहतियातन बिजनौर बैराज मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। बिजनौर एसपी सिटी और पुलिस तथा एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर तटबंध की स्थिति का जायजा लिया और बताया कि प्रशासन व सिचाई विभाग बांध को बचाने में जुटा हुआ है, तथा पेड, पत्थर, जाल व रेत के कटे लगाकर तटबंध को भरने का कार्य किया जा रहा है। तटबंध पर कार्य पूरा होने के बाद बेराज पुल को पुनः चालू कर दिया जायेगा।बाढ़ की आशंका को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

## डीएम ने विभागीय समन्वय बनाने पर किया फोकस

**मुजफ्फरनगर।** शहर के समग्र विकास और सौन्दर्यकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला. धिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशन में एमडीए सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाएं साझा कर शहरी ढांचे को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में संयुक्त रणनीति तैयार की।

एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शहर में विकास कार्यों को गति देने और सौन्दर्यकरण योजनाओं को अमल में लाने के लिए आपसी समन्वय बेहद जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एक अंतर विभागीय समन्वय मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीणा ने भविष्य की शहरी विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में नगरपालिका, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, बिजली विभाग, उद्योग, सिंचाई, पुलिस विभाग और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा इंजीनियर भी मौजूद रहे।

महावीर चौक संवारेगा एमडीए, पालिका को मिला सरकूलर रोड नगरपालिका परिषद की ईओ डॉ. सिंह ने बताया कि नगरीय विकास एवं सौन्दर्यकरण कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए हैं ताकि योजनाओं को त्वरित गति से लागू किया जा सके। बैठक में तय हुआ कि महावीर चौक का सौन्दर्यकरण एमडीए द्वारा कराया जाएगा, जबकि सरकुलर रोड पर रैलिंग व पाथवे का काम नगरपालिका संभालेगी। इसी क्रम में झांसी की रानी पार्क को नया स्वरूप देने, उसे राउंड शेप में विकसित करने, सड़क चौड़ीकरण और बोर्ड फंड से अन्य विकास कार्यों को कराने की तैयारी पर भी चर्चा हुई।

इसके अतिरिक्त लद्दावाला क्षेत्र में बंद कराए गए बड़े डलावघर के स्थान पर पार्किंग, दुकानों या वेंडिंग जोन के साथ ही मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की योजना को साझा किया गया।

## जिला चिकित्सालय में डॉक्टर सरकारी, फीस प्राइवेट

### दिवंगत पत्रकार की माता के इलाज के लिए मांगी फीस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर** जिला चिकित्सालय में सामने आया है कि यह अस्पताल सरकारी है, लेकिन यहां पर सरकारी नौकरी पाकर मोटा वेतन सरकार से लेने वाले डॉक्टरों ने भी अपनी निजी फीस तय कर रखी है, जो उनके इशारे पर उनके खास बन्दे वसूलने का काम करते हैं। ऐसे ही एक खास ने दिवंगत पत्रकार की माता के ऑपरेशन के लिए डॉक्टर के लिए निजी फीस और 20 हजार रुपये की अलग डिमांड की।

भोपा क्षेत्र के गांव गादला निवासी नीरज त्यागी कई समाचार पत्रों में फोटो जर्नलिस्ट के तौर पर काम करते रहे। पिछले दिनों बीमारी के कारण नीरज त्यागी का निधन हो गया। उनकी बुजुर्ग माता,और बच्चे गांव में ही गुजर बसर कर रहे हैं। पिछले दिनों नीरज त्यागी की 65 वर्षीय माता सालित्री देवी पत्नी सेवाराम घर पर ही अचानक गिर गई। परिजनों ने उनको चिकित्सक को दिखाया तो पता चला कि उनके कूल्हे व कंधे की हड्डी टूट गई है। प्राइवेट में उपचार कराया तो ऑपरेशन का परामर्श दिया गया। समाजसेवी मनीष चौधरी ने सालित्री देवी को 4 सितम्बर को जिला चिकित्सालय में लाकर चिकित्सक को दिखाया। अस्थि रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. चतुर्वेदी ने उनका परीक्षण किया और ऑपरेशन की सलाह देते हुए भर्ती कर लिया तथा जांच कराई। आरोप है कि डॉ. चतुर्वेदी ने परिजनों को कहा कि उपचार सम्बंधी परामर्श के लिए अस्थि रोग विभाग के कर्मचारी लोकेश कुमार से सम्पर्क कर लें। वो सारी चीजों को समझा देगा। मनीष चौधरी का आरोप है कि लोकेश कुमार से जब परिजन मिले तो उसने बताया कि ऑपरेशन के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क के अतिरिक्त डॉक्टर साहब को प्राइवेट फीस देनी होगी और 20 हजार रुपये अलग खर्च के लिए जमा कराने होंगे। परिजनों ने यह बात मनीष चौधरी को बताई। आरोप है कि पैसा देने में असर्थता दिखाई तो चिकित्सक ने सालित्री देवी की रैफर स्लिप बना दी और लोकेश ने कह दिया कि अपना मरीज मेरठ ले जाओ। इसी बीच भर्ती सालित्री की तबियत कुछ ज्यादा बिगड़ी और उनको ऑक्सीजन लगानी पड़ी। जब उन्होंने वार्ड में कार्यरत नर्स और अन्य कर्मचारी से स्ट्रैचर मांगा तो पहले आधार कार्ड जमा कराने के लिए कहा गया, वो नहीं मिला तो मोबाइल फोन बंधक रखने के बाद स्ट्रैचर दिया, विरोध किया तो कर्मचारियों ने अभद्रता की। सीएमएस को मनीष चौधरी से हुए अभद्रता की जानकारी मिली तो सीएमएस डॉ. संजय कुमार वर्मा ने ऑपरेशन थियेटर पर जाकर ही उनसे मुलाकात की और जांच कराने का आश्वासन दिया और कर्मचारियों के गलत व्यवहार के लिए खेद भी जताया।

## तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में आई 39 शिकायतें, दो शिकायतों का निस्तारण

**जानसठ।** सोमवार को जानसठ तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जनता की शिकायतें सुनीं। यूपी पीईटी परीक्षा के कारण शनिवार के बजाय यह आयोजन सोमवार को किया गया।इस दौरान राजस्व, सिंचाई, विद्युत, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग व एक पीड़ित महिला भी शिकायत लेकर पहुंची कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो शिकायत का मौके पर निस्तारण हो सका। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अधीनस्थ अधिका. रियों को सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने और निर्धारित समय सीमा में उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने कहा, कि शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से एसपी देहात आदित्य बंसल, एसडीम जयेंद्रसिंह , तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता नायाब तहसीलदार अजय कुमार नायब तहसीलदार विपिन कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील तेवतिया, बी डी ओ विशाखा, एसडीओ विद्युत चंदन चौबे डीएसपी भोपा देवव्रत बाजपेई, इंस्पेक्टर जानसठ राजीव शर्मा मीरा. पुर बबलू कुमार, इंस्पेक्टर सिखेडा योगेन्द्र शर्मा आपूर्ति निरीक्षक गौरव निर्वाल, सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अर्जन सिंह, नगर पंचायत ईओ नीलम पाण्डे,आदि सभी विभागों से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## हंगामे की भेंट चढ़ी गन्ना समिति की वार्षिक बैठक

**शाह टाइरुस संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गन्ना समिति में हुई मीटिंग हंगामे की भैंट चढ़ी गयी। जिसमें किसानों ने जमकर हंगामा किया।घ्बेठक में गन्ना समिति बुढ़ाना के सचिव ब्रजेश राय रहे। जिनको किसानों ने बताया कि उनको सोसाइटी में खाद नहीं मिल रहा है।

खाद की किल्लत होने से उनकी फसलों को जबरदस्त नुकसान हो रहा है। इसके अलावा बजाज भसाना शुगर मिल उनको समय पर उनके गन्ने का पैमेंट नहीं दे पा रहा है। इसके लिए उनको भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बिना पैमेंट उनके त्योहारों और शादियों मे खलल पड़ रहा है। इसके अलावा जो आंखों का कैम्प सहारनपुर में लगाया जाता है वह बुढ़ाना क्षेत्र में भी लगाया जाए। वे दूरी और किराए की वजह से सहारनपुर जा नहीं पाते। जिससे वे कैंप का लाभ नहीं ले पाते और उनके पैसे कट जाते हैं। जो कि सही नहीं है। बैठक में किसानों ने साफ कहा कि उनको बजाज भसाना शुगर मिल का सेंटर नहीं दिया जाए। अगर सेंटर इस बार फिर से जबरदस्ती थोपा गया तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे पर किसी भी सूरत में भसाना शुगर मिल को अपना गन्ना नहीं देंगे।

उनका सेंटर खतौली शुगर मिल या फिर तितावी शुगर मिल का दिया जाए ताकि उनको उनके गन्ने का पैमेंट समय से मिल सके क्योंकि बजाज शुगर मिल भसाना उनको पैमेंट समय पर नहीं करता और उनको फिर घरेलू संबंधी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कुल मिलाकर बैठक हंगामे की भैंट चढ़ी गयी। इस दौरान चेयरमेन निर्भय सहरावत, डेलीगेट तैमूर अली राणा मंदवाडा, संजीव कुमार, संजीव पाल, तमसीर, अशोक कुमार और अनिल सैनी आदि किसान मौजूद रहे।

## युवक के साथ मारपीट के दो सप्ताह बाद कार्रवाई शुरू

**भोपा।** गांव लौट रहे ैक्ट्री मजदूर को चोर बताकर मारपीट की गयी। पुलिस ने दो सप्ताह बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी महेश पुत्र लख्मीचंद ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया की वह भोपा- मुज़फ्फरनगर मार्ग पर मखियाली स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में मजदूरी करता है। लगभग 15 दिन पूर्व वह अपनी बाइक से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही गांव में पहुंचा तो गांव के ही दीपक,सोनू व दो अज्ञात आरोपियों ने उसे रोक लिया और चोर बताते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसे चोट आई है। इसी दौरान उसके सात हजार रूपये उसकी जेब से निकल गए हैं।

पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जायरीनों का जत्था कलियर रवाना



**मोरना।** बिहारगढ़ चिल्लागाह के सज्जादानशी हजरत सूफ़ी जव्वाद मियां के नेतृत्व मे जायरीनो का एक जत्था विशेष चादर लेकर कलियर शरीफ के लिए रवाना हुआ है। जहां पीर बाबा साबिर पाक के मजार पर चादर पोशी की गयी। मोरना क्षेत्र के गाँव बिहारगढ़ मे स्थित खुशहा. लिया चिल्लागाह शरीफ सज्जादा नशीं हज़रत सूफी जव्वाद अहमद खुशहाली ने जानकारी देकर बताया की हज़रत पीर बाबा साबिर पाक की ज़ियारत पर चादर पोशी की गयी। जहां देश दुनिया मे अमन शान्ति के लिए दुआ की गयी। व लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सूफी मौ.रईस, सूफी मौ.अब्बास,मौ. बाकर गजरौला, सूफ़ी मौ. फारूक, सूफ़ी मौ.खुर्शीद, सूफ़ी असलम आदि मौजूद रहे।

### अब्दुल्ला आरिफ ने ललित को दिलाई कांग्रेस की सदस्यता



**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस के निशक्तजन प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष नियुक्त किए गए ललित गोयल को नियुक्ति पत्र देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव अब्दुल्ला आरिफ ने बताया की ललित गोयल का परिवार बहुत पुराना कांग्रेसी परिवार है प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष 'मनीष प्रसाद श्रीवास्तव ने मा प्रदेश अध्यक्ष 'अजय राय' की संस्तुति एव प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल 'के निर्देश पर ये नियुक्ति की गई है जिससे पाटी में पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह दी गई है इस नियुक्ति से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है हमारा लक्ष्य संगठन को अधिक मजबूत करना है जिसे आने वाले जिला पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगी

### बिछड़े बच्चे को पाकर मां-बाप के आंसू छलके, पुलिस का जताया आभार

**खतौली।** खतौली भूड़-जानसठ मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक रोते-बिलखते बालक को तीन घँटे में सकुशल उसके परिजनों से मिलाकर मानवता की मिसाल पेश की। रविवार को लाडपुर चौकी प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह और कॉस्टेबल रोहित कुमार चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें लगभग दस वर्षीय बच्चा सड़क किनारे रोते हुए मिला। बच्चा इधर-उधर घूम रहा था और खुद को संभाल नहीं पा रहा था। पुलिस ने तुरंत उसे पकड़कर कोतवाली लाया और प्रेमपूर्वक पूछताछ की।बच्चे ने अपना नाम प्रिंस पुत्र रोहतास निवासी मधुबन रोड फलावदा बताया। जानकारी मिली कि वह भीड़ में अपने परिवार से बिछड़ गया था और तीन घंटे से इधर-उधर घूम रहा था। पुलिस ने तुरंत उसके परिवार से संपर्क किया। सूचना मिलने पर प्रिंस के माता-पिता सहित अन्य परिजन कोतवाली पहुँचे। अपने बेटे को सकुशल देखकर उसकी माँ की आँखों से खुशी के आँसू बह निकले। उसने बेटे को गले से लगाकर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए हाथ जोड़कर धन्यवाद दिया। कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने कहा कि पुलिस हमेशा आमजन की सेवा के लिए तत्पर है और किसी भी परिस्थिति में सहायता प्रदान करेगी। पुलिस ने बच्चे को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस टीम की संवे. दनशीलता और तत्परता की भरपूर सराहना की।

### शांति सदभावना मार्च का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** सम्राट इंटर कॉलेज मिमलाना रोड मुजफ्फरनगर व कारितास इंडिया के समन्वय से शांति और सद्भावना मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शांति के बैनर और तख्तियां लेकर पीस मार्च निकाला। यह मार्च कॉलेज से प्रारंभ होकर मिमलाना रोड के मुख्य मार्ग व मुख्य चौराहों और मोहल्लों से होते हुए पुनः कॉलेज पर समाप्त हुआ।

मार्च का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ाना तथा अफवाहों को रोकना था। कारितास संस्था वर्ष 2019 से समाज में एकता, शांति और आपसी समझ को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य कर रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अफवाहों से बचाकर देशहित और समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करना है। मार्च को सफल बनाने में कारितास इंडिया की ओर से जिला परियोजना समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) कुलदीप त्यागी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नितिन कुमार तथा सम्राट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अरशद सम्राट, कसान , सादिक, अमन, जुनैद और उवैस, इरफाना अंजुम, शगूफा नाज, फातिया नाज, का विशेष सहयोग रहा।

## हजरत बाबा निसार अहमद शाह चिश्ती साबरी दीदार शाही का 13वां उर्स सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली नगर क्षेत्र के मिमलाना रोड स्थित दरगाह हजरत बाबा निसार अहमद शाह चिश्ती साबरी दीदार शाही का 13वां सालाना उर्स अकीदत और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ।गुजरात, उत्तराखंड समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों से सैकड़ों की संख्या में उर्स में जायरीन पहुंचे।

रविवार को दरगाह पर चादरपोशी और कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। इसके बाद लंगर तकसीम किया गया।रात को महफिल-ए-शमा सजाई गई, जिसमें सहारनपुर के कव्वाल मुनीर तनवीर साबरी ने नात और कलाम पेश किए। उनकी कव्वालियों पर जायरीन देर रात तक झूमते रहे। सोमवार सुबह सूफी गय्यूर मियां ने रस्म-ए-रंग अदा कर उर्स का समापन किया। इस मौके पर देश में अमन-चौन और आपदाओं से निजात की दुआ की गई। उर्स में मियां रियाजुद्दीन, मियां अशरफ, मियां शौकीन, मियां गुलाम शाबिर, मियां शमशुद्दीन, मियां अय्यूब, मौ. अली, मियां याकूब बचीटी, मियां गफ्फार, मियां आफताब, मियां जावेद समेत बाबा के खलीफा मौजूद रहे।जायरीनों के जलपान और इंतजाम में शकील अहमद, तालिब आबिद, मो. सिन आस, मौ. सरफराज, अहसान वकील, शाहिद एडवोकेट, मीडिया प्रभारी राशिद अंसारी और सेवादार साजिद अंसारी सक्रिय रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली नगर पुलिस मुस्तैद रही।दरगाह के गद्दीनशीन महबूब अहमद ने दूर-दराज से आए जायरीनों का आभार व्यक्त किया।

## नए पुल की साइड धंसी, खतरे की आशंका

**बुढ़ाना।** कस्बे के हिंडन नदी के नये पुल की एक साइड धंसने से किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह लगातार बारिश के चलते हुआ है। जिसको जनहित में जल्दी से जल्दी ही दिखवाया जाना बहुत जरुरी है।

वरना कोई भी बड़ी घटना घटित हो सकती है। बाकायदा इस पुल के एक साइड से अचानक से बैठ जाने का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत ही तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसको मौके पर जाकर भी देख रहे हैं। इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को भी मिल चुकी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी इस पुल के देखने के लिए नहीं आ पाया था।

## आज से शुरु होगा विद्युत बिलिंग का कार्य

**बुढ़ाना।** कुछ मांगों को लेकर बीती एक सितम्बर से चल रही मीटर रीडरों की हड़ताल मांग पूरी होने के आश्वासन के बाद आज सोमवार को समाप्त कर दी गयी। कस्बे व क्षेत्र के सब मीटर रीडर मंगलवार को काम पर लोटेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे और क्षेत्र के सभी मीटर रीडर हड़ताल पर थे। उनकी मांग थी कि एक तो उनकी सैलरी मे कटौती की जा रही है और दूसरे सेलरी भी उनको समय पर नही मिल पा रही है।

जिसके चलते उनके भूखे मरने की नौबत आ गयी है। हम सभी मीटर रीडर साई कम्प्यूटर प्राइवेट लिमिटेड के अन्तर्गत मीटर बिलिंग का कार्य कर रहे हैं। कम्पनी द्वारा हर माह नये नये नियम लगाकर उनका शोषण कर रही है। पहले कम्पनी मे ज्वाइनिंग के समय जो नियम थे वो कम्पनी अब वर्तमान में लागू नही कर रही थी। पहले ऐसे नियम नहीं थे जैसे कठोर नियम अब हैं। कम्पनी नये नियम लगाकर सैलरी में कटौती करने का काम भी शुरु कर दिया था और सैलरी के साथ साथ सामान भी समय पर नहीं मिल रहा था। आज सोमवार को सभी मीटर रीडरों को आश्वासन मिला कि जल्दी ही उनकी मांग पूरी कर दी जाएगी। इस आश्वा. सन पर मीटर रीडरों ने आज हड़ताल समाप्त करते हुए मंगलवार को काम पर लौटने की बात कही है। उधर उपभोक्ता भी बिजली के बिल नहीं मिलने पर काफी परेशान थे। अब उनको भी मंगलवार से बिल मिलने शुरु हो जाएंगे और समय पर जमा करा सकेंगे।

## जेई के हटते ही लोगों को रुला रही है बिजली

**बुढ़ाना।** कस्बे के सभी नागरिक जेई मनोज कुमार के हटते ही अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उनका यहां से गत दिवस राजनैतिक दबाव के चलते विद्युत चोरों की पौ-बारह करने के उद्देश्य से जो तबा. दला किया गया है उसे लेकर भी नागरिक पसोपेश में हैं और डीएम से उनको यहीं पर भेजे जाने की मांग कर रहे हैं। उनके जाने के बाद से रोजाना दर्जनों कट बिजली में लग रहे हैं तो नागरिकों का भी जीना मुहाल हो गया है। इससे पहले इस तरह के कट नहीं थे लेकिन जब से जेई मनोज कुमार का यहां से तबादला किया गया है तब से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दिन में कई कई कट लग रहे हैं। उपभोक्ता एक दूसरे से पूछकर संतुष्टी कर रहे हैं कि लाइट कितनी देर में आएगी लेकिन कोई भी संतोषजनक जवाब किसी को नहीं मिलता बस वे मन मसोसकर रह जाते हैं। कट क्यों लग रहे हैं इसका कोई भी जवाब सही तरीके से उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग की तरपफ से नहीं मिल पा रहा है। जनता इस लचर व्यवस्था से विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रमक मूड में भी दिखाई पड़ रही है। जनता कभी भी आंदोलन छेड़ सकती है। इसकी सुगबुगाहट मिलने लगी है। अभी एक दो दिन से हल्की पफुल्की बारिश के चलते कापफी गर्मी हुई तो इसी दौरान जबरदस्त कट लगे और नागरिक पूरी तरह से बेहाल रहे। कस्बे के नागरिकों ने डीएम से विद्युत जेई मनोज कुमार को यहीं पर रखे जाने की मांग की है ताकि विद्युत व्यवस्था में सुधार हो सके।

## ठा. रोहिताश सिंह पुंडीर को हजारों नम आंखों ने दी श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरनगर।** बेहद मिलनसार एवं मृदुभाषी तथा सरल स्वाभाव के स्वामी ठाकुर रोहिताश सिंह पुंडीर को आज उनकी शोकसभा के दौरान हजारों गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी तथा उनके बडे सुपुत्र भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ठा. अरूण सिंह को पगड़ी पहनाकर परिवार की जिम्मेदारी सौंपी। शोकसभा का आयोजन आदर्श कालोनी स्थित मयूर महल में किया गया।

ज्ञातव्य है कि मूल रूप से गांव कसौली निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ठा. अरूण सिंह एवं वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र पुंडीर के पिता ठाकुर रोहिताश सिंह का दुखद निधन दिनांक 27 अगस्त को हो गया था, वह 91 वर्ष के थे। मौजूदा समय में ठाकुर रोहिताश सिंह अपने बडे पुत्र ठा. अरूण सिंह के साथ अपने ब्रह्मपुरी स्थित आवास पर रह रहे थे। उनके निधन के पश्चात से ही ठा. अरूण सिंह के आवास पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संगीत सोम, प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत तमाम नेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। आज ठाकुर रोहिताश सिंह की श्रद्धांजलि एवं शोकसभा का आयोजन लिंक रोड स्थित आदर्श कालोनी, मयूर महल में किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, खतौली विधायक मदन भै"या, पूर्व मंत्री डा. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान, जिला सहकारी बैंक के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह, पूर्व मंत्री एवं सांसद अनुराधा चौधरी, बहुजन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ठा. नन्दकिशोर पुंडीर, भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप, मुखिया जी, पूर्व विधायक अशोक कंसल, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक, व्यापारी नेता शलभ गुप्ता, ठाकुर महासभा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पुंडीर, त्यागी ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश त्यागी, बाप पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश पुंडीर, ठेकेदार कल्लन सिंह, पूर्व विधायक प्रमोद ऊटवाल समेत हजारों की संख्या में पहुंचे अनेक गणमान्य नागरिकों ने ठाकुर रोहिताश सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके दोनों सुपुत्र ठाकुर अरूण सिंह एवं ठाकुर धीरेन्द्र सिंह पुंडीर एवं उनके अन्य परिवारजनों को शोक संवेदना व्यक्त कर यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना परम पिता परमेश्वर से की।

## दबंगों ने की मारपीट, खेत पर कब्जे का आरोप



**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी युवतीं ने सोमवार को तहसील में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई।

युवती ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने उसकी खेती की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। साथ ही उसके पिता को शराब में नशीली दवा मिलाकर पिलाने, बंधक बनाकर मारपीट करने और हत्या की धमकी देने जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम दिया है।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी मधु पुत्री महकार ने सोमवार को तहसील में समाधान दिवस में युवती ने एसडीएम रामकुमार भारती को शिकायती पत्र देते हुय बताया कि जब वह अपने पिता के साथ खेत में काम कर रही थी, तभी गांव के ही दबंगों योगेंद्र और योगेश ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब उसने अपने पिता की रक्षा करने का प्रयास किया तो दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि उन्होंने उसके प्राइवेट पाट्र्स पर लात मारी, बाल पकड़ कर खींचा और गला दबाकर मारने का प्रयास किया।

युवती ने बताया कि दबंगो के डर के चलते वह कॉलेज जाना बंद कर चुकी है, जिससे उसकी 12वीं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। युवती ने आरोप लगाया कि दबंग उसके पूरे परिवार को मार डालने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने तहसील समाधान दिवस में एसडीएम से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि उनकी खेती की जमीन कब्जा मुक्त कराई जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। एसडीएम राजकुमार भारती ने मामला गंभीर मानते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## टेनिस में विजय वर्मा सिंगल व डबल्स के फाइनल में पहुंचे



**मुजफ्फरनगर।** जमशेदपुर टाटानगर झारखंड में चल रहे अंत. रराष्ट्रीय मास्टर टेनिस टूर्नामेंट में मुजफ्फरनगर के सीनियर टेनिस खिलाड़ी विजय वर्मा ने भाग लिया जहां उन्होंने कड़ी मेहनत करके सिंगल्स के सेमीफाइनल में अवनीश रस्तोगी को 6-1 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और साथ ही साथ डबल्स में विजय वर्मा व अवनीश रस्तोगी की जोड़ी ने संजीव सराफ व अरविंद झा जो की रांची के रहने वाले हैं को 6 4 6 2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

जमशेदपुर टाटानगर में यह पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसको भारत की नंबर 1 कोल इंडिया कंपनी ने स्पॉन्सर किया हुआ है यह टूर्नामेंट बहुत ही व्यवस्थित तरीके से ऑर्गेनाइज किया गया इसमें सभी खिलाड़ियों के लिए नाश्ता, लंच, केले, चाय आदि की व्यवस्था की गई थी इसमें के के सिंह झारखंड टेनिस एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ने भरपूर सहयोग किया और टूर्नामेंट को सफल बनाने में अपनी पूरी जान लगा दी, सभी खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट की बहुत प्रशंसा की और आश्वासन दिया की अगली बार भी यदि यह टूर्नामेंट होता है तो हम अवश्य खेलने आएंगे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नाबालिग की जबरदस्ती शादी करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा पहुंचे एक व्यक्ति ने अपनी चाची पर उसकी नाबालिग चचेरी बहन की जबरदस्ती शादी करवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की मौके पर पहुंची पुलिस ने शादी रूकवाते हुए पीड़ित की शिकायत पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हरियाणा के पानीपत जिले के सनौली थाना क्षेत्र के गांव रामडा निवासी आशु पुत्र यासीन ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके चाचा असगर की 8 वर्ष पूर्व सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई थी।



जिस वक्त उसके चाचा की मौत हुई उसके दो बच्चे नरगिस और रिहान थे। चाची शहजादी की ईद्दत पूर्ण होने पर परिवार के लोगों ने गांव के ही इरशाद के साथ निकाह कर दिया था।

निकाह के कुछ दिन बाद तो चाची ठीक रही मगर उसके बाद गांव के ही एक अन्य व्यक्ति जीशान उर्फ काला के साथ प्रेम प्रसंग हो गया परिवार के लोगों ने विरोध किया तो आरोप है उसकी चाची उसकी चचेरी बहन नरगिस चचेरे भाई रिहान को लेकर अपने मायके थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा में अपने पिता अलमद्दीन के घर पर आकर रहने लगी। पीड़ित का आरोप है की सोमवार को उन्होंने सूचना मिली कि उसकी चाची अपने परिजनों के साथ मिलकर उसकी 14 वर्षीय चचेरी बहन नरगिस की किसी अन्य युवक के साथ जबरदस्ती शादी कर रही है।

आरोप है कि जब वह गांव में शादी का विरोध करने के लिए पहुंचे तो उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी पीडित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने मौके पर शादी रूकवाते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र निवासी महिला से दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न व सामूहिक बलात्कार करने के सम्बन्ध में महिला द्वारा 6 जुलाई को तहरीर दी गई थी, तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी, जिसमे पुलिस पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिला, बालिकाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम अभियान में स्थानीय पुलिस ने महिला से दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न व सामूहिक बलात्कार करने के मामले में वांछित दो अभियुक्त तासीन पुत्र फजलहक, नईम पुत्र नूसा उर्फ युनुस निवासीगण ग्राम बसी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया। दोनो गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## सांप के डसने से विवाहिता की मौत, परिवार सदमे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** क्षेत्र के गांव गंगेरू में एक भयानक व दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया है। रविवार की देर रात को जहां सब अपने-अपने घरों में चौन की नींद सो रहे थे, वहीं अचानक एक जघन्य दुर्घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। 30 वर्षीय विवाहिता साबरा पुत्री तोफीक, जो अपने मायके में रह रही थी, एक जहरीले सांप के डसने से दम तोड़ दिया, परिजनों ने गमगीन माहौल में शव सपुर्द ए खाक कर दिया है। साबरा की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व बघरा निवासी व्यक्ति से हुई थी। किन्तु पिछले कुछ समय से पति-पत्नी में चल रही अनबन के चलते साबरा मायके में ही रह रही थी। घटना के दिन रविवार की देर रात जब पूरा गांव गहरी नींद में था, साबरा अपने मकान में जमीन पर सो रही थी। तभी अचानक सुबह करीब 5 बजे एक काले रंग के सांप ने उसे बेदम करके उसके मुंह पर डस लिया।चौंकाने वाली बात यह रही कि सांप के डसने के बाद साबरा चीखने-चिल्लाने लगी। यह आवाज सुनते ही परिजन एकत्रित हो गए और उन्हें झाड़-फूंक वाले के पास ले जाया गया। लेकिन बावजूद इसके कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों ने समझा कि स्थिति गंभीर है, और साबरा को जिला अस्पताल तक ले जाने का प्रयास किया गया। मगर नियति को कुछ और ही मंजूर था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही साबरा ने अंतिम सांस ले ली।विवाहिता की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है।

### अवैध तमंचे के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस द्वारा एक अभियुक्त आमिर पुत्र फैय्याज निवासी ग्राम रोटन थाना झिंझाना जनपद शामली को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

### अवैध चाकू में पकड़ा

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेश पर पुलिस द्वारा जिलाबदर एक अभियुक्त वासिल पुत्र मेहदी हसन उर्फ मेहन्दा निवासी ग्राम रोटन थाना झिंझाना जनपद शामली को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस और 108 एंबुलेंस के द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव झाल निवासी आकाश पुत्र संजय किसी कार्य से थाना क्षेत्र के गांव किवाना मे आया हुआ था। जैसे ही बाइक सवार गाव मखमूलपुर के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार घायल हो गया। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दुसरी और कस्बे के बुढाना मार्ग पेट्रोल पंप के समीप बाइक और कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई कार की टक्कर लग जाने से बाइक सवार एक अज्ञात युवक घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों प्राथमिक उपचार कर दो घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखें जाने तक किसी ने भी घायल ने थाने पर तहरीर नहीं दी थी।

## पंवारखेड़ा के प्राचीन शिव मंदिर के लिए 1.17 करोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन। विधानसभा क्षेत्र के गांव पंवारखेड़ा स्थित भगवान महादेव के प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों की बढ़ती आस्था को देखते हुए सरकार व प्रशासन ने बड़े पैमाने पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की शुरुआत की है।मंडी समिति की ओर से 42 लाख रूपए की लागत से मंदिर तक संपर्क मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने भी मंदिर प्रांगण के विकास के लिए 75 लाख रूपए स्वीकृत किए हैं। रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा पर्यटन अधिकारियों के साथ मंदिर पहुंचे और मंदिर कमेटी व ग्रामीणों के साथ बैठकर निर्माण कार्यों की रूपरेखा तय की।ग्रामीणों व मंदिर कमेटी ने सड़क निर्माण व पर्यटन विभाग से मिले



बजट के लिए सुरेश राणा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों को पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे धर्म, संस्कृति और जनभावनाओं को नई ऊर्जा मिल रही है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भगवान भोलेनाथ का यह मंदिर प्रांगण और भी भव्य स्वरूप ले लेगा।इस मौके पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर, मंदिर कमेटी अध्यक्ष अजब सिंह सैनी, जिला पंचायत सदस्यपति मैनपाल सैनी, ग्राम प्रधान सूर्य कश्यप, कुलदीप शर्मा, वीरेंद्र सिंह रोड सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** डीएम अरविंद चौहान व एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 37 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही के लिए चेताया है।

विगत शनिवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व अवकाश होने के चलते सोमवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीएम शामली अरविन्द चौहान ने की। इस दौरान भूमि विभिन्न मामलों से सम्बंधित 37 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष प्रार्थना-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने मातहतों अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है। इस दौरान एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम निधि भारद्वाज, सीओ श्यामसिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैराना समयपाल अत्री समेत विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



इसके अलावा तहसील शामली में एसडीएम शामली में एसडीएम शामली अर्चना शर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में आज एसडीएम के समक्ष 44 शिकायतें आईं। प्राप्त शिकायतों में 05 का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार शामली सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

इसके अलावा तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सत्एन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), शामली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी के समक्ष आज 41 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 04शिकायत का निस्तारण किया गया। ओर शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में दो करोड़ का बकाया न देने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लक्ष्मी सिविल इंजीनियर्स के इंजीनियरों ने सोमवार को कलक्ट्रेट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर टंकी ठेकेदार पर करीब दो करोड़ रूपये का बकाया न देने का आरोप लगाया है। उन्होने भुगतान न होने पर परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खडा होने पर न्याय की गुहार लगाई है। सोमवार को लक्ष्मी सिविर इंजीनियर्स के इंजीनियर शामली कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि वह जिले में पानी की टंकी का निर्माण कार्य कर रहे है। कंपनी के ठेकेदार पर उनका करीब दो करोड़ का बकाया है। जीएस राजीव राय को लगातार शिकायत के बावजूद कोई भुगतान नही हुआ। गत 15 से 18 जुलाई को उन्होने लक्ष्मी सिविर इंजीनियर्स के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन भी किया। जिसमें भाकियू नेता गौरव टिकैत ने मध्यस्ता कराते हुए कंपनी के अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त करा दिया था। जिसमें तीन अगस्त तक सारा भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन भुगतान न होने पर चार अगस्त को दोबारा धरना दिया, जिसमें तय हुआ कि 8 सितंबर तक समस्त भुगतान हो जाएगा। उन्होने मामले में जांच कराकर भुगतान कराने की मांग की। इस अवसर पर राहुल, वीर प्रताप सिंह, अहसान, हर्ष चौहान, मयंक, संदीप, शहजाद, हसीन, पप्प, जावेद आदि मौजूद रहे।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** चौ. अतर सिंह डिग्री कॉलेज में जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला शामली के निर्देशानुसार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ. नीरज सैनी ने की। इस दौरान महिला कल्याण विभाग शामली से डीएचईडब्ल्यू सदफ खान एवं कुलदीप शर्मा ने छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन से जिला समन्वयक



अजरा खान ने 1098, 1090, 181, 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि कोई छात्रा अपने आसपास घरेलू हिंसा अथवा बच्चों से संबंधित किसी प्रकार की हिंसा देखती है तो तुरंत इन नंबरों पर सूचित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ। नीरज सैनी ने कहा कि भारत सरकार का प्रयास है कि उसकी प्रत्एक योजना धरातल पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। स्कूल और कॉलेजों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि छात्राएं एवं शिक्षिकाएं इन योजनाओं से अवगत होकर समाज में जागरूकता फैला सकें। इस अवसर पर प्रतिमा शर्मा, समरीन, आशु पुंडीर सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का समापन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प शपथ के साथ किया गया।

## नपा लिपिक पर रिश्वत खोरी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए समाजसेवी द्वारा जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

मोहल्ला अंसरियान निवासी दाऊद पुत्र महमूद ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जिलाधिकारी शामली अरविंद सिंह चौहान को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वसीक अहमद नगर पालिका परिषद कैराना में विद्युत लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे।उनके आकस्मिक निधन होने के बाद उनके पुत्र को मृतक आश्रित का लाभ देते हुए उन्हें नगर पालिका में लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया था,शिकायतकर्ता का कहना है कि उनकी शैक्षिक योग्यता कम होने के कारण उन्हें लिपिक के पद पर तैनात नही किया जा सकता,जबकि उन्हें महत्वपूर्ण जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग में मुख्य लिपिक की कुर्सी थमा दी गई है।उक्त बाबू पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में रिश्वतखोरी करने का आरोप लगाया गया है और रिश्वत न देने पर कानून का हवाला देकर जन्म-मृत्यु को लंबित करने का भी आरोप है।आगे कहा गया है कि शैक्षिक योग्यता की जांच कराकर उसकी योग्यता के आधार पर ही नियुक्ति दी जाए।वहीं लिपिक पर सरकारी योजनाओं व नीतियों के विरुद्ध दुष्प्रचार करने के भी आरोप लगाए गए हैं।

### ट्यूबवैलों पर हुई चोरी के प्रकरण में मुकदमा दर्ज

**कैराना।** शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने गांव जगनपुर के जंगल में स्थित किसान मोहित, साधू, विजयपाल, मदन, ओमकार, ऋषिपाल व नीटू निवासीगण ग्राम जगनपुर व मुकरीम निवासी मोहल्ला इकरामपुरा कस्बा कैराना तथा राजेन्द्र निवासी ग्राम कण्डेला के नलकूपों पर धावा बोल दिया था। चोरों ने किसानों के टड्ढबवेलों पर बने कमरों में सेंध लगाकर वहां से विद्युत केबिल, दरांती, फावड़े व सीढ़ी आदि सामान चोरी कर लिया था। किसानों को रविवार प्रात: खेतों में पहुंचने पर चोरी की घटना का पता चला था। मामले की सूचना पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची थी। वहीं, कोतवाली पुलिस ने किसान सचिन चौहान निवासी ग्राम जगनपुर की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दी सख्त चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** शहर की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने और आमजन में सुरक्षा का भरोसा जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह ने थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में रखे सभी अभिलेखों की बारीकी से जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के हौसले पस्त करने और जनता की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर कदम निर्णायक रूप से उठाया जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यदि कहीं भी प्रशासनिक सुस्ती या घपलेबाजी मिली तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने नगर की गलियों, मोहल्लों व मुख्य बाजारों में पैदल गश्त करते हुए जनसाधारण से संवाद किया। व्यापारियों, राहगीरों और स्थानीय लोगों से मिलकर उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह,थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नजर

### 13 को होगा जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 13 सितंबर दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने समस्त पीठासीन अधिकारी, समस्त विभागाध्यक्ष, जनपद शामली को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अपने-अपने न्यायालयोंध्विभागों से सम्बन्धित अधिकाधिक उपयुक्त वादों च्मजजल वींमिबदमध्शमनीय वाद, दीवानी वाद, 138 एन।आई। एक्ट, आर्बोट्रेशन मामलों तथा सभी प्रकार का चालानी वाद, राजस्व वाद व बैंक सम्बन्धी आदि वादों का चिन्हांकन कराकर उक्त वादों का दिनांक 13.9.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को अपने-अपने न्यायालयों विभागों में लम्बित वादों यथा-वरासत सम्बन्धी नामान्तरण आदि के वाद पर त्वरित कार्यवाही कर अधिक से अधिक वादों को नियत करते हुए समनध्नोटिस भेजकर तामीला कराना सुनिश्चित करें तथा नियत समस्त वादों का निस्तारण करते हुए निस्तारण के उपरान्त समस्त निस्तारण वादों की प्रकृति के अनुसार विवरण पत्र इस कार्यालय की ई-मेल आई.डी. rashamli64@gmail.com पर दिनांक 13.9.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक प्रत्एक दशा में भिजवाना सुनिश्चित करें।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए रालोद विधायकों ने सौंपा चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**







**शामली।** सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित 25 तुगलक रोड पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह से भेंट की। इस दौरान उन्होंने पंजाब प्रांत के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 2 लाख 51 हजार रूपए का चेक सौंपा। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष के निर्देशानुसार पार्टी के सभी सांसद और विधायक एक माह का वेतन बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में हम सबका नैतिक दायित्व है कि प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आगे आएं। इसके अलावा थानाभवन के पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस, प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने भी केन्द्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह को सहायता राशि के चेक प्रदान किए है।

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चौधरी जयंत सिंह जी के निर्देशानुसार मेरे द्वारा पंजाब में आई भीषण बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु राहत कार्यों के लिए सहयोग राशी समर्पित किया है। इस कठिन समय में हम सबका नैतिक दायित्व है कि पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। इस कठिन घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल परिवार सभी बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हुआ है।

**थानाभवन।** पंजाब और हरियाणा में आई भीषण बाढ़ ने हजारों परिवारों की जिंदगी को संकट में डाल दिया है। इस प्राकृतिक आपदा में लोग अपने घर, खेत-खलिहान और मवेशी तक खो चुके हैं। ऐसे कठिन समय में जहां प्रभावित लोग हर तरह की मदद की गुहार लगा रहे हैं, वहीं राष्ट्रीय लोकदल के जनप्रतिनिधियों ने अपने वेतन का एक हिस्सा दान कर इंसानियत की मिसाल कायम की है।थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने अपनी एक माह की सैलरी बाढ़ पीड़ितों को समर्पित कर आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी को चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि एक सामाजिक दायित्व है। इंसानियत का तकाजा है कि हम सब मिलकर आपदा प्रभावित परिवारों के दुख-दर्द को बांटें।आरएलडी सुप्रीमो जयंत चौधरी ने भी सभी जनप्रतिनिधियों के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय राजनीति पीछे छूट जाती है और मानवता आगे खड़ी होती है। स्थानीय लोगों ने भी इस प्रयास को प्रेरणादाई बताते हुए कहा कि जब नेता स्वयं आगे बढ़कर राहत कार्यों में हाथ बटाएंगे तो समाज के अन्य वर्ग भी प्रेरित होंगे। बाढ़ पीड़ितों को इस समय हर छोटी-बड़ी मदद जीवनदायिनी साबित हो रही है।

### मुख्यमंत्री ने दिया छह कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों और 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों को सोमवार को प्रदेश स्तर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकास भवन सभागार शामली में किया गया।एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी योग्यता के दम पर सफलता प्राप्त की है, इसलिए अब उन्हें मुख्यमंत्री की अपेक्षा के अनुरूप मरीजों की निस्वार्थ सेवा करनी होगी। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने जनपद शामली से चयनित छह कनिष्ठ सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा सौभाग्य है और इस अवसर को पूरी निष्ठा के साथ निभाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डीपीएम आशुतोष कुमार वास्तव ने किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ। अनिल कुमार, एसीएमओ डॉ। अतुल बंसल, डीआईओ डॉ। करन चौधरी सहित चयनित अभ्यर्थी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नदी से युवक का शव बरामद, इलाके में सनसनी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन कृष्णा नदी में चरथावल रोड स्थित पुल के पास सोमवार को एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर थाना भवन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को लोगो की मदद से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान राशिद उर्फ खोंचा पुत्र वाहिद निवासी मोहल्ला रोगनग्रान थाना भवन के रूप में हुई है। मृतक की पेंट की जेब से एक कीपैड मोबाइल मिला है।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, यह फिलहाल साफ नहीं हो सका है। प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। पुलिस ने भीड़ को हटाकर शांति व्यवस्था बनाए रखी। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## दो दिन बाद भी यमुना में कूदे बीएएमएस के छात्र का सुराग नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** यमुना नदी में कूदे हरियाणा के समालखा निवासी बीएएमएस के छात्र हिमांशु का दो दिन बाद भी कोई सुराग नही लग सका है। युवक विगत शनिवार को आत्महत्या के इरादे से यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित ब्रिज से यमुना में कूद गया था। युवक की तलाश में पीएसी व प्राइवेट गोताखोर यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए है।

विगत शनिवार को शाम करीब पांच बजे हरियाणा के जनपद पानीपत के कस्बा समालखा की पंचवटी कॉलोनी निवासी हिमांशु (20) बॉर्डर पर स्थित ब्रिज से यमुना नदी में कूद गया था। युवक के आत्महत्या के इरादे से यमुना में छलांग लगाए जाने की आशंका है। नदी में कूदने से पूर्व युवक ने अपने परिजनों व दोस्तों को लोकेशन भी शेयर की थी। उसने ब्रिज पर खड़े बच्चों को अपना मोबा. इल व टेबलेट देकर नदी में कूदने की वीडियों बनाने को कहा था। युवक हिमांशु बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरीद्धबीएएमएसत्र का छात्र था। वह यमुनानगर जिले में स्थित चौधरी देवीलाल आयुर्वेद कॉलेज से बीएएमएस कर रहा था। युवक के नदी में कूदने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई है। घटना के बाद से ही युवक की तलाश में पीएसी व प्राइवेट गोताखोर यमुना में सर्च अभियान चलाए हुए है। रविवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने भी यमुना नदी पर पहुंचकर युवक के परिजनों से बात की थी। उन्होंने गोताखोरों को सर्च अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। सोमवार को भी युवक की तलाश में यमुना में सर्च अभियान चलाया गया। करीब एक दर्जन गोताखोरों ने युवक की तलाश में तीन मोटरबोट के साथ में दिनभर यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया। हालांकि शाम तक भी गोताखोरों को कोई सफलता नही मिल पाई। वहीं, यमुना ब्रिज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि यमुना नदी में कूदे युवक की तलाश में करीब एक दर्जन गोताखोरों ने तीन मोटरबोट के साथ में सर्च अभियान चलाया, लेकिन युवक का कोई सुराग नही लगा है।

## साल्हापुर यमुना नदी के तट पर मिला शत विक्षत अज्ञात शव, पंचनामा भर पोस्टर्माटम को भेजा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी के मजरा साल्हापुर गांव स्थित यमुना तट पर सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब महिलाओं ने लकड़ी बीनने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति का शत-विक्षत नग्न शव देखा। शव की हालत इतनी खराब थी कि ग्रामीणों में दहशत फैल गई। महिलाओं ने तत्काल इसकी जानक. ारी अन्य ग्रामीणों को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। शव को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मृतक की उम्र 30-35 वर्ष रही होगी।

सूचना मिलते ही चौसाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शरीर की विक्षत अवस्था के कारण शव की पहचान नही हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिससे उसकी त्वचा व अंग गल-सड़ चुके हैं और शरीर का कुछ हिस्सा जंगली जानवरो ने खराब कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से पूछताछ की और आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया। वहीं, शव मिलने की सूचना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शव का मुँह का कुछ हिस्सा व पेट का कुछ हिस्सा जला प्रतीत हो रहा है। जिससे आशंका जताई जा रही है कि मृतक की हत्या की गई होगी और यमुना नदी मे जलस्तर बढने का फायदा उठाने को शव यमुना नदी मे डाल दिया गया होगा। बहरहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भर लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है। ताकि मौत के कारणाों को स्पष्ट किया जा सकें।

### आसपास के जिलों में संपर्क कर रही पुलिस

शव की बरामदगी के बाद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।जिसके बाद अब पुलिस सहारनपुर सहित उत्तराखंड एवं हरियाणा पुलिस से संपर्क कर शव की शिनाख्त के साथ गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटा रही है।

शव की पहचान की जा रही है।शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। आसपास के प्रदेशों हरियाणा व उत्तराखंड सहित निकटवर्ती जिले सहारनपुर के जिला प्रशासन से हम लोग संपर्क में है।जल्द पहचान कर ली जाएगी।

**खूब सिंह,**
**चौकी प्रभारी चौसाना**

## यमुना में छोड़ा 42,793 क्यूसेक पानी, जलस्तर में 09 सेंटीमीटर की गिरावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 42,793 क्यूसेक पानी प्रवाि. हत किया गया। वहीं, यमुना के जलस्तर में 09 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई।

पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज से एक सप्ताह पूर्व वर्तमान मानसून सत्र का सर्वाधिक 3,29,313 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया था, जिससे कैराना के खादर क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए थे। खादर क्षेत्र के किसानों की हजारों बीघा फसल में यमुना का पानी भर गया था। इसी पानी के चलते यमुना नदी क्षेत्र में दो दिनों तक खतरे के निशान से ऊपर बहती रही, जिसके चलते प्रशासन व तटवर्ती क्षेत्र के बाशिंदों की नींद उड़ी रही। हालांकि दो दिन बाद ही यमुना नदी का जलस्तर घटना शुरू हो गया था। यमुना के बहाव में गिरावट का सिलसिला निरन्तर जारी है। सोमवार को भी यमुना के जलस्तर में 09 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। हालांकि हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोड़े जाने वाले पानी का सिलसिला अभी भी जारी है, लेकिन बैराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा में भारी कमी आई है। बैराज से सोमवार को 42,793 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया। वहीं, यमुना का जलस्तर 09 सेंटीमीटर घटकर 230.16 मीटर पर आ गया, जबकि रविवार को यह 230.25 मीटर पर था। वहीं, ड्रेनेज विभाग के एक्सईएन सुधांशु सिंह ने बताया है कि यमुना के जलस्तर में 09 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। धीरे-धीरे यमुना का जलस्तर सामान्य की ओर से बढ़ रहा है।

# दबंगों से करोड़ों की शत्रु संपत्ति कब्जामुक्त कराने की मांग

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर करोड़ों की भूमि पर प्लाटिंग करने का लगाया आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** करोड़ों की शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जा करके सांठगांठ के चलते दबंगों द्वारा अवैध प्लाटिंग करके भूमि को बेचने के मामले कार्यवाही की मांग को लेकर एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी शामली को सौंपा गया है।जिसमें दबंगों पर कई गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।

सोमवार को तहसील के सभागार कक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जिलाधिकारी शामली अरविंद सिंह चौहान को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए मोहल्ला कलालान निवासी अकबर अब्बास जैदी पुत्र हैदर अब्बास जैदी ने बताया कि कस्बे के खुरगान रोड पर स्थित अंदर हुदूद हल्का नम्बर 3 खाता संख्या 24,खसरा नम्बर 382,383,384ध1,384ध2,386ध2,387 आदि रकबा 2।2940 हैक्टेयर राजस्व अभिलेखों में शत्रु संपत्ति दर्ज है।उक्त भूमि तीन रास्तों की कर्मशियल व आबादी के बीच स्थित है,जिस पर आपराधिक किस्म के दो भूमाफियों का कब्जा है,जो आपस में सगे भाई बताए गए हैं,जिनके विरुद्ध कैराना कोतवाली पर चार मुकदमे पंजीकृत हैं और अपर जिलाधिक. ारीद्धन्यायिकत्र के न्यायालय में गुंडा एक्ट के तहत वाद दर्ज है,जो विच. ाराधीन चल रहा है।उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा यथा स्थिति का स्टे आदेश होने के बावजूद भी भूमाफियाओं ने अधिकारियों की मिलीभगत से शत्रु संपत्ति को प्लाटिंग करके बेच दिया है।साथ ही इस शत्रु संपत्ति पर नगर पालिका परिषद कैराना द्वारा सीसी रोड व इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण भी करा दिया गया है।करोड़ों रूपयों की इस सरकारी भूमि पर दर्जनों अवैध दुकानें व सैंकड़ों मकान निर्माण कर लिए गए हैं।दबंग भूमाफियाओं ने यथा स्थिति के आदेश के बावजूद करोड़ों की सरकारी संपत्ति को धडल्ले के साथ बेच डाला।बताया जाता है कि भूमाफियाओं को राजनीतिक लोगों का संरक्षण प्राप्त है।दबंगों द्वारा अभी भी सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है।शिकायतकर्ता ने शत्रु संपत्ति पर हो रहे निर्माण को ध्वस्त करने व भूमाफियाओं पर एंटी भूमाफिया के अंतर्गत कार्यवाही करने की मांग की है।

### निगेहबान सोते रहे, भूमाफियाओं ने बेच दी करोड़ों की संपत्ति

कस्बे के खुरगान रोड पर स्थित करोड़ों रूपयों की सरकारी संपत्ति को भूमाफियाओं द्वारा धड़ल्ले के साथ अवैध प्लाटिंग करके बेच डाला और निगेहबान सोते ही रह गएदरअसल मामला शत्रु संपत्ति से जुड़ा हुआ है,जहां करोड़ों की संपत्ति पड़ी हुई थी और सरकारी अभिलेखों व खसरों में भी भूमि शत्रु संपत्ति दर्ज है।बावजूद इसके दो दबंग सगे भाइयों ने अपने राजनीतिक आकाओं के सहयोग से इस सरकारी भूमि पर अवैध प्लाटिंग करके बेच डाला।ऐसा भी मुमकिन नहीं है कि हल्का लेखपाल की बिना शह के भूमि को बेचा गया हो,बल्कि सरकारी भूमि के निगेहबान ही करोड़ों की संपत्ति को फरोख्त कराने में बराबर के दोषी हैं, जिनकी आंखों के सामने देखते ही देखते दर्जनों दुकानों व सैंकड़ों मकानों का निर्माण हो गया और वो भ्रष्टाचार की चाशनी में चिपके रहे।

........शत्रु संपत्ति पर अवैध निर्माण का मामला संज्ञान में नहीं है अगर शत्रु संपत्ति पर निर्माण कार्य किया जा रहा है तो जांच उपरांत कार्यवाही की जाएगी।

**एसडीएम निधि भारद्वाज**

## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार की हुई थी मौत, पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**झिंझाना।** ग्राम गोहरपुर थाना आदर्श मण्डी निवासी देशपाल ने बताया कि 25 अगस्त को बड़ा लडका रविन्द्र कुमार आयुष्मान हस्पिटल झिंझाना में भर्ती था, जिसकी तीमारदारी कर उसका छोटा बेटा सुनील 28 अगस्त को हॉस्पिटल से स्कूटी द्वारा वापिस जा रहा था। हॉपिटल के गेट के सामने बाइक सवार ने तेज गति तथा लापरवाही से स्कूटी में मार दी, टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिर गया। युवक को गम्भीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित पिता ने बाइक सवार के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग, जिसपर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## शादी के जशन में हुई मारपीट लाइव वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काधला।** कस्बे के एक मैरिज होम में शादी समारोह के दौरान दो लोगों के बीच मारपीट हो गई देखते ही देखते दोनों पक्षो के लोगों में जमकर लात घुसे व बैल्ट चली जिसका लाइव वीडियो किसी ने मोबाइल के कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बा निवासी निसार की दो पुत्रियां आयशा एवं तमन्ना की बारात सोमवार को आई हुई थी। शादी का जशन कस्बे के एक मैरिज होम में आयोजित किया गया था। आरोप है की बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव परसोली से बारात में आए युवक नाईम व कस्बा निवासी सोयाब के बीच खाना खाने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों युवको के बीच हाथापाई शुरू हो गई और दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के साथ झगड़ा करने लगे। दोनों पक्षों के लोगों में जमकर लात घुसे व बेल्ट चली जिसका लाइव वीडियो किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मैरिज होम में झगड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे लोगों पर हल्का बल प्रयोग करते हुए मौके से दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आए। दोनों पक्षों के लोग पकड़े गए अपने-अपने लोगों को छुड़ाने के लिए थाने के चक्कर काटने लगे। मामले में खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष ने थाने पर तहरीर नहीं दी थी दोनों पक्षों को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज के ऑडिटोरियम में सोमवार को महिला सशक्तिकरण और सामा. जिक परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर लोकेश कुमार के संरक्षण में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसे मुख्य अतिथि डॉ। ऋतु जैन एवं विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड डॉ। आरपी सिंह रहे। उन्होने कहा कि आज के समय में सशक्त महिला ही सशक्त समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा, लैंगिक असमानता और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर बल दिया। संगोष्ठी में रिहाना, दीपा, अंजू, सानिया, विशाखा, तनिष्का, तान्या, देवांशु, सान्या, हिमांशी, निधि, साक्षी और यशवी सहित कई प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में सान्या प्रथम, तान्या द्वितीय और यशवी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन डा. कांत वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डा। रोहित राणा और डा. एसके श्रुति ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# यमुना प्रभावित पीड़ित: बच्चे पूछते हैं, मम्मी अब कहां जाएंगे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** यमुना नदी के उफान से प्रभावित गांव भडी व बरसात की मार झेल रहे खोडसमा के ग्रामीणों की कहानी रोंगटे खडे कर रही है। पीडित परिवार रोते हुए कहते है कि रिश्तेदारों के फोन आते है तो बात करते करते रोने लग जाती हूॅ क्योकि यमुना किनारें अपना घर गंवा चुकें है। जहॉ चौन से परिवार के साथ रहते थे वह सब ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। अब तो बस उम्मीदें है कि एक दिन अपने घर पहुॅचेंगे।

भडी के पीडित परिवारो का दर्द आंखो मे आंशू लाने जैसा है। जिन परिवारों ने अपने आंशियाने खो दिए है उनके बच्चे पूछते है कि अब कहा जाएंगे ! तो मॉ के पास कोई जवाब देते नही बनता। जी हां ऐसे ही दर्द के साथ यमुना ग्रस्त गांव भडी व लक्ष्मीपुरा व खोडसमा के गांव ग्रामीण हर दिन का टाल रहे है। भडी में पॉच ग्रामीणों के मकान प्राकृतिक आपदा में ढह गए। जिनके पास अब सिर छिपानें को छत नही है। पीडित परिवारों के सगें सम्बंधी इनका सहारा बन रहे है। वही दूसरी ओर यमुना नदी में आए जल के कारण खेतों पर काम नही कर पा रहे है जिसकी वजह से निकटवर्ती प्रदेश हरियाणा में पीडित परिवारों के व्यक्ति मजदूरी करके एक एक पाई को जोड रहे है। राहत चौपाल आदि की भी को व्यवस्था नही है। पीडित परिवारों को सिर छिपानें के लिए छत की आस है और प्रशासन ने जल्द आवास निर्माण की मांग करते है। तहसील प्रशासन ने राजस्व टीम के माध्यम से भडी के पॉच परिवारों का सर्वे पूरा कर लिया है। पीडित से बैंक खाते के साथ जरूरी कागजातों भी मंगाकर फाइल शासन की संस्तुति के लिए भेज दी है। जिससे पीडित परिवारों को जल्द आवास योजना के साथ प्राकृतिक आपदा में मिलने वालें आर्थिक पैकेज का लाभ मिलेगा। राजस्व लेखपाल अजीत सिंह व यमुना प्रसाद ने पीडित परिवारों के सर्वे सहित अन्य काग. जातों की पूर्ति की है।

### आसियानें गंवा चुके पीडित परिवार

खोडसमा के ममता पत्नी संजीव ,राजकली पत्नी समरपाल,भडी निवासी सतपाल,मुकेश पुत्र मामन व सुनील पुत्र ईश्वर धर्मशाला व पडोसियों के घर पर रहकर जीवन यापन कर रहे है। पीडित परिवारों ने दर्द साझा करते हुए बताया कि हरियाणा में नौकरी करके एक-एक पाई जोड रहे है। ताकि परिवार को आगे बढाया जा सके।

..............................

जिन लोगों ने आसमानी आफत में अपने घरों को खोया है उन परिवारों को सर्वे करा लिया है।प्राकृतिक आपदा में मिलने वाले आर्थिक सहायता के लिए फाइल रिकमंड कर जिलाधिकारी को भेजी गई है और आवास के लिए शासनादेश के तहत कार्यवाही की गई है। जल्द लाभ मिलेगा।

**संदीप त्रिपाठी,**
**उपजिलाधिकारी ऊन**

## एक नजर

### 20 लाख की स्मैक के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार,भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने श्ऑपरेशन सवेराश के तहत चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है,जिसके कब्जे से 20 लाख की अवैध स्मैक बरामद हुई है।पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है। डीआईजी सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस की ओर से परिक्षेत्र के अंतर्गत मादक पदार्थों,नशे के अवैध कारोबार,प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरारूनशे के अंधकार से,जीवन के उजाले की ओरह्व चलाया जा रहा है,जिसके मद्देनजर सोमवार को कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान झिंझाना ग्राम भूरा मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,जिसके कब्जे से 100।30 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है।जिसकी अंतर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 20 लाख 6 हजार रूपए बताई गई हैं।पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता इंतजार पुत्र मतलूब निवासी गांव गोगवान बताया है।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सम्बंधित धारा के तहत मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया है।

### गड्ढे में गिरी बाइक से पत्नी एवं बच्चे गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** हरियाणा प्रदेश के करनाल प्रवीण अपनी पत्नी, बच्चों संग सहारनपुर में रिश्तेदारी में गया था।घर लौटते समय सकौती गांव के निकट सड़क में ग्ढ्ढे होने के कारण प्रवीण की बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर जा गिरी। जिसके पत्नी रूपा एवं दो बच्चे हादसे में गंभीर घायल हों गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। आसपास के लोगों ने ही पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया और उपचार कराया। देर रात्रि पीड़ित अपने गंतव्य को पहुंच गए

**लंबे समय से खराब पड़ा है मार्ग**

स्थानीय लोगों ने बताया कि सकौती गांव के निकट सड़क लंबे समय से खराब है और जगह-जगह गहरे ग्ढ्ढे बने हुए हैं। आए दिन इस मार्ग पर छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने हादसे के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अगर समय रहते सड़क की मरम्मत कराई जाती, तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता था।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं, हादसे के बाद से स्थानीय लोगों में सड़क की बदहाली को लेकर नाराजगी साफ झलक रही है।

### दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 8 किग्रा डोडा पाउडर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत चेकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 08 किला. ेग्राम डोडा पाउडर बरामद हुआ है। पकड़े गए डोडा पाउडर की अनुमानित कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 64 हजार रूपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। डीआईजी सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र के अंतर्गत मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रति. बंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान श्ऑपरेशन सवेरारू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरश संचालित किया जा रहा है । इसी क्रम में एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर कोतवाली कैराना पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 08 किला. ेग्राम डोडा पाउडर बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता वादिल निवासी ग्राम पटनी परतापुर थाना झिंझाना व मुनव्वर निवासी ग्राम बराला बताया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की सम्बंधित धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके उनका चालान कर दिया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए डोडा पाउडर की अनुमा. नित कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 64 हजार रूपए बताई जा रही है।

### पत्नी और ससुरालियों पर मकान पर जबरन कब्जा करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की नई बस्ती निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी और ससुरालयों पर उसके मकान का जबर्दस्ती ताला तोड़कर सामान ले और उसके मकान पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे की नई बस्ती निवासी साजिद ने बताया कि उसकी शादी कई वर्ष पूर्व मोहल्ले के ही सलीम की पुत्री रिजवाना के साथ हुई थी पीड़ित का आरोप है कि कुछ माह से उसकी पत्नी और उसके बीच विवाद चल रहा है। आरोप हे उसकी पत्नी मायके में रह रही है और उसके ससुरालिए आए दिन पीड़ित के साथ गाली गलौज मारपीट एवं झूठे मुकदमे में फसाने का षडङ्‌त्र रचते रहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित अपने ससुरालयों से परेशान होकर अपने घर का ताला लगाकर मजदूरी करने के लिए हरियाणा में गया हुआ था। सोमवार को उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष के लोग पीड़ित के घर पर पहुंचे और ताला तोड़कर जबरदस्ती उसके घर का सामान निकाल लिया और जबरन कब्जा करते हुए उसके मकान पर अपना ताला लगा लिया। पीड़ित युवक ने जिला. धिकारी सहित थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### 60वीं यूपी स्टेट जूनियर ओपन व अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के शहीद उधम सिंह स्टेडियम में सोमवार को 60वीं यूपी स्टेट जूनियर ओपन व अंडर-23 एथलेटिक्स चौंपियनशिप के लिए ट्रायल आयोजित हुआ। जिसमें खिलाडियों ने भाग लेते हुए जमकर पसीना बहाया। चयनित खिलाड़ी आगामी 14, 15 व 16 सितंबर को प्रयागराज स्थित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। एथलेटिक्स एसोसिएशन शामली के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि अंडर-14 बालक वर्ग में ग्रुप अ से अर्ष प्रथम, शिवम द्वितीय ग्रुप बी से चेतन प्रथम, देव द्वितीय रहे। ग्रुप सी से देव शौर्य प्रथम, तेज सिंह द्वितीय रहे। अंडर-14 बालिका वर्ग में ग्रुप अ से परवर्ती प्रथम, वासु शर्मा द्वितीय तथा ग्रुप बी से शिवानी प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और ग्रुप सी से सृष्टि प्रथम, राधिका द्वितीय रही। अंडर-16 बालक वर्ग में 60 मीटर में आदित्य भारद्वाज प्रथम, देव द्वितीय, देव खैवाल तृतीय रहे। 600 मीटर में तुषार प्रथम, देव शर्मा द्वितीय, आदेश तृतीय तथा 80 मीटर हर्डल में जावेद प्रथम, संदीप द्वितीय रहे। लंबी कूद में देव प्रथम, अंश द्वितीय, रोहित तृतीय रहे। गोला फेंक में अक्षत प्रथम, क्रिस द्वितीय, प्रियांशु तृतीय रहे। भाला फेंक में सोबान प्रथम, वंश द्वितीय, प्रियांशु पांचाल तृतीय रहे। अंडर-16 बालिका वर्ग में 60 मीटर में राधिका प्रथम, कविता द्वितीय रही। 600 मीटर में हिमांशी प्रथम, पूजा द्वितीय व अंडर-18 बालक वर्ग में 100 मीटर में आयुष प्रथम, अभय द्वितीय, अर्पित तृतीय रहे। 200 मीटर में वैभव प्रथम, परम द्वितीय, आयुष तृतीय रहे। 400 मीटर में मयंक सैनी प्रथम, लक्ष्य द्वितीय, रोि. हत कुमार तृतीय तथा 1000 मीटर में आर्यन प्रथम, हिमांशु द्वितीय, साहिब तृतीय रहे। ऊंची कूद में विकसित तोमर प्रथम, मोहम्मद द्वितीय, वंश तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी हिमांशु अहलावत, सचिन पंवार, आकाश पंवार, प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, कोच अजय धीमान, संदीप कुमार, अनिल कुमार, विशाल पूनिया, दीपांशु, मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

# करंट से लाइमैन की मौत पर ग्रामीणों का हंगामा

**■ जेई व एसएसओ पर जानबूझकर करंट छोड़ने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** ग्राम दूधली में टूटे तार को खम्भे पर चढ़कर ठीक कर रहे संविदा कर्मचारी की अचानक लाईन में विद्युत प्रवाह होने से करंट की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। कर्मचारी की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों व परिजनों की भारी भीड लग गयी। भाकियू नेताओ व ग्रामीणों ने रंजिशन जेई व एसएसओ पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। उन्होंने मृतक के परिवार को 15 लाख रूपये मुआवजा, सरकारी नौकरी व दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की। हंगामे की सूचना पर एसडीएम सदर प्रवीण कुमार, सीओ सदर डा. रवि शंकर व ऊर्जा निगम के एसडीओ आशीष कुमार ने आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया।



चरथावल: मृतक का फाइल फोटो, घटना के बाद भाकियू नेता व ग्रामीणों ने किया हंगामा।

थाना क्षेत्र के गांव दूधली निवासी जगवीर सिंह का पुत्र जितेंद्र उर्फ बारु दूधली विद्युत उपसंस्थान केन्द्र पर कई वर्षो से संविदा पर लाईनमैन के रूप में कार्यरत था। सोमवार की सुबह उसने तार जोड़ने के लिए बिजलीघर पर तैनात एसएसओ अरुण कुमार से शट डाउन लिया। आरोप है कि जब वह खम्भे पर लाइन को ठीक कर रहा था तभी एसएसओ द्वारा विद्युत प्रवाह छोड़ दिया गया। जिससे लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया। लाइनमैन को अस्पताल ले जाया गया।उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। लाइनमैन की मौत की सूचना पर

मौके पर पहुंचे किसान मजदूर संगठन जिलाध्यक्ष लोकेश राणा,भाकियू ब्लाक अध्यक्ष संजय त्यागी, भाकियू नेता विकास शर्मा व भाकियू (अ.) ब्लाक अध्यक्ष ठाकुर कुशलवीर सिंह, चरथावल विधायक पंकज मलिक प्रतिनिधि शेखर राणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। भाकियू नेता विकास शर्मा का आरोप है कि जेई व एसएसओ मृतक से रंजिश रखते थे। दोनों ने रंजिशन लाइनमैन की हत्या की है। इन दोनों के विरुद्ध हत्या का मुक. दमा दर्ज होना चाहिए। भाकियू ब्लाक अध्यक्ष संजय त्यागी ने अधिकारियों से मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी या मृतक की पत्नी को आजीवन उच्चस्तरीय पेंशन, 15 लाख की तत्काल आर्थिक मदद,पांच लाख की दुर्घटना बीमा राशि तथा जेई व एसएसओ को निलंबित कर उनके विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गयी। एसडीएम सदर प्रवीण कुमार, सीओ सदर रवि शंकर, नायब तहसीलदार सुनील कुमार व ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आशीष कुमार पर सूचना के बाद मौके पर पहुंचे। और उन्होंने सभी मांगो पर सहमति जताते हुए मृतक परिवार को मदद का आश्वासन दिया है। इस दौरान सहमति बनने पर ग्रामीणों ने धरना खत्म किया।

# प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों पर 52 लाख का जुर्माना लगाया

**■ सुमित की शिकायत के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की कार्यवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसान दिवस में डीएम के समक्ष उठाए गए प्रदूषण के मुद्दे और विशेष जांच दल गठित करने की मांग के बाद डीएम उमेश मिश्रा ने रिपोर्ट मांगी तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दावा किया है कि जनपद में 17 फैक्ट्रियों की जांच में दो को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया और कुछ फैक्ट्रियों पर गंभीर खामियां पाये जाने पर पर्यावणीय क्षति पहुंचाने के दोष में 52 लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। जनपद में वायु और जल प्रदूषण को लेकर अक्सर ही फैक्ट्रियों को लेकर लोग आवाज उठाते रहते हैं, लेकिन आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक ने किसान दिवस के मौके पर डीएम के समक्ष इस समस्या को उठाते हुए विशेष जांच दल गठित करने की मांग की थी।

डीएम के संज्ञान लेने के बाद इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दावा किया है कि जनपद में 17 फैक्ट्रियों की जांच में दो को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया और कुछ फैक्ट्रियों पर गंभीर खामियां पाये जाने पर पर्यावणीय क्षति पहुंचाने के दोष में 52 लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक निवासी पीनना ने फैक्ट्रियों द्वारा फैलाये जा रहे वायु एवं जल प्रदूषण के साथ ही प्रति. बंधित प्लास्टिक कचरा जलाये जाने को लेकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।

क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी गीतेश चन्द्रा ने बताया कि इसके लिए जिला. धिकारी उमेश मिश्रा द्वारा एसडीएम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुकत टीम का गठन कर जांच के निर्देश दिये। इस टीम ने भोपा रोड, जानसठ रोड और जौली रोड पर स्थित उद्योगों की जांच की। इसमें 17 फैक्ट्रियों की जांच की गई।

बताया कि सरकार ने रिफ्यूज्ड ड्राईव फ्यूल जलाने की अनुमति उद्योगों को दी गई है। बताया कि दो फैक्ट्रियों में खामियां पाये जाने पर उनको कारण बताओं नोटिस दिया गया और कुछ अन्य उद्योगों में मिली गंभीर अनियमितता के कारण पर्यावणीय क्षति पहुंचाने का दोषी पाते हुए 52 लाख 02 हजार 500 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

# पन्द्रह चयनित कनिष्ठ सहायकों को स्वास्थ्य विभाग में मिली नियुक्ति

**■ चेयरपर्सन मीनाक्षी व सीएमओ ने बांटे नियुक्ति पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत पूरे प्रदेश में कुल 1112 कनिष्ठ सहायकों तथा 12 एक्स-रे टेक्नीशियनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को जनपद मुज़फ्फरनगर में यहां से चयनित 15 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। एमएलसी वंदना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सुधीर सैनी, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण द्वारा 15 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।



कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार, में स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया। यहां पर सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने मुख्य अतिथियों व डीएम सहित अन्य अधिकारियों का स्वागत किया। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन एवं कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा गया। अतिथियों व अधिकारियों ने लाभार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह नियुक्ति युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भर बनने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। सीएमओ ने बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर के 15 युवाओं का चयन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग उत्तर प्रदेश में कनिष्ठ लिपिक के पद पर किया गया है।

इनमें अमित कुमार, कु. शिवी, कु. वैशाली, पायल शर्मा, विदुषी त्यागी, विक्रान्त कुमार, सुमित कुमार, ललित कुमार, सौरभ धामा, विक्रान्त कुमार, विकुन्ज कुमार, अगम गर्ग, आवेश कुमार, शैलेन्द्र आत्रेय और शुभम पंवार शामिल हैं। इन सभी को जिला आवंटित कर दिया गया है। अमित कुमार, कु. शिवी, कु. वैशाली, पायल शर्मा, विदुषी त्यागी, विक्रान्त कुमार को जनपद सहारनपुर, सुमित कुमार, ललित कुमार, सौरभ धामा, विक्रान्त कुमार, विकुन्ज कुमार को जनपद मेरठ और अगम गर्ग, आवेश कुमार, शैलेन्द्र आत्रेय और शुभम पंवार को जनपद बागपत में तैनाती मिली है। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद अब ये युवा अपने आवंटित जिलों में सर्विस ज्वाइन कर सकेंगे। उन्होंने युवाओं से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया की सराहना की गई। सभी नियुक्त अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। नियुक्ति पत्र पाकर सभी अभ्यर्थी अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए और उन्होंने सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह अवसर उनके जीवन को संवारने और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में सहायक होगा।



मुजफ्फरनगर: विकास भवन में कनिष्ठ सहायकों को प्रमाण पत्र देते डीएम व अन्य।

# सहयोग करने पर कर्नल ने जताया एसएसपी का आभार

**■ पुलिस के उत्कृष्ट सहयोग पर प्रतीक चिन्ह भेंट किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में 21 अगस्त से 08 सितम्बर तक अग्निवीर भर्ती आयोजित की गयी थी। इस दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किये गये थे।

सोमवार को असम राइफल्स के कर्नल सत्यजीत द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा से पुलिस कार्यालय में भेंट की गई। इस दौरान उन्होंने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक एवं सकुशल संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए उत्कृष्ट सहयोग एवं सराहनीय भूमिका की प्रशंसा की। कर्नल सत्यजीत ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मोमेंटो भेंट कर आभार व्यक्त किया तथा कहा कि पुलिस द्वारा की गई प्रभावी व्यवस्थाओं एवं सतर्क निगरानी से भर्ती प्रक्रिया पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सकी। इस अवसर पर एसएसपी ने कर्नल सत्यजीत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सेना और पुलिस दोनों ही राष्ट्र की सुरक्षा एवं सेवा के लिए समर्पित हैं और आपसी तालमेल एवं सहयोग से ही ऐसे आयोजनों को सफलता पूर्वक संपन्न किया जा सकता है।

# भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## टीईटी परीक्षा से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा से बाहर करने के विरोध में उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** टीईटी परीक्षा से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा से बाहर करने के आदेश के खिलाफ शिक्षक प्रकोष्ठ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। देश भर में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से जुड़ी अधिसूचना और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूरे प्रदेश में शिक्षकों में आक्रोश पनप रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (शिक्षक प्रकोष्ठ) द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि वर्ष 2010 से पूर्व कक्षा 1 से 8 तक नियुक्त सभी शिक्षकों को सेवा से बाहर करने के आदेश को रद्द किया जाए और उन्हें स्थाई सेवा का लाभ दिया जाए।

भाकियू शैक्षिक प्रकोष्ठ के वेस्ट यूपी अध्यक्ष रविन्द्र सिंह सीमली ने आरोप लगाया कि यह निर्णय राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (एनसीटीई) की 23 अगस्त 2010 की गाइडलाइन के विपरीत है। उस गाइडलाइन में स्पष्ट किया गया था कि इससे पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाएगा। ऐसे में वर्तमान आदेश संवैधानिक अधिकारों का हनन है। शिक्षक प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष अमित तोमर और जिलाध्यक्ष रामरतन बालियान ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचना संख्या 1385/2025 के तहत कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश से लगभग 15 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि यह आदेश लाखों शिक्षकों और उनके परिवारों के जीवन पर संकट खड़ा कर रहा है। ज्ञापन में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर पुरकाजी के शिक्षक नेता मनीष गोयल,मोहित बालियान, विवेक कुमार बुढाना, कैलाश चंद, अमित कुमार धीमान, धर्मेंद्र मलिक,लोकेंद्र शर्मा, अनिल कुमार, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, अजब सिंह रामकुमार, दिनेश बालियान, डॉ. संजीव वर्मा, वैभव सिंगल, सुशील कुमार, राकेश पासी, बिरजू, संदीप कुमार, आशीष कुमार, विनय कुमार, कर्मवीर सिंह, पुष्पराज, बाल किशन, धीरेंद्र तोमर, संदीप तोमर,मेराज खालिद रिज़्वी, खुशनुद अहमद, मोहम्मद मुस्तफा, संजय राठी, मोतीलाल, उस्मान, क्षितिज नेगी, रितु बलियान, हरि मनीष, विवेक गोयल, रविंद्र कोठारी, कुलदीप यादव, पुष्पराज पवार, सपना चौधरी, पूजा शर्मा,रितु बालियान, मीनाक्षी रानी, सुमन लता, मोनिका, प्रियंका रानी, सुषमा देवी, प्रीति सिंह, निधि शर्मा,ज्योति रानी, किरण अरोड़ा, अनीता धीमान, चित्रलेखा, ममता, माधुरी, संध्या रानी, उषा रानी, संजय कुमार, मनीष गोयल, अखलाक अहमद, मूलराज शर्मा, जिलाध्यक्ष रामरतन बालियान, मूल भूषण शर्मा, देवराज मलिक, मोहित बालियान, साकिब निसार, पूजा शर्मा, रितु बालियान, नीलम तोमर, संगीता जावला, निशुतोष, पूजा एवं अन्य सैकड़ों अध्यापक अध्यापिकाएं सम्मिलित हुए।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षक।

# हथियार सप्लायर बंटी गैंग से जुड़े तीन और गिरफ्तार

## पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोशल मीडिया पर हथियारों से खेलने और उनका प्रदर्शन करने के खेल का खुलासा करते हुए शाहपुर पुलिस ने विगत माह भोपा पुलिस द्वारा पकडे गए फिरोज अंसारी उर्फ बंटी समेत जेल गए चौदह लोगों के गैंग से जुडे एक नाबालिग सहित तीन सप्लायरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

नाबालिग के पिता उत्तराखंड में हैड कांस्टेबल है। गिरोह का सरगना फिरोज उर्फ बंटी भोपा थाने से हथियारों की तस्करी में जेल जा चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल ने गैंग के खिलाफ की गई कार्यवाही की पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि भोपा पुलिस ने चार अगस्त को फिरोज अंसारी उर्फ बंटी समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनसे बड़ी संख्या में अवैध हथियार बरामद हुए थे। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस हथियारों की सप्लाई से जुड़े सदस्यों की टोह में जुटी हुई थी। इसी बीच शाहपुर थानाध्यक्ष मोहित चौधरी को जानक. ारी मिली कि कुछ लोग अवैध हथियारों की सप्लाई देने के लिए आ रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए प्रणव निवासी खेड़ा जट, अनस निवासी ताशीपुर थाना मंगलौर को तीसरे नाबालिग साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में इनके पास से 32 बोर की तीन पिस्टल, आठ तमंचे और 20 कारतूस बरामद किए है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया नाबालिग सबसे शातिर है, वो दबंगई दिखाने के लिए कारतूस से अपना नाम लिखकर सोशल मीडिया पर प्रदर्शित करता है। उसके पिता उत्तराखंड पुलिस में हैड कांस्टेबल और फिलहाल हरिद्वार जिले के एक थाने में तैनात है, जबकि उसका भाई एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है।

आरोपी काफी समय से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त में संलिप्त है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 20 हजार रूपये का पुरस्कार देने की घोषणा की।

### नौ अपराधिक मामले दर्ज हैं

**मुजफ्फरनगर।** एसपी देहात आदित्य बंसल के मुताबिक हथियारों की खरीद-फरोख्त में पकड़ा गया नाबालिग सोशल मीडिया पर उत्तराखंड में खुद को अंडर एज का पहला अपराधी बताता है। शारीरिक रूप से पुष्ट दिखने वाला आरोपी कागजों में नाबालिग है, लेकिन उसके खिलाफ 9 आपराधिक मामले दर्ज है। 2023 में उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पिता के पुलिस महकमे में होते हुए वो कई बरस से अपराध की दुनिया से जुड़ा हुआ है।

### जांच में मिले तथ्य: हथियारों से खेलने का शौकीन रहा है पकड़ा गया नाबालिग

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस को आरोपी के मोबाइल से कई चौंकाने वाली वीडियो मिली है। वीडियो में आरोपी एक समय में चार-चार शस्त्रों के साथ खेलता नजर आ रहा है। आरोपी को हथियारों से लगाव है। यही नहीं वो सोशल मीडिया पर भी कारतूसों से अपने नाम को अलग-अलग अंदाज में लिखकर पोस्ट करता है। वो फिरोज अंसारी के साथ जुड़कर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में हथियारों की सप्लाई कर धन अर्जित कर रहा है। इस धंधे में आरोपी खुद अंडर ऐज का पहला अपराधी बताता है।



मुजफ्फरनगर: पकड़े गए हथियार सप्लायरों के गिरोह की जानकारी देते एसएसपी व अन्य।

# श्याम वन्दना महोत्सव की शोभायात्रा आज

**■ श्याम परिवार सुखी परिवार समिति का 38वां महोत्सव शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति द्वारा 38 वां श्री श्याम बंदना महोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत बुधवार 10 सितंबर को बाबा श्याम की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो माता वाला मंदिर बिंदल बाजार नई मंडी से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए टाउन हॉल पर संपन्न होगी। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति जुड़े मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल, अचिन



सागर गर्ग, विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग, संजीव गर्ग, हर्षित अग्रवाल, प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल, अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंपल, राजेश कर्नबाल, गौरव गर्ग ने बताया कि शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण स्वर्ण रथ पर विराजमान बाबा श्याम होंगे, जिनका भव्य फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। यात्रा में तीन बैंड, दो डीजे, आठ झांकियां, डोल तथा नासिक बोल पार्टी भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे। समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठान और घरों को सजाकर बाबा श्याम का स्वागत करें।

महोत्सव का दूसरा प्रमुख आयोजन विशाल भजन संध्या शुक्रवार 12 सितंबर 2025 को रामलीला भवन, निकट नई मंडी कोतवाली, मुजफ्फरनगर में होगा। इसमें बिहार समस्तीपुर से प्रसिद्ध भजन गायिका रेशमी शर्मा, दिल्ली से भजन गायक अनुराग मित्तल और साज के बेताज बादशाह नरेश खूनिया अपने सुरों से बाबा श्याम के भक्तों को भाव-विभोर करेंगे। भजन संध्या का मुख्य आकर्षण बाबा श्याम का भव्य दरबार होगा, जिसे पहली बार मुजफ्फरनगर में सजाया जा रहा है। बाबा श्याम भव्य श्रृंगार में सजकर भक्तों को दर्शन देंगे।

# मदद मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण कड़ीः योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखण्ड, हिमाचल और पंजाब के लिए उत्तर प्रदेश के नागरिकों की ओर से भेजी मदद

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए 19 हजार राहत सामग्री किट के 48 वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आपदा में जिन परिवारों की आजीविका गम्भीर रूप से प्रभावित हुई है, उन्हें अभियान चलाकर बाढ राहत किट वितरित की जायेगी।



जनपद भ्रमण के दौरान अंबाला रोड स्थित सरोवर पोर्टिको से मुख्यमंत्री ने वाहनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण कडी है। आज उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उत्तराखण्ड, हिमांचल और पंजाब के नागरिकों के लिए राहत सामग्री को भेजा जा रहा हे। उन्होने उत्तराखण्ड में राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह और हिमाचल प्रदेश में राज्यमंत्री जसवंत सैनी राहत सामग्री और सहायता धनराशि लेकर जाने की जिम्मेदारी सौंपी। पंजाब में राहत सामग्री लेकर विधायक नगर राजीव गुम्बर को जिम्मेदारी दी गयी। उन्होने कहा कि ये जनप्रतिनिधि उत्तर प्रदेश सरकार की संवेदना वहां के नागरिकों तक पंहुचाने के साथ ही सरकार को पत्र भी उपलब्ध करवाएंगे कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सामग्री यहां पर उपलब्ध करवाई गयी है। और यह आश्वस्त करेंगे कि हम भी आपके संकट में आपके साथ खड़े हैं। सरकार के तीनों प्रतिनिधि राहत सामग्री का लाभ पीडितों को दिलाने में सहयोग प्रदान करेंगे। इन सब के बावजूद अन्य सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी तो उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ जनता हर पीड़ित के साथ खड़ी है उन्हें हर प्रकार का सहयोग करने के लिए कुछ तत्परता के साथ कार्य करेगी। प्रधानमंत्री मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के अभियान में तो सहभागी है ही, संकट में भी हमस ब मिलकर सामना करते हैं तो संकट, संकट नहीं रह जाता है। सदस्य विधान परिषद एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि आपदा के समय में मुख्यमंत्री और सरकार ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आपदा पीड़ित परिवारों के लिए बडी संख्या में राहत सामग्री की व्यवस्था की गयी है। इस दौरान राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, सदस्य विधान परिषद भूपेन्द्र सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक नगर राजीव गुम्बर, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, अपर पुलिस महा. निदेशक भानू भास्कर, मंडलायुक्त अटल कुमार राय, पुलिस उप महानि. रीक्षक अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सत्येन्द्र सिसोदिया, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सैनी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**मंत्री कुंवर बृजेश उत्तराखंड, मंत्री जसवंत सैनी हिमाचल व विधायक गुंबर यूपी की मदद लेकर जाएंगे पंजाब**



इस अवसर पर मण्डलायुक्त अटल कुमार राय एवं डीआईजी अभिषेक सिंह ने मुख्यमंत्री को ओडीओपी उत्पाद काष्ठ कला से निर्मित प्रभु श्री राम की मूर्ति भेंट की।

# मैजिक शो में जादू देख रोमांचित हुए बच्चे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार में मैजिक शो का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री डॉ. धर्मसिंह सैनी, बनवासी कल्याण आश्रम के संपर्क प्रमुख बृजेश प्रजापति, आईआईए के चौप्टर चेयरमैन गौरव चौपड़ा, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, समाजसेवी पदम सिंह सैनी, पार्षद प्रतिनिधि व कार्यक्रम संयोजक विनोद सैनी ने दीप प्रज्वलित कर व रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

जादूगर एस के शर्मा ने कटी रस्सी को जोड़ने सहित रस्सी के दर्जनों खेल, हाथ से बॉल व अण्डा गायब कर मुंह से निकालना, पांच सौ के नोट से पानी निकालना, नोट गायब करना, एक थैली में चौन डालकर उसे गायब करना और फिर सामने बैठे दर्शक के पर्स से चैन निकालना तथा छतरी व रुमाल सहित एक से बढ़कर एक करतब दिखाते हुए बच्चों एवं दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जादू के करतब देखकर बच्चे गुदगुदाए भी और खिलखिलाए भी।

महापौर डॉ. अजय सिंह, नगर विधायक राजीव गुंबर व महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नाई ने कहा कि मैजिक एक कला है, और कला हमारी संस्कृति का आधार है। महापौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर पार्षद प्रति. निधि व कार्यक्रम संयोजक विनोद सैनी ने सभी अतिथियों को सम्मान चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत भाषण आराध्या सैनी ने दिया।

कार्यक्रम में उपसभापति मयंक गर्ग, मेला वाइस चेयरमैन के के बत्रा, अहमद मलिक व नूतन तोमर के अलावा भाजपा नेता महेंद्र सचदेवा, समाजसेवी विश्वनाथ गोयल, अनुपम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीरत्ता, हन्नी वर्मा व अजय वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण शामिल रहे। संचालन मंडल अध्यक्ष विजय वर्मा ने किया।

# निजी स्कूलों की आपदा भी समझेंः अशोक

## डा. अशोक मलिक समेत निजी स्कूल संचालकों को किया नजरबंद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने यूपी के निजी स्कूलों व पंजाब में आई आपदा की तुलना करते हुए कहा कि निजी स्कूलों में 12 महीने आपदा होती है।

डा.अशोक मलिक ने यह बात लेबर कॉलोनी स्थित बीडीएम पब्लिक स्कूल में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर संघ पदाधिकारीयों को पुलिस प्रशासन द्वारा नजर बंद रखने पर कही। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना के उपरांत जिला प्रशासन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक को उनके कार्यालय में सुबह से ही नजर बंद कर दिया गया। इसके उपरांत जैसे ही पदाधिकारी गणो को जानकारी होती गई बीडीएम पब्लिक स्कूल में पदाधिकारीयों की संख्या बढ़ती चली गई और विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की जिद करने लगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी मुनीष चंद्र अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लिया।

डॉ अशोक मलिक ने कहा कि जनपद की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने कार्यालय को खाला का घर समझ रखा है शिक्षा विभाग का कार्य अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से अपने सरकारी आवास पर भारी सुविधा शुल्क लेकर कराया जा रहा है जिसकी अन्य विभाग से उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट जिलाध्यक्ष केपी सिंह महानगर अध्यक्ष गययूर आलम महानगर प्रभारी अजय सिंह रावत संगठन मंत्री दिनेश रुपडी महानगर मंत्री मुजाहिद नदीम पूर्व मंडल अध्यक्ष महताब अली टास्क फोर्स समिति के अध्यक्ष ईश्वर चंद फौजी महामंत्री हंस कुमार हरेंद्र कुमार राम प्रकाश अनिकेत वैभव श्रीमती सुषमा पूजा धीमान श्रीमती प्रिया कवात्रा कुमारी नैना कुमारी शिवानी श्रीमती डिंपल सरिता आदि उपस्थित रहे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के आद. ेशानुसार जिले के सर्किल, थानों व पुलिस लाइन में कार्यरत कर्मचारियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने तथा टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 31 अगस्त से वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के सभी सर्किलों एवं पुलिस लाइन की टीमों ने भाग लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिसार निरीक्षक वीरेंद्र बहादुर उपस्थित रहे। उन्होंने विजयी टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में नगर प्रथम सर्किल बनाम नगर द्वितीय सर्किल के बीच मैच हुआ जिसमें नगर द्वितीय सर्किल विजेता रहा। दूसरा मैच पुलिस लाइन बनाम देवबंद सर्किल के बीच खेला गया जिसमें पुलिस लाइन में विजेता रहा, सदर सर्किल बनाम बेहट सर्किल के बीच खेला गया, जिसमेंबेहट सर्किल विजेता रहा। इसके अलावा नकुड़ सर्किल बनाम गंगोह सर्किल के बीच खेला गया जिसमें गंगोह सर्किल विजेता रहा। सेमीफाइनल गंगोह सर्किल बनाम बेहट सर्किल के बीच खेला गया, जिसमेंबेहट सर्किल विज. ेता रहा। पुलिस लाइन बनाम नगर द्वितीय सर्किल के बीच खेला गया, जिसमें नगर द्वितीय सर्किल विजेता रहा। प्रतियोगिता को फाइनल बेहट सर्किल बनाम नगर द्वितीय सर्किल के बीच खेला गया जिसमें नगर द्वितीय सर्किल विजेता रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जोश व उत्साह देखने लायक रहा। विजेता नगर द्वितीय सर्किल टीम को ट्रॉफी व सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

**गंगोह।** पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए गंगोह मरकज मस्जिद से सोमवार एक ट्रक राशन व जरूरी सामग्री से भरकर किया रवाना। गंगोह गुलाम औलिया स्थित मरकज मस्जिद से सोमवार को एक ट्रक में राशन व अन्य सामग्री भरकर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए हाजी सलीम व अन्य समाजसेवियों ने रवाना किया गया। समाज सेवी और रालोद नेता हाजी सलीम कुरैशी ने कहा कि यह राहत कार्य इंसानियत की सेवा है।

# तालाबों का पुर्नद्धार बेहद जरूरीः डा. अजय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अमृत 2.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान व पीपुल्स साइंस इन्स्टीट्यूट देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में शैलो एक्वीफर मैनेजमेंटपर आयोजित कार्यशाला में गिरते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए भूगर्भ जल स्तर को बनाये रखने के लिए समन्वित रुप से कार्य करने पर जोर दिया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार ने वाटर हार्वेस्टिंग पर विस्तार से बात करते हुए जल संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तालाबों के पुनरोद्धार से जल स्तर को बनाये रखा जा सकता है। नगर निगम इस दिशा में गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। अनेक तालाबों का निगम द्वारा व आईटीसी द्वारा पुनरोद्धार किया गया है। महापौर ने प्रधानमंत्री मोदी के अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' का उल्लेख करते हुए वृक्षारोपण पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह शैलो सूख रहे हैं, वह चिंता का विषय हैं। इसके लिए जरुरी है सब लोग मिलकर काम करें।

महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने 'शैलो एक्वीफर मैनेजमेंट' पर जानकारी देते हुए कहा कि यह एक शहरी और ग्रामीण जलप्रबंधन तकनीक है, जिसका उद्देश्य वर्षा जल का उपयोग कर पानी निकालने की दर को नियंत्रित करना है ताकि भूजल स्तर को बनाये रखा जा सके। उन्होंने इसके लिए तालाबों और कुंओं के पुनरोद्धार पर जोर दिया। एनआईयूए की ओर से अनिरुद्ध ने पावर प्वाइंट के माध्यम से शैलों की जानकारी देते हुए धनबाद, ग्वालियर व अन्य शहरों में किये कार्यो का उल्लेख किया।

पीपुल्स इन्स्टीट्यूट के वैज्ञानिक डॉ एस के बरतरिया व मुख्य पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. अनिल गौतम द्वारा सहारनपुर की हाइड्रोलॉजी के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। भूगोलविद् डॉ. पी के शर्मा ने भी उक्त विषय पर विचार व्यक्त करते हुए अनेक सुझाव दिए।

कार्यशाला में अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, अधिशासी अभियंता सिंचाई रामबाबू, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्व. री, सहायक अभियंता विपुल कुमार व एसडीए के एई शमीम अहमद सहित निगम के अनेक अधिकारी शामिल रहे।

# छात्राओं को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी



**सहारनपुर।** संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत छात्राओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।

कस्तूरबा गांधी आवासी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के तहत सभी बालिकाओं को पोक्सो अधिनियमों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। जिससे वह अपने जीवन को प्रभावित ढंग से जीने का अधिकार प्राप्त कर सके तथा अपने साथ होने वाले अन्याय के बारे में कदम उठाने के लिए पहल कर सके। कार्यक्रम में श्रीमती सारिता सैनी, श्रीमती रूपा हरित व रोबिन सैनी आदि उपस्थित रहे।

# अभियान स्थगितः कांग्रेसियों ने ढूंढा आपदा में अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवा कांग्रेस द्वारा स्थगित किये गये हस्ताक्षर अभियान को रोकने पहुंची पुलिस ने युवा जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा को हाउस अरेस्ट कर लिया, जबकि अभियान के स्थगन की सूचना खुफिया विभाग को दे दी गई थी।

युवा कांग्रेस द्वारा हस्ताक्षर अभियान को चलाने के लिये तीन बार घोषणा की गई, लेकिन तीनों ही बार अभियान को अलग-अलग हवाला देकर स्थगित कर दिया गया। विगत दिवस रविवार को युवा जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाने की सूचना दी गई थी, लेकिन करीब एक घंटे के अंदर ही अभियान के स्थगित होने की सूचना भी दी गई। फिर भी पुलिस गौरव वर्मा को हाउस अरेस्ट करने के लिये पहुंच गई और कांग्रेस द्वारा अभियान को लेकर



हाउस अरेस्टिंग को हाथों हाथ लपककर मीडिया के लिये अपना काम कर दिया। कांग्रेस नेता गणेश दत्त शर्मा ने बताया कि अभियान स्थगित होने की सूचना खुफिया विभाग को दे दी गई थी, लेकिन पुलिस ने गौरव वर्मा के आवास पहुंचकर आज सुबह ही हाउस अरेस्ट कर लिया। हाउस अरेस्टिंग की सूचना पर वरिष्ठ नेता स. चंद्रजीत सिंह निक्कू के अलावा प्रवीण चौधरी, वरूण शर्मा, गणेश दत्त शर्मा, अक्षय चौधरी, अनिरुद्ध गुरुंग, राजीव बत्रा, राजन बिरला, शार्दुल चौहान, सोनू, अंकुर शर्मा आदि वहां पहुंचे।

बहरहाल अभियान के स्थगित होने की सूचना के बाद भी पुलिस द्वारा गौरव वर्मा को हाउस अरेस्ट करना एक सटीक विफलता हो, लेकिन कांग्रेसियों ने भी आपदा में अवसर ढूंढने का कोई मौका नहीं छोडा।

# हाजी फजलुर्रहमान बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर हुए रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फजलूर्रहमान पंजाब में आए सैलाब से पीड़ित लोगों की मदद के लिए आज सहारनपुर से पंजाब के लिए रवाना हुए।

पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान गाड़ियों के लंबे काफिले व मदद में शामिल रसद लेकर पंजाब के लिए रवाना हुए। पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने पंजाब रवाना होने से पहले कहा कि मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है और अल्लाह भी इससे खुश होते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय हमारे पंजाबी भाई बहनों पर आपदा आई है और उनकी मदद करना हम सभी का कर्तव्य है। पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मानवता की रक्षा के लिए आपदा की इस घड़ी में सभी लोग पंजाब सहित जिन क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न है, उन सभी क्षेत्रों में मदद पहुंचाएं। इस दौरान पूर्व सांसद के बेटे मोनिस रजा वरिष्ठ युवा सपा नेता, रमीज राजा कुरैशी, पूर्व सांसद पुत्र मोहम्मद अरसलान, इफ्तिखार इलाही, अमित, उमर, अनिल, योगेश कुमार, सैयद अनस, सोनू फहीम, क्रिकेटर अनजर मोनू, इजहान, शाहरुख, जुहैब अब्बा हू, शाहजेब सी.ए., मोहम्मद फरहान, शारिक अहमद, सैयद हस्सान पीआरओ व मीडिया प्रभारी पूर्व सांसद आदि शामिल रहे।

# रामलीला व दशहरे कार्यक्रम पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर मे रामलीला एवं दशहरा के कार्यक्रम को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी के प्रतिष्ठान पर श्री रामलीला उत्सव समिति के पदाधिकारियों को मीटिंग हुई जिस मे रामलीला एवं दशहरे के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।

मीटिंग में समिति के अध्यक्ष अजय कुमार जैन ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के प्राचीन शिव मन्दिर में आगामी 21 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक रामलीला महोत्सव कार्यक्रम शुरू हो जायेगे 23 सितम्बर को राम बारात बड़ी धूम धाम से निकाली जायेगी और 2 अक्टूबर को दशहरा पर बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

श्री रामलीला उत्सव समिति के प्रबंधक संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी ने कहा कि रामलीला कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है उनको निभाए दशहरे पर निकलने वाली शोभायात्रा बड़े धूम धाम से निकाली जाएगी इस के लिए बैंड बाजों की व्यवस्थाएं पहले ही करली जाएगी।

मीटिंग में अनिल सिंघल, मोहित जैन, सुधीर कर्णवाल अवनीश अग्रवाल, बिट्टू राजदेव, दीपक सिंहल, अजय सिंघल, सभासद सत्यप्रकाश रोहिला, उमेश राजदेव, अजय सिंघल उर्फ टीपू, आशु गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# पार्षदों ने मुख्य अभियंता निर्माण का किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज नगर निगम में नवनियुक्त मुख्य अभियंता (निर्माण) रमेश चंद्र का पार्षद दल की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद नितिन सिंह जाटव, पार्षद मो. हताशीम, पार्षद डॉ. हेतेश्याम, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद फजलुर रहमान, पार्षद हाजी गुलशेर, काजी साद आदि शामिल हुए। सभी पार्षदों ने रमेश चंद्र को नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएँ दीं और नगर के विकास कार्यों को गति देने की अपेक्षा व्यक्त की।


# श्रद्धा और भक्ति से मनाया क्षमावाणी पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं चंद्रप्रभु चौतालय में क्षमावाणी पर्व श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया। अर्हंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय व सर्वसाधू परमेष्ठी को नमन कर देव-शास्त्र-गुरु पूजा तथा मल्लीनाथ और चंद्रप्रभु भगवान को अर्घ समर्पित किया गया।

पंकज जैन सर्राफ, सुनील जैन, संजीव जैन सर्राफ, मनोज जैन, संयम जैन व धीरज जैन ने बताया कि दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन क्षमावाणी पर्व आत्मशुद्धि और वर्षभर का संचित मैल धोने का संदेश देता है। दस दिनों की साधना के उपरांत तीन लोक महामंडल विधान में पूर्ण आहुति देकर श्रद्धालुओं ने विश्व शांति की कामना की।जैन मिलन व महिला जैन मिलन ने क्षमाभाव व्यक्त कर 'जीओ और जीने दो' का संदेश दिया। अवसर पर मुकेश जैन, विवेक जैन, राजेश जैन, आशीष जैन, वर्धन जैन, नीलम जैन, मनीषा जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# अल्काराज ने जीता यूएस ओपन



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने एथलेटिक कौशल और शॉट-मेकिंग का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इटली के स्टार जैनिक सिनर को हराकर पुरूष एकल का खिताब अपने नाम किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय खिलाड़ी ने आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब फिर से हासिल किया और विश्व टेनिस के शिखर पर पहुंच गए है। इस जीत के साथ अल्काराज़ ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विबलडन में जीत के बाद अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया और उन्होंने इस साल की शुरुआत में विबलडन फाइनल में सिनर से

- **अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर फाइनल मुकाबले में जैनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1 व 6-4 से हराया**

मिली हार का बदला भी लिया। अल्काराज ने शुरुआती सेट 6-2 से जीत लिया, दोनों ओर से विजयी शॉट लगाए और सिनर की शुरुआती सर्विस ब्रेक कर लगातार दबाव में रखा।

हालांकि, इतालवी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी लय पकड़ी, अपनी सर्विस में सुधार किया और अल्काराज के बैकहैंड को निशाना बनाकर मुकाबला 6-3 से बराबर कर दिया। तीसरा सेट में अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर 6-1 से जीत हासिल की। चौथे सेट में सिनर ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 चौथा सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ, अल्काराज़ नोवाक जोको. विच के बाद तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी फिटनेस, सामरिक बहुमुखी प्रतिभा और बड़े मंचों पर उभरने की क्षमता ने उन्हें पुरुष टेनिस में एक नए युग की शुरुआत में अग्रणी बना दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि सिनर के साथ उनकी प्रतिद्वंद्विता अगले दशक को परिभाषित कर सकती है, ठीक उसी तरह जैसे फेडरर, नडाल और जोकोविच के बीच हुए शानदार मुकाबलों ने किया था।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## धीमी ओवर गति के लिए द. अफ्रीका पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दक्षिण अफ्रीका पर यह कार्रवाई एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ की ओर से गई। दक्षिण अफ्रीका को निर्धारित समय से एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। मैदानी अंपायर नितिन मेनन और रसेल वॉरेन, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने यह आरोप लगाये गए थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियम तहत खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार न्यूनतम ओवर गति के अपराध के दोषी पाये जाने पर खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा फेंके गए प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

## एशिया कप में संजू तोड़ सकते हैं महेन्द्र धोनी का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाने वाले आगामी एशिया कप 2025 में संजू सैमसन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टी-20 में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ सकते है। हाल ही में संजू सैमसन के 'नो लुक सिक्स' की भी काफी चर्चा हुई। जब वो फॉर्म में होते हैं तो उनके बल्ले को रोकना नामुम. कन होता है, केरल लीग में उन्होंने पांच मैचों में ही 30 छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वो अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं।

# अनन्या, दिव्यांशी ने उत्तरी मैसेडोनिया में अंडर-15 युगल वर्ग में रोमांचक मुकाबले में जीता सोना

- **भारतीय जोड़ी उतार-चढ़ाव भरे मुकबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की की झाओं और लियू को 3-2 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनन्या मुरल. ीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने उत्तरी मैसेडोनिया के स्कोप्जे में आयोजित डब्ल्यूटेटे यूथ स्टार कटेंडर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 गर्ल्स डबल्स का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में अद्भुत धैर्य और सहनशक्ति का प्रदर्शन करऐ हुए रोमांचक फाइनल में चीन की झाओ वांगकी और लियू ज़िलिग को 3-2 से हराया। चीनी जोड़ी के साथ कड़ी टक्कर के बाद, अनन्या और दिव्यांशी ने निर्णायक मुकाबले में अपना संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण मैच पॉइंट बचाकर मुकाबला 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से अपने नाम कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था, और रियाना और एंजेलिका को अंतत: कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। भारत की पदक तालिका में पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने और इजाफा किया, जिन्होंने क्रमश: अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो से सीधे गेमों (6-11, 7-11, 8-11) में हार गए, जबकि )त्विक को अपने खिताबी मुक. ाबले में कोरिया के ली सेउंगसू से 8-11, 5-11, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। युगल मुकाबलों में भी उत्साह देखने को मिला, जिसमें पी-बी- अभिनंद ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 मिक्स्ड डबल्स में अभिनंद और सिड्रेला दास की जोड़ी ने, और अंडर-15 बॉयज डबल्स में ऋत्विक गुप्ता और साहिल रावत की जोड़ी ने पदक जीते।

## गुरदित बाल्कन ओपन में बने सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर

**नई दिल्ली, वार्ता।** द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य गुरदित सिंह ने बाल्कन ओपन क्लासिक एंड इक्विप्ड (बेंच प्रेस/स्क्वाट/डेडलिफ्ट) चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर बनकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इससे पहले, 2024 में, उन्होंने इंग्लैंड में इंग्लिश ओपन में भी सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का खिताब जीता था। गुरदित ने जूनियर 110 किलोग्राम वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का पुरस्कार जीता, जबकि सुमित दास ने सीनियर 110 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और जगदीश सिंह जस्सा ने सीनियर 100 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 6-7 सितम्बर को बेलग्रेड, सर्बिया में आयोजित हुई बाल्कन ओपन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में, भारत के गुरदित सिंह ने कुल 667-5 किलोग्राम (क्लासिक रॉ) भार उठाकर सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर (जूनियर वर्ग) का खिताब जीता। सुमित दास और जगदीश सिंह जस्सा दोनों ने फुल पावरलिफ्टिग रॉ वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। आईपीएल इंडिया के अध्यक्ष, ओम प्रकाश अंगरीश ने भारतीय टीम के कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्यों को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरी भारतीय टीम ने अपने कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र के साथ-साथ आईपीएल इंडिया और शेरू क्लासिक वर्ल्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हमें यह सफलता मिली।

# भारतीय महिला हॉकी टीम सिंगापुर को 12-0 से रौंदकर सुपर चार में

**चीन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिगापुर के खिलाफ 12-0 की शानदार जीत के साथ महिला एशिया कप 2025 के सुपर 4 में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारतीय महिला टीम के लिए नवनीत ने (14वें, 20वें, 28वें) और मुमताज ने (दूसरे, 32वें, 39वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाई तथा नेहा ने (11वें, 38वें) मिनट में दो गोल किए। जबकि लालरेमसियामी ने (13वें), उदिता ने (29वें), शर्मिला ने (45वें) और रुतुजा पिसल ने (53वें) मिनट में गोल किए। भारत के लिए मुमताज दूसरे मिनट में ही गतिरोध तोड़ते हुए गोलकर दमदार शुरुआत की। नेहा ने 11वें मिनट में रिबाउंड पर शानदार गोलकर बढ़त दोगुना कर दी। दो मिनट बाद ही, लालरेम. सियामी ने नजदीकी रेंज से एक

- **मुमताज ने तीसरी बाद टीम के लिए गोल दागा जिससे भारत की मैच में दूसरी हैट्रिक बनी**

और गोल करके बढ़त को 3-0 कर दिया। पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले नवनीत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 4-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में सिगापुर ने प्रतिरोध दिखाया, लेकिन नवनीत ने 20वें मिनट में एक और ज़बरदस्त गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने लगातार दबाव बनाते हुए लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत ने गोलकीपर को छकाते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की और 28वें मिनट में बढ़त को और मज़बूत किया। इसके तुरंत बाद, उदिता ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर संयमित तरीके से गोल करके हाफ टाइम तक भारत को 7-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम पूरी तरह से नियंत्रण में थी। 32वें मिनट में, लालरेमसियामी ने मुमताज को एक तेज पास देकर स्कोर 8-0 कर दिया।

भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और नेहा ने 38वें मिनट में फिर से गोल दागा। कुछ मिनट बाद, मुमताज ने तीसरी बार गोल दागा, जिससे भारत की मैच में दूसरी हैट्रिक बनी। क्वार्टर के अंत में, भारत ने मुकाबले का अपना 12वां पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। नेहा का ज़बरदस्त शॉट बचा लिया गया, लेकिन शर्मिला ने रिबाउंड पर गोल करके बढ़त 11-0 कर दी। अंतिम क्वार्टर में, भारत ने दबाव बनाए रखा और रुतुजा पिसल ने 53वें मिनट में एक बेहतरीन डिफ्लेक्शन के साथ स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज करा लिया।

# हांगकांग ओपन में पीवी सिंधु की अगुवाई में भारतीय टीम उतरेगी

- **इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्लयूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन रहा**



**हांगकांग, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिधु मंगलवार से शुरू हो रहे हांगक. ांग ओपन 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त सिधु अपने पहले दौर के मैच में यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से मुकाबला करेंगी। महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में सिधु के साथ हमवतन अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज भी हैं, जबकि महिला युगल वर्ग में रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा एकमात्र भारतीय जोड़ी हैं। सिधु के लिए, पिछले महीने पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना, इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन था। इंडियन ओपन में अपने प्रदर्शन के बाद सिधु बीडब्ल्यूएफ टूर पर चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं और तीन बार अंतिम 16 में पहुंची हैं। वहीं पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। लक्ष्य सेन का यह सीजन संघर्षपूर्ण रहा है। पुरुष एकल वर्ग में उनके साथ हमवतन एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी होंगे, जो इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत हांगकांग ओपन में अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड से करेंगे, जहां उनका सामना थारुण मन्नेपल्ली से होगा। दूसरी ओर, पुरुष युगल में भारत की चुनौती की अगुवाई सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी करेंगे। पिछले महीने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में आखिरी बार एक्शन में नज़र आए सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पेरिस में सेमीफाइनल तक का सफर तय करके यह सुनिश्चित किया कि 2011 से हर संस्करण में कम से कम एक पदक जीतने का भारत का सिलसिला बरकरार रहे।

# महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित हुए सिराज

- **सिराज ने इंग्लैंड दौर पर प्रभावित किया था और 5वें टेस्ट में अपनी दमदार गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया था**



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्महद सिराज को आईसीसी के अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। सिराज ने इंग्लैंड दौरे पर प्रभावित किया था और पांचवें टेस्ट में अपनी दमदार गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया था।

इस मैच के जीतने से ही भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रा कराने में सफल रही थी। सिराज के साथ इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज़ के जेडन सील्स भी शामिल हैं। सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाए। जून के अंत में शुरू यह सीरीज अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई। सिराज ने पांचों टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रा करने में मदद की। आईसीसी ने कहा, मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी सीरीज के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। सीरीज के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले। उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए और उसके बाद दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में उनके निर्णायक स्पैल ने भारत को जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस शानदार प्रयास के लिए सिराज को इस मैच का प्लेयर आफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड के हेनरी को जिम्बाब्वे में टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है। इस दाएं हाथ के गेंदबाज ने इस सीरीज में 16 विकेट लिए। हेनरी ने पहले टेस्ट में नौ तथा दूसरे टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई। सील्स के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने 34 साल में पहली पर वनडे सीरीज में पाकिस्तान को शिकस्त दी। सील्स ने तीन मैचों की इस सीरीज में 10 विकेट लिए। इसमें आखिरी मैच में उन्होंने 18 रन देकर छह विकेट लिए जिससे पाकिस्तान की टीम 295 रन का पीछा करते हुए महज 92 रन पर सिमट गई।

## राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर ने लहराया परचम

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में अलवर जिले के नीमराना में पांच से सात सितम्बर तक आयोजित प्रतिष्ठित राजस्थान सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, चार सिल्वर और एक कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। श्रीगंगानगर तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष मंजू बाला ने सोमवार को बताया कि जिले के तीरंदाजों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। पुरुष कंपाउंड टीम में पुलकित काजला, प्रबलप्रताप, यश नेण और जसमीतसिंह की चौकड़ी ने शानदार समन्वय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंडियन राउंड इंडिविजुअल स्पर्धा में गुरजीतसिंह ने अपनी सटीक निशानेबाजी से रजत पदक हासिल किया। रिकर्व महिला इंडिविजुअल में अमनदीपकौर ने रजत जीता। वहीं रिकर्व मिक्स टीम में दिलीप रेगर और सुश्री अमनदीपकौर की जोड़ी ने भी रजत पदक पर कब्जा जमाया।

# अफगानिस्तान को हराकर पाक ने जीती त्रिकोणीय श्रृंखला



**शारजाह, वार्ता।** मोहम्मद नवाज (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने फाइनल मुक. ाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला अपने नाम कर ली। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे लडखड़ाई और एक के बाद एक उसके विकेट गिरते चले गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की पूरी टीम 15-5 ओवर में 66 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 75 रनों से जीत लिया। अफगानिस्तान के केवल दो बल्लेबाज कप्तान राशीद खान (17) और सेदिघुल्लाह अटल (13) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। नवाज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। उन्होंने पहले दरविश रसूली और अजमतुल्लाह ओमरजई को लगातार गेंदों पर बिना खाता खोले आउट किया और फिर अपने अगले ओवर की पहली ही गेंद पर इब्राहिम जादरान (नौ) को स्टंप आउट कराकर अपनी हैट्रिक पूरी की। नवाज पाकिस्तान के तीसरे गेंदबाज है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में हैट्रिक बनाई। उनसे पहले फहीम अशरफ और मोहम्मद हसनैन यह कारनामा कर चुके हैं। मोहम्मद नवाज ने चार ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए। अबरार अहमद और सुफियान मकीम को दो-दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर : हरमनप्रीत सिंह



**बिहार, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बाद सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर होगा। हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरी तरह से एकाग्र थे। हम जानते थे कि हमें यह मैच जीतना है और हमने खुद से कहा कि विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का यही एकमात्र रास्ता है। आज एशिया की नंबर एक टीम के रूप में टूर्नामेंट में उतरते हुए, हम अपनी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते थे। हालांकि हमने अपनी उम्मीदों के मुताबिक शुरुआत नहीं की, खासकर पिछले तीन मैचों में, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया और यही हमारे प्रदर्शन का स्तर है। इसने हमें एक टीम के रूप में अपनी क्षमता का एहसास दिलाया। मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। कोरिया के खिलाफ टीम के प्रदर्शन के बारे में दिग्गज ड्रैगफ्लिकर ने कहा, हहर मैच से कुछ न कुछ सीख मिलती है। कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ एक ऐसा झटका था जिससे हम उबरना चाहते थे और हमने फाइनल में इसे पलट दिया। मैं टीम की रक्षापंक्ति की खास तौर पर सराहना करूंगा। हर खिलाड़ी ने मजबूत डिफेंस में योगदान दिया। हमारे फॉरवर्ड ने कई मौके बनाए और गोल में तब्दील किए। अब, हमारा ध्यान विश्व कप पर है और हमारे पास तैयारी के लिए एक साल है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि गर्म परिस्थितियों में 10 दिनों में सात मैच खेलना आसान नहीं है। यह वाकई मुश्किल है, लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है और उन्होंने सचमुच चैंपियन की तरह खेला है।

## मनप्रीत ने एशिया कप की जीत को बाढ़ पीड़ित पंजाब के लोगों को समर्पित किया

**बिहार, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 की जीत को पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों को समर्पित किया।

मैच जीतने के बाद मनप्रीत ने कहा कि मैं इस जीत को पंजाब के लोगों को समर्पित करना चाहता हूं, जो अकल्पनीय शक्ति और लचीलेपन के साथ विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं।

यह जीत हर उस पीड़ित के लिए है जो अपना जीवन फिर से बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है, और उन निस्वार्थ स्वयंसेवकों के लिए है जो जरूरतमंदों को बचाने, उनका समर्थन करने और उनके पुनर्वास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। आपका जज्बा ही हमारी सच्ची प्रेरणा है, और यह जीत पंजाब के साहस को श्रद्धांजलि है।

# नेपाल में विद्रोह

सोशल मीडिया को बैन करने और भ्रष्टाचार को लेकर सोमवार को नेपाल में हजारों युवाओं ने संसद भवन परिसर में घुसकर सरकार के खिलाफ विद्रोह कर दिया। नेपाल सरकार ने तीन सितंबर को फेसबुक, इंस्टा, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स बैन करने का फैसला किया है। नेपाल युवाओं ने सरकार के इस फैसले को बोलने की आजादी छीनने के रूप में लिया। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

कहीं सेना ने गोलियां भी चलाई। जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई, दो सौ से ज्यादा घायल बताए जाते हैं। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि प्रदर्शन अभी समाप्त नहीं हुआ। नेपाल के इतिहास में संसद में यह पहला मामला है। नेपाल में भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया गया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गया है। प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। हालांकि विरोध को बढ़ता देख सरकार ने सांय सवा तीन बजे के बाद बिना वर्चअुल नेटवर्क इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया प्लेटफार्म चल रहे हैं। असल में नेपाल सरकार ने एससी के निर्देश के बाद सभी प्लेटफार्म को सात दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन का आदेश दिया था, सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना यह प्लेटफार्म देश में फेक आईडी, हेट स्पीच, साइबर क्राइम के लिए प्रयोग हो रहे हैं। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन न कराने पर सरकार ने चार सितंबर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफार्म भी हैं।

हालांकि टिकटॉक फाइबर जैसे प्लेटफार्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने रजिस्ट्रेशन समय पर करा लिया था। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्कमल दहल प्रचंड ने सरकार से युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। वहीं नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ना बताया है। उनका कहना है कि बड़े भ्रष्टाचार के घोटाले और सरकारी नियुक्तियों की खरीद-फरोख्त समझते आ रहे युवा पीढ़ी में गुस्सा बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रदर्शन में 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी जो 28 से 30 वर्ष के हैं, संसद में घुसने के समय मौजूद थे। युवाओं का यह प्रदर्शन कई जिलों में फैला हुआ है। इससे साफ है कि यह मात्र कोई मामूली प्रदर्शन नहीं है, बल्कि सरकार के खिलाफ विद्रोह है। यह विद्रोह श्रीलंका, बांग्लादेश की याद दिला रहा है। वहां भी लोगों का आक्रोश इसी तरह देखने में आया था। कुछ जानकार यह भी मानते हैं कि नेपाल के विद्रोह के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है। मौजूदा सरकार के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली चीन समर्थक बताए जाते हैं। जिसके चलते अमेरिका उनसे नाराज बताया जाता है और उस विद्रोह के पीछे अमेरिका को जिम्मेदार माना जा रहा है। वैसे इसमें कोई नई बात भी नहीं है। हर विद्रोह के पीछे विदेशी शक्तियां अपना खेल तो खेलती ही हैं। भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## आदिवासियों के हितों की अन्देखी



ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है, प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा, पिछले ग्यारह वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किए गए हैं, इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है, ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है, यह दुनिया की सबसे अनोखी वनस्पतियों और जीवों में एक के लिए खतरा है।

**श्रीमती सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष**

# रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना!





**अशोक मधूप**

आज जगह-जगह रिश्तों का खून हो रहा है। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति-पत्नी को मार रहा है। पत्नी पति की हत्याकर रही है। भाई बहन को मारते नहीं झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नहीं कांप रहे। मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है।

आज समाज का सबसे दुखद और चिंताजनक पहलू यह है कि जिन रिश्तों को सबसे पवित्र और मजबूत माना जाता है, वहीं रिश्ते टूट रहे हैं और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। समाचार पत्र और टीवी चैनल लगभग रोजाना ऐसी खबरें दिखाते हैं। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति-पत्नी को मार रहा है। पत्नी पति की हत्या कर रही है। भाई बहन को मारते नहीं झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नहीं कांप रहे। मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है। व्यक्तिवाद ने समाज पर अपना अधिकार कर लिया।

इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर इंसान को इतना निर्दयी और क्रूर कौन बना रहा है? जिन संबंधों में विश्वास, अपनापन और प्रेम होना चाहिए, वहां नफरत, तनाव और हिंसा क्यों बढ़ रही है? लगता है कि भारतीय परिवार टूटने का असर यह हुआ है कि एकल परिवार अब अपने तक सीमित होने की जद्दोजहद में है। पहले संयुक्त परिवार होते है। सामूहिक चूल्हा होता था। सामूहिक खानपान था। हमारे बचपन तक खाना रसोई के पास जमीन पर बैठकर जीमा जाता था। परिवार के बुजुर्ग बच्चे साथ बैठकर भोजन करते थे। सब दुख-सुख के साथी थे। प्रायः जरूरत के सामान सब घर के आसपास मिल जाते थे। धीरे-धीरे परिवार की जरूरतें बढ़ने लगीं। युवक रोजगार के लिए बाहर जाने लगे। धीरे-धीरे उनके साथ पत्नी और बच्चे नौकरी वाले स्थान पर रहने लगे। आज आदमी अपने तक सीमित होकर रह गया। व्यक्तिवाद हावी हो गया।

लगता है कि जैसे समाज ने सारे रिश्ते जंगल बनाकर रहेंगे। हम आदि व्यवस्था से भी आदम की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इन सब रिश्तों को दोबारा कैसे जिंदा किया जाए इस पर विचार करना होगा। पहले के समय में संयुक्त परिवार होते थे। परिवार के बुजुर्ग विवादों को संभालते, बच्चों को संस्कार देते और छोटी-छोटी गलतियों को समय रहते सुधार लेते। आज अधिकांश परिवार 'न्यूक्लियर फैमिली' यानी छोटे परिवार बन गए हैं। ऐसे में पति-पत्नी के झगड़े सुलझाने वाला कोई नहीं होता। माता-पिता और बच्चों के बीच पीढ़ीगत संवाद टूट गया है। अकेलापन और अवसाद घर कर जाता है। जब संवाद टूटता है तो गलतफहमियां बढ़ती हैं और छोटी-सी बात हिंसा तक पहुंच जाती है।

पहले मोहल्ले और गांव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक-दूसरे से अलग-थलग हो गए हैं। 'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते। इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं। परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है। पिता बेरोजगार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है। पति-पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी-कभी खून-खराबे में बदल जाते हैं। शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है।

पहले मोहल्ले और गांव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक-दूसरे से अलग-थलग हो गए हैं। 'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते। इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं। परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है। पिता बेरोजगार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है। पति-पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी-कभी खून-खराबे में बदल जाते हैं। शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है।

बच्चों को नैतिक शिक्षा, संस्कार और धैर्य सिखाने की परंपरा कमजोर हो चुकी है। सम्मान और सहनशीलता की जगह 'आत्मकेंद्रितता' बढ़ रही है। लोग रिश्तों को बोझ समझने लगे हैं। आपसी विश्वास और त्याग की भावना खत्म हो रही है। यही कारण है कि भाई-बहन, पति-पत्नी, मां-बेटे जैसे पवित्र रिश्ते भी हत्या जैसे अपराध तक पहुंच जाते हैं। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन की धारा को बदला है। युवा वर्ग आभासी Virtual दुनिया में ज्यादा जी रहा है। परिवार को समय न देकर 'फ्रस्ट्रेशन' (तनाव) में डूब जाता है।अपराध आधारित वेब सीरीज और हिंसक वीडियो गेम ने भी संवेदनाओं को कुंद कर दिया है। लोग वास्तविक जीवन में भी गुस्से और हिंसा को सामान्य मानने लगे हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ी समस्या है। डिप्रेशन, तनाव और मनोविकृति से पीड़ित लोग अक्सर हिंसा की ओर बढ़ जाते हैं। कई बार माता-पिता अवसाद में आकर अपने ही बच्चों की हत्या कर देते हैं। युवा अवसादग्रस्त होकर माता-पिता पर हमला कर बैठते हैं। मानसिक रोगों की पहचान और इलाज की व्यवस्था की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। परिवारों में संपत्ति विवाद हिंसा का बड़ा कारण है। भाई-भाई की हत्या कर देते हैं। बेटे-बेटियां मां-बाप की संपत्ति हथियाने के लिए उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। जमीन-जायदाद के झगड़े अक्सर खून-खराबे तक पहुंच जाते हैं। पारिवारिक हिंसा सिर्फ अपराध नहीं है, बल्कि समाज की चेतावनी भी है। यह हमें बताता है कि हम रिश्तों के मूल्य, संस्कारों और आपसी संवाद को खोते जा रहे हैं। अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया तो परिवार जैसी संस्था ही कमजोर हो जाएगी। हमें यह समझना होगा कि पैसा, आधुनिकता और तकनीक से ज्यादा महत्वपूर्ण मानवता, प्रेम और विश्वास है। यदि रिश्तों में करुणा, धैर्य और संवाद कायम रहेगा तो न बाप बेटी को मारेगा, न बेटी बाप को, न पति पत्नी पर हाथ उठाएगा और न ही भाई-बहन, मां-बाप, बेटे-बेटी हत्या तक पहुंचेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# श्रद्धा से श्राद्ध तकः पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता

**इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण-श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है। पितृ दोष को ज्योतिष शास्त्र में अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता-पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण होना असंभव है।**



**योगेश कुमार गोयल**


भाद्रपद माह की पूर्णिमा से शुरू होकर पितृमोक्षम अमावस्या तक पितृ पक्ष हर साल प्रायः 15 दिनों का होता है। हिन्दू पंचाग के अनुसार इस बार पितृ पक्ष की शुरुआत 7 सितम्बर से हुई है और 21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन पितृ पक्ष का समापन होगा। हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष को बहुत अहम माना गया है लेकिन इस दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीदारी, नए कपड़े खरी. दना, कोई नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं।

दरअसल हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात् सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं। श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक'। हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परि. जनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में 'महालय' या 'कनागत' के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। प्राचीन हिन्दू धर्म ग्रंथों और धार्मिक परम्पराओं में पितृपक्ष के अलावा भी श्राद्ध का उल्लेख मिलता है। धर्मसिंधु में तो श्राद्ध के लिए वर्षभर की सभी 12 अमावास्याओं, 4 पुणादि तिथियों, 14 मन्वादि तिथियों, 12 संक्रांतियों, 12 वैधृति योग, 12 व्यतिपात योग, 15 पितृपक्ष, 5 अष्टका, 5 अन्वष्टका और 5 पूर्वेद्यु अर्थात् 96 कालखंड का विवरण मिलता है किन्तु पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध कर्म करने का महत्व सर्वाधिक माना गया है। पूर्वजों के निधन की तिथि के अनुसार पितृपक्ष के दौरान उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है लेकिन पारंपरिक अवधारणाओं के अनुसार अगर किसी पितर की मृत्यु तिथि मालूम नहीं है तो उनका श्राद्ध अमावस्या के दिन किया जाता है, जिसे 'सर्व पितृ अमावस्या' भी कहा जाता है। जिन परिजनों की मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती, उन सभी का श्राद्ध इस दिन किया जा सकता है।

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परि. जनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आव्हान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# पंजाब की बाढ़ त्रासदी, 2047 के सपने और 2025 का पानी-पानी



**वीरेश तरार**

देश आजादी के अमृतकाल में है और सत्ताधारी नेतृत्व सन 2047 तक विकसित भारत का सपना दिखा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। इस वर्ष उत्तर भारत ने वह त्रासदी देखी है जिसने विकास के तमाम दावों को बहा दिया और एक सवाल खड़ा कर दिया है कि अगर पानी ही नियंत्रित नहीं किया जा सका, तो विकास की इमारत टिकेगी कैसे। पंजाब, जो देश की अन्न भंडार कहा जाता है, इस बार बाढ़ की विभीषिका में बुरी तरह टूट गया है। खेत खलिहान डूब गए, मवेशी बह गए, घर उजड़ गए और पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नौ सितम्बर को खुद पंजाब का दौरा कर रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि इस त्रासदी ने पंजाब की रीढ़ तोड़ दी है। यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि एक गहरी चेतावनी है कि हम अपनी नदियों और बांधों की राजनीति के जाल में फंसे रहकर विकास का स्थाई मॉडल गढ़ नहीं सकते।

पंजाब में इस बार की बाढ़ ऐतिहासिक है। उन्नीसवीं और बीसवीं सदी के शुरुआती वर्षों में जब-जब यहां बाढ़ आई थी, तब भी नुकसान हुआ, लेकिन इस बार का नुकसान कहीं ज्यादा व्यापक और गहरा है। खेतों की खड़ी फसलें मिट्टी में समा गईं, डेयरी और पशुपालन से जुड़े लाखों परिवार मवेशियों के मरने और चारे की कमी से तबाह हो गए। अनाज मंडियों में पहुंचने वाला उत्पादन लगभग आधा रह गया है और जो बचा है, उसमें भी नमी और सड़न का खतरा मंडरा रहा है। राहत सामग्री के ट्रक भले लगातार



गांव-गांव पहुंच रहे हों, लेकिन यह किसी भी स्थिति में स्थाई समाधान नहीं है। पंजाब आज केवल ट्रक भर-भर कर पहुंचाई जा रही राहत सामग्री पर निर्भर होने को मजबूर है। एक कृषि प्रधान राज्य जब राहत के पैकेटों पर जिंदा रहने लगे, तो यह विकास मॉडल की सबसे बड़ी विडंबना है।

पंजाब की त्रासदी का असर केवल स्थानीय नहीं रहेगा। यहां की गेहूं-धान उत्पादन प्रणाली पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा टिकी हुई है। अगर यह चक्र टूटता है तो आने वाले वर्षों में देश को खाद्य संकट का सामना करना पड़ सकता है। यही कारण है कि पर्यवेक्षक कह रहे हैं कि पंजाब का यह नुकसान सालों तक महसूस किया जाएगा। बाढ़ ने न केवल बुनियादी ढांचे को ध्वस्त किया है, बल्कि पंजाब के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को भी हिला दिया है।

बाढ़ का प्रकोप केवल पंजाब तक सीमित नहीं रहा। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भूस्खलन से सैकड़ों गांव उजड़ गए। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के मार्ग अवरुद्ध हुए और हजारों तीर्थयात्री फंसे। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में भी नदियों ने कहर बरपाया। लेकिन जब सारी नदियां बिहार में मिलती हैं और ऊपर से नेपाल का अतिरिक्त पानी वहां उतरता है, तो स्वाभाविक है कि बिहार सबसे बड़ी कीमत चुकाता है। बिहार की नदियों ने एक बार फिर लाखों लोगों को बेघर किया, खेतों को जलमग्न कर दिया और ग्रामीण जीवन को महीनों पीछे धकेल दिया। बिहार दरअसल पूरे उत्तर भारत की बाढ़ का अंतिम गंतव्य है। यहां जब-जब पानी बढ़ता है, तो यह केवल स्थानीय आपदा नहीं होती बल्कि पूरे उत्तरी क्षेत्र की अव्यवस्थित जल-नीति का परिणाम होती है।

यहां यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या हमारी जल-नीति सही दिशा में है। वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने एक नई बांध नीति बनाई थी, जिसके तहत पूरे देश के छोटे-बड़े बांधों का रख-रखाव और नियंत्रण केंद्र के हाथों में आ गया। राज्यों को केवल इसका खर्च वहन करना है। उद्देश्य था कि बाढ़ जैसी त्रासदियों से समय रहते चेतावनी मिल सके, तकनीकी खामियां दूर हों और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो। लेकिन इस बार की त्रासदी ने दिखा दिया कि यह व्यवस्था भी कारगर साबित नहीं हुई। केंद्र की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए थी कि समय रहते राज्यों को चेताया जाता और समन्वय बैठकों के जरिए सामूहिक तैयारी की जाती। हरियाणा, जो स्वयं भाजपा शासित राज्य है, क्या उसने केंद्र के साथ ऐसी बैठकें कीं? उत्तर प्रदेश और बिहार में क्या जल प्रबंधन को लेकर कोई ठोस कदम उठाए गए? हिमाचल की त्रासदी के लिए कांग्रेस सरकार को दोष देने वाले क्या हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों को इसी कसौटी पर नहीं कसना चाहिए? सवाल यह है कि जब बांध नीति केंद्र के अधीन है, तो क्या इस भारी जन और धन हानि की जवाबदेही भी केंद्र को नहीं लेनी चाहिए? राज्यों पर समन्वय न बैठाने का बहाना बनाना आखिर कितनी नैतिकता रखता है?

इसी क्रम में दूसरा बड़ा प्रश्न वृक्ष कटान का है। इस बार की बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं को देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने भी गंभीर संज्ञान लिया है। पहाड़ों में अंधाधुंध वृक्ष कटान पर प्रतिबंध के बावजूद बड़ी संख्या में लकड़ी के लठे और पेड़ों के ठूंठ बाढ़ के साथ बहते हुए मैदानों में पहुंचे। यह साफ संकेत है कि या तो प्रतिबंध का पालन नहीं हुआ, या फिर संगठित रूप से नियमों की अनदेखी की गई। वृक्ष कटान से पहाड़ कमजोर हुए, मिट्टी का क्षरण बढ़ा और परिणामस्वरूप बारिश का पानी रोकने वाले प्राकृतिक अवरोध टूट गए। यही कारण है कि वर्षा की तीव्रता पहले से कहीं अधिक विनाशकारी साबित हुई। सवाल यह है कि जब सीमावर्ती पचास किलोमीटर क्षेत्र गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी में आता है और बांध विभाग भी केंद्र सरकार के अधीन है, तो इतने व्यापक पैमाने पर वृक्ष कटान कैसे संभव हुआ? क्या यह राज्यों की विफलता थी या केंद्र की लापरवाही? जवाबदेही तय होना ही चाहिए।

यह भी सोचने का समय है कि प्रकृति की चेतावनी को किस तरह लिया जाए। लगातार बदलते मौसम चक्र, ग्लेशियरों के पिघलने की गति और मानसून की अनिश्चितता ने संकेत दे दिए हैं कि आने वाले वर्षों में पानी का संकट और गहराएगा। एक ओर बाढ़, दूसरी ओर सूखाकृयही दो ध्रुवीय स्थितियां अब हमारे सामने बार-बार आती रहेंगी। ऐसे में जरूरी है कि जल प्रबंधन केवल इंजीनियरिंग का सवाल न रहे, बल्कि उसे पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक न्याय की .ष्टि से भी देखा जाए।

आज जब प्रधानमंत्री पंजाब का दौरा कर रहे हैं, तब यह केवल राहत पैकेज या मुआवजे की घोषणा का सवाल नहीं होना चाहिए। यह अवसर होना चाहिए कि हम राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और नीतिगत सुधार की चर्चा को केंद्र में लाएं। अगर हमने आज से तैयारी नहीं की, तो 2047 के विकसित भारत का सपना केवल नारों और भाषणों में रह जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 'X' ने कुरेदे 1965 की जंग के जख्म, कहा: पाक की हुई थी स्ट्रैटजिक हार

## पाकिस्तानी पीएम बोले थे: 60 साल पहले हमारी सेना ने दुश्मन का हमला नाकाम किया

**इस्लामाबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के कम्युनिटी पोस्ट ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के 1965 भारत-पाक जंग से जुड़े दावों की पोल खोल दी। शहबाज ने एक्स पर लिखा कि 6 सितम्बर हमारे देश के लिए वीरता और एकता का प्रतीक है। साठ साल पहले 1965 में हमारी सेना ने जनता के साथ, दुश्मन के हमले को नाकाम किया और साबित किया कि पाकिस्तान एक मजबूत राष्ट्र है, जो अपनी रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। 1965 की वह अटूट भावना आज भी जीवित है। इस पर एक्स ने जवाब देते हुए लिखा: भारत और पाकिस्तान के बीच हुई 1965 का जंग पाकिस्तान के लिए एक स्ट्रैटजिक और पालिटिकल हार थी।

पाकिस्तान की कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाक को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था। पाकिस्तानी पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ हाल संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सेना और जनता एक मजबूत दीवार की तरह एकजुट होकर बाहरी हमलों के खिलाफ खड़े हुए हैं, हमने हर बार दुश्मन के घमंड को कुचला है। शहबाज भारत पर उकसाने का आरोप लगाते हुए लिखा: पाकिस्तान शांति को बढ़ावा देता है। फिर भी, हमें भारत की लगातार उकसावे और बदलते क्षेत्रीय माहौल की हकीकत से अनजान नहीं रहना चाहिए। हम अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत और आधुनिक बनाना जारी रखेंगे। हमें पता है आतंकवाद और विद.ेशी गुर्गों से कैसे निपटना है। उन्होंने भारत आपरेटेड जम्मू और कश्मीर (आईओजेके) को लेकर कहा कि वहां के लोग लंबे समय से आतंकवाद को सहन कर रहे हैं। उनकी आजादी की लड़ाई को बलपूर्वक दबाया नहीं जा सकता। भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 का युद्ध, जिसे सेकेंड कश्मीर वॉर के रूप में भी जाना जाता है। यह जंग जम्मू और कश्मीर के विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ा गया, जो 1947 में दोनों देशों के बीच बंटवारे के बाद से तनाव का प्रमुख कारण रहा है। यह 1 अगस्त से 23 सितम्बर, 1965 तक चला।

**पाकिस्तान के कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाकिस्तान को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था**

### 1 कश्मीर विवाद:

1947-48 के पहले भारत-पाक युद्ध के बाद, कश्मीर का कुछ हिस्सा भारत के नियंत्रण में (जम्मू और कश्मीर) और कुछ हिस्सा पाकिस्तान के नियंत्रण में (आजाद कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान) रहा। दोनों देश पूरे क्षेत्र पर दावा करते रहे, जिसके कारण तनाव बना रहा।

### 2 ऑपरेशन जिब्राल्टर:

1965 में, पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजकर स्थानीय विद्रोह को भड़काने की कोशिश की, जिसे 'ऑपरेशन जिब्राल्टर' कहा गया। इसका मकसद कश्मीर में भारत के खिलाफ विद्रोह को उकसाना था। हालांकि, यह योजना विफल रही, क्योंकि स्थानीय कश्मीरियों ने इसका समर्थन नहीं किया और भारतीय सेना को इसकी जानकारी मिल गई।

### 3 ऑपरेशन ग्रैंड स्लैम:

इसके बाद, पाकिस्तान ने कश्मीर के चंब-जौरियां क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य हमला शुरू किया, जिसके जवाब में भारत ने भी सैन्य कार्रवाई की। 1965 जंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी शेरमन टैंक को नष्ट किया। अगस्त 1965 में, पाकिस्तानी घुसपैठियों की गतिविधियों का पता चलने पर भारत ने जवाबी कार्रवाई शुरू की। 5 अगस्त को, दोनों पक्षों के बीच छिटपुट झड़पें शुरू हुईं।

1 सितम्बर को, पाकिस्तान ने चंब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया, जिसमें टैंक और भारी हथियारों का उपयोग किया गया। इसका मकसद जम्मू-कश्मीर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क को काटना था। भारत ने 6 सितम्बर को पंजाब सीमा पर लाहौर की ओर जवाबी हमला शुरू किया, जिससे युद्ध पूरे पश्चिमी मोर्चे पर फैल गया। भारतीय सेना ने सियालकोट और लाहौर के पास कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रवेश किया।



नई दिल्ली। आयोवा के गवर्नर किम रेनॉल्ड्स के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## नॉर्थ कोरिया में अमेरिका के सीक्रेट मिशन का खुलासा

**जासूसी के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना चाहते थे ट्रम्प, शुरू होते ही फेल हुआ**

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में एक अमे. रिका की नेवी सील टीम ने 2019 में नॉर्थ कोरिया के तट पर एक खुफिया मिशन चलाया था।

इस मिशन का मकसद नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग-उन की कम्युनिकेशन व्यवस्था की जासूसी करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना था। यह मिशन असफल रहा और इसमें निहत्थे नॉर्थ कोरियाई लोग मारे गए। जनवरी 2019 की एक सर्द रात को अमे. रिकी नेवी सील की एक टीम चुपचाप एक पनडुब्बी से निकली और नॉर्थ कोरिया के एक चट्टानी तट की ओर बढ़ी। इस टीम में वही सैनिक थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन को मारा था। उनका लक्ष्य किम जोंग-उन की जासूसी करना था ताकि अमे. रिका को परमाणु बातचीत में मदद मिल सके। यह मिशन इतना खतरनाक था कि इसकी मंजूरी खुद तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दी थी। हालांकि, यह मिशन शुरू होते ही विफल हो गया। एसईएएल टीम ने कई महीनों तक बर्फीले पानी में इस मिशन की तैयारी की। टीम को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अमेरिकी पनडुब्बी से भेजा जाना था। सील टीम को लगा कि तट पर कोई नहीं है। वे गहरे पानी में, नाइट-विजन चश्मे पहनकर और गीले कपड़ों में पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी कैंसर वैक्सीन 'उपयोग के लिए तैयार'

**मास्को।** कैंसर के इलाज के लिए रूस के वैज्ञानिकों की बनाई कैंसर वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार हो गई है। इस दवा को अब केवल रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमोदन की प्रतीक्षा है। रशिया टुडे, ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह वैक्सीन कैंसर के रोगियों के लिए आशा की नई किरण बन कर उभरी है। इस दवा ने अपने शुरुआती परीक्षणों में कैंसर में बनने वाली रसौली के आकार और वृद्धि को 80 फीसदी तक कम कर दिया है। रूस की फेडरल मेडिकल-बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्क्वोर्त्सोवा के अनुसार, इस नव-विकसित कैंसर वैक्सीन ने शुरुआती परीक्षणों में शानदार परिणाम दिया है और अब यह बाजार में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### हांगकांग में तूफान 'तापा' कमजोर पड़ा

**हांगकांग।** हांगकांग में आया तूफान तापा सोमवार अपराह्न के बाद को कमजोर पड़ गया और इससे संबंधित चेता. वनी के स्तर कम हो गई है। हांगकांग वेधशाला (एचकेओ) आज अपराह्न एक बजे के बाद तूफान कमजोर पड़ने के संकेत दिए है। तूफान तापाह के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा है और 100 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। जिससे सैकड़ों मुसाफिरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। उन्होंने रविवार रात को तेज़ हवाओं की चेतावनी देते हुए दूरदराज के द्वीपों पर रहने वालों को तुरंत घर लौटने की सलाह दी थी। प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया।

### जापान के सत्ताधारी दल में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के पद से इस्तीफा देते ही जापान के सत्ताधारी दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान शुरू हो गया है। पूर्व विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने सोमवार को इस पद के लिए अपना इरादा जाहिर करते हुए कहा कि वह अपना सारा राजनीतिक अनुभव देश और पार्टी के सेवा के लिए समर्पित करने हेतु कृत-संकल्प हैं। क्योदो न्यूज ने पार्टी सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि मंत्रिमंडलीय मुख्य सचिव योशिमासा हयाशी ने भी इस पद की उम्मीदवारी के लिए दावा किया है।

## टैरिफ पर खुद अमेरिका में ही घिरे ट्रम्प

### टैरिफ पर सुप्रीम सुनवाई के बीच बोले ट्रम्प के मंत्री: विपरीत फैसले का पड़ेगा खजाने पर असर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से लगाए गए भारी टैरिफ पर कानूनी विवाद गहराता जा रहा है। अगर देश की सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा, तो अमेरिकी सरकार को अब तक वसूले गए शुल्क का लगभग आधा हिस्सा वापस करना पड़ सकता है।

यह बयान खुद अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने दिया है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला हमारे खिलाफ दिया, तो हमें लगभग आधे टैरिफ की वापसी करनी होगी। यह अमेरिकी खजाने के लिए बहुत बुरा होगा...लेकिन अगर कोर्ट कहता है, तो हमें करना ही पड़ेगा। बता दें कि



**ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमेरिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है**

डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति रहते हुए लगभग सभी प्रमुख व्यापा. रिक साझेदार देशों पर भारी टैरिफ लगाए। उन्होंने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोना. मिक पावर्स एक्ट के तहत अप्रैल में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर यह कदम उठाया। ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमे. रिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। लेकिन अदालतों ने इस पर सवाल उठाए। मई 2025 में न्यूयार्क में मौजूद कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इन टैरिफ को अवैध करार दिया। 29 अगस्त 2025 को यूएस कोर्ट आफ अपील्स फार द फेडरल सर्किट ने 7.4 के फैसले में कहा कि टैरिफ लगाना कांग्रेस का अधिकार है, न कि राष्ट्रपति का। अदालत का कहना था कि ट्रम्प ने अपने संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण किया।

**आंकड़े सचेत कर रहे...**

**अमेरिकी खजाना:** अगर फैसला ट्रम्प के खिलाफ हुआ, तो सरकार को सैकड़ों अरब डालर वापस लौटाने होंगे, जिससे खजाना पर भारी दबाव पड़ेगा।
**अमेरिकी कंपनियां:** जो कंपनियां टैरिफ के कारण नुकसान झेल रही थीं, उन्हें राहत मिलेगी।
**वैश्विक व्यापार:** ट्रम्प के टैरिफ खत्म होने से दुनिया भर के व्यापारिक रिश्तों पर असर पड़ेगा, खासकर चीन, यूरोप और भारत जैसे देशों के साथ।
**राजनीतिक प्रभाव:** यह मामला ट्रम्प के 2024 चुनावी वादों और उनकी आर्थिक नीतियों की विश्वसनीयता को सीधे चुनौती देगा।

## रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर सख्ती सही

**कीव।** 6 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर युद्ध का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ और अन्य सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की से पूछा गया कि चीन में पीएम नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर उनका क्या कहना है और क्या उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने की योजना उलटी पड़ सकती है? इस पर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ सौदे जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा कि रूस की आक्रामकता को रोकने के लिए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम जरूरी हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति यूएस ओपन फाइनल में हूटिंग के शिकार

**इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली**

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूएस ओपन में शामिल हुए। फाइनल मैच से पहले कुछ देर के लिए एक लग्जरी बाक्स से हाथ हिलाते नजर आए। इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली।

कहीं, तालियां बजाई गईं, कहीं उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। आर्थर ऐश स्टेडियम उस समय तक पूरी तरह भरा नहीं था और ट्रम्प का अभिवादन भी न तो पहले से घोषित था और न ही बहुत देर तक चला। नतीजतन, कुछ लोग इसे देख भी नहीं पाए। ट्रम्प इस बार रोलेक्स के मेहमान के तौर पर आए थे, जबकि उनके प्रशासन ने हाल ही में स्विटजरलैंड से आने वाले उत्पादों पर 39 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है। आयोजक टीवी प्रसारण पर उनकी हूटिंग को रोकने की कोशिश कर रहे थे। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में घरेलू यात्राओं को मुख्य रूप से खेल आयोजनों तक ही सीमित रखे हुए हैं। वे पहले की तरह बड़ी चुनावी रैलियों की बजाय अब खेल मुकाबलों में दर्शकदीर्घा में नजर आते हैं। ट्रम्प की मौजूदगी के कारण सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई और पुरुष फाइनल का समय आधे घंटे पीछे खिसकाना पड़ा। इसका मतलब यह हुआ कि स्पेन के 22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज और इटली के 24 वर्षीय डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर के बीच मुकाबला देरी से शुरू हुआ।

## यूक्रेनी पीएम के ऑफिस पर रूस का हमला

**805 ड्रोन और 17 मिसाइलें दागीं, चार लोगों की मौत, जवाब में यूक्रेन ने रूसी पाइपलाइन उड़ाई**

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर रविवार को अब तक का सबसे बड़ा हवाई और ड्रोन हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकारी भवन में हमले के बाद आग लग गई। इसी भवन में यूक्रेनी पीएम ऑफिस सहित कई महत्वपूर्ण ऑफिस हैं।

अधिकारियों ने बताया कि देश भर में हुए हमलों में चार लोग मारे गए, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने कीव में मुख्य सरकारी इमारत को निशाना बनाया। यह साढ़े तीन साल की जंग में पहली बार हुआ है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने 805 ईरान-निर्मित शाहेद ड्रोन और डिकॉय लॉन्च किए। साथ ही 17 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। पलटवार करते हुए यूक्रेन ने रूस के दुझबा पाइपला. इन पर ड्रोन हमला किया। जिससे रूस से हंगरी और स्लोवाकिया को तेल सप्लाई होता है। दमकलकर्मियों ने इमारत पर लगी आग को बुझाया और बचाव दल ने इमारत में लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऐसे समय में जब बातचीत बहुत पहले शुरू हो सकती थी, हत्याएं जानबूझकर किया गया अपराध है। यह युद्ध को लम्बा खींचने का प्रयास है। उन्होंने हमलों को रोकने के लिए दुनिया से मदद मांगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसर और परिवहन बुनियादी ढांचे पर हमले किये हैं, जिससे हथियारों और सैन्य उपकरणों के गोदामों को नुकसान पहुंचा है। बता दें कि 15 अगस्त को रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अलास्का में हुई मुलाकात के बाद रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। यूक्रेन रूसी रिफाइनरियों को टारगेट कर रहा है तो रूस आम यूक्रेनियों को निशाना बना रहा है। यूक्रेनी पीएम यूलिया स्वायरडेंको ने रूस के इस हमले का जवाब देने के लिए और हथियारों की मांग की और वैश्विक समुदाय से अपील की कि वे रूसी हमलों के खिलाफ प्रतिक्रिया दें।

## गाजा में इजरायली सेना का हमला, 50 की मौत

### 50 से ज्यादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट किया, 100 अन्य आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा कम से कम 50 फलस्तीनी मारे गए हैं। फलस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है।

वाफा के अनुसार मारे गए लोगों में से 46 लोग परिक्षेत्र के उत्तरी भाग के निवासी थे। गाजा नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने एक बयान में कहा कि रविवार सुबह से इजरायली सेना ने 50 से जयादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और 100 अन्य को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिनमें हज़ारों नागरिकों के आवास वाली ऊंची इमारतें भी शामिल हैं। बसल ने इस दिन को 18 मार्च के बाद से 'युद्ध के सबसे कठिन दिनों में से एक' बताया। इस बीच, इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा है कि उसने गाजा शहर में एक और ऊंची इमारत पर हमला किया। इसका इस्तेमाल हमास ने किया था। आईडीएफ ने कहा कि हमास के आतंकवादियों ने इलाके में आईडीएफ सैनिकों की स्थिति पर नज़र रखने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने वाले उपकरण लगाए थे और निगरानी चौकियां स्थापित की थीं। आईडीएफ हालांकि इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। वहीं, हमास ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि जिन ऊंची इमारतों को निशाना बनाया गया, वे आवासीय इमारतें थीं। जैसे-जैसे इज़राइली सेना गाजा शहर में अपने अभियान पर आगे बढ़ रही थी, स्थानीय निवासी विस्थापित हो रहे हैं। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि गाजा में हज़ारों लोग एक बार फिर अपने घरों से विस्थापित हो रहे हैं। लगातार हमलों के कारण लोगों के घर उजड़ गए हैं और लोग छोटे, असुरक्षित इलाकों में सिमट गए हैं। एजेंसी ने कहा कि इमारतों, स्कूलों, आश्रयों और अस्पतालों के नष्ट हो जाने से भोजन, स्वच्छ पानी और अन्य आवश्यक आपूर्ति तक लोगों की पहुंच बेहद सीमित हो गई है। कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है, कोई भी सुरक्षित नहीं है।



**स्वतंत्र फलस्तीनी समिति के गठन के बदले बंधकों की रिहाई पर चर्चा को हमास तैयार**

## पाक में मंत्रियों समेत हजारों का डेटा लीक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में केंद्रीय मंत्रियों समेत हजारों लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया है। लीक हुआ डेटा ऑनलाइन बिक्री के लिए भी उपलब्ध है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, ऑनलाइन बिक्री के लिए जो डेटा उपलब्ध है, उसमें मोबाइल सिम, काल लाग, राष्ट्रीय पहचान पत्र और विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल है। जिन लोगों के डेटा लीक हुए हैं, उनमें कई केंद्रीय मंत्री और पार्टियों के प्रवक्ता शामिल हैं।

पाकिस्तान में डेटा लीक की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। यहां तक कि जिन वेबसाइट्स से डेटा लीक होने की शिकायत हुई, उनके खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोबाइल लोकेशन का डेटा सिर्फ 500 रुपये में ऑनलाइन बिक रहा है। वहीं मोबाइल रिकॉर्ड का डेटा 2000 रुपये और विदेश दौरों की जानकारी पांच हजार रुपये में मिल रही है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनका उत्पीड़न किया जा सकता है। डेटा लीक को लेकर पाकिस्तान की आम जनता में भारी नाराजगी है। लोगों की मांग है कि डेटा लीक के लिए लोगों की जवाबदेही तय की जाए और ये पता लगाया जाए कि इस डेटा लीक के पीछे कौन है।

पाकिस्तान के गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए 14 सदस्ईय टीम गठित की गई है और जांच समिति दो हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। गौरतलब है कि सोशल मीडिया और आईटी के इस युग में डेटा लीक एक बड़ी समस्या बन गया है। बीते दिनों साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञों ने बताया था कि 16 अरब लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया था। इसे इंटरनेट इतिहास की सबसे बड़ी डेटा चोरी बताया जा रहा है।




**संवेदनशील जानकारी ऑनलाइन बिक रही, मोबाइल सिम कॉल लॉग, राष्ट्रीय पहचान पत्र व विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल**

## यरुशलम में बंदूकधारियों की गोलीबारी, पांच मरे, 15 घायल

**यरुशलम।** उत्तरी यरुशलम में सोमवार को एक बस स्टॉप पर दो हमलावरों की अंधाधुंध गोल. ीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और 15 अन्य जख्मी हो गए। घायलों में सात की हालत गंभीर है। सीएनएन ने बताया कि एक सुरक्षा अधिकारी और एक नागरिक ने हमला होने के तुरंत बाद हमलावरों को गोली मार दी, जिससे हमला रुक गया। पुलिस ने हमलावरों की पहचान के बारे में कोई जानकारी देने से मना कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खुद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात की। हमले के वीडियो फुटेज में सुबह के समय व्यस्त चौराहे पर स्थित एक बस स्टॉप से दर्जनों लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे चिकित्सा दल ने बताया कि इलाके में अफरा-तफरी का माहौल था और कई जगह कांच बिखरा हुआ था। घायल और बेहोश लोग सड़क तथा बस स्टॉप के पास फुटपाथ पर पड़े हुए थे। फलस्तीनी चरमपंथी समूहों की ओर से इस हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108